# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 13 अप्रैल 2025 रविवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 319 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1984:** भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 58 रनों से हराकर पहली बार एशिया कप जीता।

**2000:** लारा दत्ता मिस यूनिवर्स बनी।

**2003:** एल.टी.टी.ई. ने टोकियो सहायता सम्मेलन का बहिष्कार किया।

**2005:** विश्वनाथन आनन्द चौथी बार 'विश्व शतरंज चैम्पियन' बने।

**2013:** पेशावर में बस में धमाके से आठ लोगों की मौत हो गयी।

# झारखंड में लोकतंत्र की नींव मजबूत : मुख्य चुनाव आयुक्त

## प्रेस कांफ्रेंस में ज्ञानेश कुमार ने कहा– ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** चुनाव आयुक्त ने साफ किया है कि भारत का ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। इससे पहले अमेरिका की खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भारत की चुनाव आयोग से सवाल किए थे। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इन दिनों झारखंड दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने रामगढ़ जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले उन्होंने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और हवन किया। मंदिर में दर्शन के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सीसीएल गेस्ट हाउस, रजरप्पा में 'एक्सपीरियंस शेयरिंग कार्यक्रम' में भाग लिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने लोकसभा और विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान सेवा देने वाले वॉलंटियर्स से बातचीत की। वॉलंटियर्स ने अपने चुनावी अनुभव साझा किए, जिन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने गंभीरता से चर्चा की और उनकी सराहना की। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार, एडिशनल सीईओ नेहा, रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार समेत जिले के अन्य अधिकारी एवं बड़ी






संख्या में वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि झारखंड की देवभूमि पर आकर यहां के लोकतांत्रिक उत्साह को देखकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि वॉलंटियर्स के साथ संवाद कर यह स्पष्ट हुआ कि झारखंड में लोकतंत्र की नींव मजबूत है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि 18 वर्ष की आयु पूरी होते ही अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि झारखंड में वर्तमान में निर्वाचन से जुड़ी कोई अपील जिला अधिकारियों या राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय में लंबित नहीं है। उन्होंने कहा, 'निर्वाचन आयोग की यह प्राथमिकता रही है कि हर मतदाता तक सही सूचना पहुंचे और उन्हें मतदान का अधिकार पूरी सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ मिले।

### ईवीएम पर जताया भरोसा

ज्ञानेश कुमार ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर जोर देते हुए कहा कि भारत में उपयोग हो रही ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता पर भी भरोसा जताते हुए कहा, 'भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पूरी तरह से सुरक्षित हैं। ईवीएम इंटरनेट, ब्लूटूथ या इंफ्रारेड से कनेक्ट नहीं होतीं, इसलिए इन्हें हैक या टेंपर करना संभव नहीं है। वोट डालने पर जिस प्रत्याशी के लिए बटन दबाया जाता है, उसी का वीवीपैट स्लिप निकलता है। अब तक 5 करोड़ से ज्यादा वीवीपैट स्लिप्स की गणना की जा चुकी है और ईवीएम व वीवीपैट में किसी प्रकार का कोई अंतर नहीं पाया गया है।' उन्होंने यह भी कहा कि भारत निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करता है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पूर्णतः पारदर्शी और सुरक्षित रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त के रामगढ़ आगमन को लेकर चुट्टूपालु घाटी से लेकर रजरप्पा मंदिर और गेस्ट हाउस तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। प्रेस कांफ्रेंस और वॉलंटियर्स से बातचीत के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पतरातू के लिए रवाना हुए।

# राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, तीन महीने में बिल पर फैसला अनिवार्य : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संबंध में बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में राष्ट्रपति को फैसला लेने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अवधि से अधिक देरी होने पर उचित कारण बताए जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति को तीन महीने की अवधि तय कर दी। यह फैसला तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि से जुड़े एक मामले के संबंध में आया। अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की इस कार्रवाई को अवैध और गलत घोषित किया। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा 10 विधेयकों को नवंबर 2023 में राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया जबकि राज्य विधानसभा उन पर पहले ही पुनर्विचार कर चुकी थी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास किसी विधेयक पर 'पूर्ण वीटो' का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है, 'हमें कोई कारण नहीं दिखता कि यही मानक अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति पर भी लागू क्यों नहीं होगा।' पीठ ने अपने 415 पन्नों के फैसले में कहा, 'राष्ट्रपति इस डिफॉल्ट नियम का अपवाद नहीं है जो हमारे पूरे संविधान में व्याप्त है। ऐसी बेलगाम शक्तियां इन संवैधानिक पदों में से किसी में भी नहीं रह सकतीं।' पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि बिना किसी औचित्य या आवश्यकता के अनुच्छेद 201 के तहत संदर्भ पर निर्णय लेने में राष्ट्रपति की ओर से की गई देरी, इस बुनियादी संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध होगी कि शक्ति का प्रयोग मनमाना और स्वेच्छाचारी नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, 'निष्क्रियता के परिणाम गंभीर प्रकृति के हैं और संविधान के संघीय ढांचे के लिए हानिकारक हैं। इसलिए अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति की ओर से अनावश्यक देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा, 'हालांकि हम इस तथ्य से परिचित हैं कि अनुच्छेद 201 के तहत अपनी शक्तियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रपति से विधेयक पर 'विचार' करने की अपेक्षा की जाती है।

# आईईडी ब्लास्ट में जवान शहीद, एक अन्य घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ और आईईडी ब्लास्ट में झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान शहीद हो गए। वहीं मुठभेड़ में कोबरा का एक जवान घायल भी हुआ है। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था, लेकिन इलाज के क्रम में सुनील शहीद हो गए। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान नक्सलियों के द्वारा पहले से जमीन के नीचे लगा कर रखे गए आईईडी में ब्लास्ट किया गया। ब्लास्ट में 203 कोबरा बटालियन के आरओ विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया। लेकिन इलाज के क्रम में घायल सुनील



धान ने दम तोड़ दिया। झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त हुए हैं। सुनील झारखंड के खूंटी जिला के रहने वाले थें। जानकारी के अनुसार नक्सलियों के द्वारा दो बार आईईडी ब्लास्ट किया गया, ब्लास्ट में ही सुनील को गंभीर चोट लगी थी। ब्लास्ट के बाद नक्सलियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग भी की गई है, जिसका सुरक्षाबलों ने करारा जवाब दिया है। इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवानों के द्वारा अभी भी अभियान जारी है।

# प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के मसौढ़ी में शनिवार को एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पूरनचक निवासी छोटन यादव उर्फ मुकेश कुमार के रूप में हुई है। छोटन यादव विजय मार्केट में मां गार्मेंट नाम की रेडीमेड की दुकान चलाते थे। वह दुकान से अपने एक मित्र के साथ जहानाबाद जाने के लिए बाइक से निकले थे। इस दौरान बोलेरो से आए 5-6 अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग जान बचाने के लिए भाग गए। अपराधी आराम से मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मसौढ़ी थाना प्रभारी अनिल कुमार ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के 8 खोखे बरामद किए हैं। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया है। मसौढ़ी अनुमंडल पदाधिकारी नव वैभव के अनुसार एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाइड की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के मुताबिक मुकेश पहले वह होटल में खाना खाने के लिए गया था। जहां भीड़ के कारण वह बाहर रोड पर आ गया, उसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे गोलियों से भून दिया।

# मुर्शिदाबाद हिंसा में तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुर्शिदाबाद/ कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। हिंसक प्रदर्शन के दौरान यहां तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं मामला गंभीर होता देख कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। इस हिंसा के दौरान अब तक 138 से ज्यादा उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। मुर्शिदाबाद हिंसा में दो और लोगों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति अभी भी काफी तनावपूर्ण है। कलकत्ता हाइकोर्ट ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इस जिले के प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

# झारखंड में इस साल होगी नौकरियों की भरमार

- जेएसएससी ने जारी किया लंबित परीक्षाओं का कैलेंडर
- वर्ष भर में 39 हजार पदों पर नियुक्ति होने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने लंबित परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इस साल यानी 2025 में आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा और रिजल्ट प्रकाशन की घोषणा कर दी है, जिसके तहत इस साल राज्य में करीब 39 हजार पदों पर नियुक्ति होने की संभावना है। आयोग द्वारा जारी कैलेंडर के मुताबिक झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का रिजल्ट अगले महीने यानी मई में प्रकाशित किया जाएगा। पिछले साल 488 पदों के लिए 8 सितंबर से 13 सितंबर और 18 सितंबर से 20 सितंबर तक परीक्षा आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का विज्ञापन आयोग ने 9 सितंबर 2023 को जारी किया था। इसी तरह आयोग ने 15 जून 2023 को प्रकाशित मैट्रिक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का रिजल्ट जुलाई 2025 में जारी करने का निर्णय लिया है। 455 पदों के लिए होने वाली इस भर्ती के लिए 29 सितंबर 2024 को ओएमआर के माध्यम से परीक्षा आयोजित की गयी थी। शारीरिक दक्षता के कारण विवादों में आयी झारखंड आबकारी सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 जिसका विज्ञापन 24 मई 2023 को जारी हुआ था, उसका रिजल्ट नवंबर 2025 में घोषित होने की संभावना आयोग ने जताई है। इसके तहत 580 पदों पर आबकारी सिपाहियों की बहाली होनी है।




### साल के अंत में सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा का रिजल्ट

राज्य में 26001 सहायक आचार्य की नियुक्ति के मामले में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि इसका रिजल्ट इस साल के अंत तक जारी कर दिया जायेगा। आयोग के कैलेंडर के अनुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य का रिजल्ट अगस्त से नवंबर 2025 के बीच जारी किया जाएगा, जबकि इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य का रिजल्ट जनवरी 2026 तक जारी होने की संभावना है। इससे पहले इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 1 से 5, पत्र दो की पंचपरगनिया और कुरमाली तथा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 6 से 8 पत्राचार उर्दू की पुनः परीक्षा आयोग द्वारा जून 2025 में ली जाएगी। आयोग ने झारखंड वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा 2025 को डीबीटी के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया है और इसे जुलाई 2025 में आयोजित करने और सितंबर 2025 में इसका परिणाम घोषित करने की संभावना जताई है। झारखंड पुलिस अवर निरीक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के माध्यम से राज्य में 975 पदों पर पुलिस की भर्ती की जाएगी, जिसका विज्ञापन मई 2025 में जारी किया जाएगा और इसकी परीक्षा अक्टूबर 2025 में आयोजित करने की तैयारी की गई है। आयोग ने इसका परिणाम जनवरी में घोषित करने की संभावना जताई है। आयोग के सचिव सुधीर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबित परीक्षाओं को प्राथमिकता के आधार पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, इसके तहत परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया है ताकि छात्रों को जानकारी मिल सके।




### विवि की शैक्षणिक-प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों की मिलेगी जानकारी, खेल को बढ़ावा देना उद्देश्य

# बिहार खेल विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट का लोकार्पण



**नालंदा, एजेंसी।** बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार खेल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण किया है। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित इस समारोह में कुमार ने राज्य में खेल विकास की गाथा साझा की और आने वाले समय में इस क्षेत्र में होने वाली प्रगति पर प्रकाश डाला। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा की बिहार खेल विश्वविद्यालय पूरे हिंदुस्तान में एक आधुनिक विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच के कारण ही राज्य के अंदर 6800 खेल मैदानों का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। मंत्री कुमार ने अपने राजनीतिक सफर का एक रोचक किस्सा भी साझा किया।

उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना था, तब खेल के लिए मात्र दो पैसे का बजट था। तब मैंने चिंता जताई थी कि इतने कम बजट में बिहार के खिलाड़ी कैसे आगे बढ़ पाएंगे। मेरी यह मांग थी कि शिक्षा की तरह खेलों पर भी पर्याप्त खर्च होना चाहिए, और आज वह सपना साकार होता दिख रहा है।

## मेडल लाओ, नौकरी पाओ अभियान की भी सराहना

कुमार ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छे हैं, बल्कि दिमागी विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने हाल के दिनों में हॉकी की बढ़ती लोकप्रियता का भी उल्लेख किया। इस अवसर पर उपस्थित सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा की वेबसाइट के लॉन्च होने से पूरी दुनिया को बिहार खेल विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और सुविधाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपनों को साकार करने में हम सभी प्रतिबद्ध हैं।÷ उन्होंने सरकार की ओर से शुरू किए गए मेडल लाओ, नौकरी पाओ अभियान की भी सराहना की, जिसने युवाओं को खेल के प्रति अधिक प्रेरित किया है।

## नई वेबसाइट विश्वविद्यालय की जानकारी देगी

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, भा.प्र.से. (से.नि.) ने की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रजनी कांत, भा.प्र.से. (से.नि.), परीक्षा नियंत्रक-सह-संकायाध्यक्ष निशिकांत तिवारी और वित्त पदाधिकारी मुकेश सम्राट भी उपस्थित थे। नई वेबसाइट विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों की जानकारी प्रदान करेगी। यह छात्रों, अभिभावकों और खेल जगत से जुड़े सभी हितधारकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इस पहल से विश्वविद्यालय की डिजिटल उपस्थिति मजबूत होगी और पारदर्शिता एवं सूचना के त्वरित प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। बिहार खेल विश्वविद्यालय की स्थापना राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए की गई है और यह वेबसाइट इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। राजगीर स्थित यह विश्वविद्यालय आने वाले समय में न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के खेल परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## वक्फ बिल से मिलेगा मुस्लिम समर्थन विधानसभा चुनाव में नीतीश के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनावः दीपक प्रकाश

**जमुई, एजेंसी।** बीजेपी के बिहार चुनाव सह प्रभारी दीपक प्रकाश ने जमुई में महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। बिहार में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहा है। प्रकाश ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पार्टी कार्यकर्ता बिहार में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए जुटे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी चुनाव एनडीए गठबंधन के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। वक्फ बिल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा जमीन हड़पने का काम वक्फ के लोगों ने किया है। ये लोग कांग्रेस, राजद और ममता बनर्जी से जुड़े हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के निर्णय से नए वक्फ विधेयक का कानून बन गया है। उन्होंने दावा किया कि यह कानून गरीबों और वंचितों के लिए आर्थिक संसाधन बनेगा। इससे मुस्लिम समुदाय का समर्थन भी बीजेपी को मिलेगा।

### सिर्फ चुनाव में आते हैं कन्हैया

कन्हैया कुमार पर तंज कसते हुए प्रकाश ने कहा कि वह सिर्फ चुनाव में आते हैं और जमानत तक नहीं बचा पाते। उन्होंने कन्हैया को कांग्रेस का चाटुकार बताते हुए कहा कि अब उनकी कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। ये सभी बातें उन्होंने जमुई में एक निजी भवन में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहीं।





## अमृत भारत ही नहीं बिहार के इस स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन भी चलेगी

### दोनों का रूट अलग

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चुनावी साल में बिहार को रेलवे की ओर से नई आधुनिक ट्रेनों की सौगात मिलने वाली है। बिहार की दूसरी अमृत भारत ट्रेन की शुरुआत इसी महीने होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को सहरसा-नई दिल्ली अमृत भारत ट्रेन को मधुबनी से हरी झंडी दिखा सकते हैं। इस बीच जानकारी मिली है कि सहरसा से दिल्ली के लिए एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई जाएगी। हालांकि, इसका रूट अमृत भारत से अलग होगा। समस्तीपुर रेल मंडल ने सहरसा स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने की कवायद कीजा रही है। इसे लेकर वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियरिंग विभाग ने काम तेज कर दिया है। विभाग की ओर से बताया गया कि सहरसा स्टेशन पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए ओएचई को संशोधित कर लगाया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर होकर चलेगी वंदे भारत ट्रेन

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सहरसा से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन का संचालन मुजफ्फरपुर के रास्ते किया जाएगा। तैयारी पूरी होने के बाद इसका टाइम टेबल जारी किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस ट्रेन को मुजफ्फरपुर से दिल्ली पहुंचने में महज 13 घंटे का समय लगेगा। सहरसा से यह ट्रेन खुलकर बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, डीडीयू, लखनऊ के रास्ते नई दिल्ली पहुंचेगी।

### दरभंगा होकर चलेगी अमृत भारत ट्रेन

वहीं, सहरसा से दिल्ली के लिए प्रस्तावित अमृत भारत ट्रेन को दरभंगा, सीतामढ़ी होकर चलाया जाएगा। 24 अप्रैल को पीएम मोदी मधुबनी रैली में इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इस ट्रेन का रैक पिछले दिनों बिहार पहुंच गया था। समस्तीपुर रेल मंडल की ओर से नई अमृत भारत ट्रेन का ट्रायल भी किया है। सहरसा स्टेशन पर ही वंदे भारत और अमृत भारत का मेंटनेंस किया जाएगा।

# बेगूसराय में बदमाशों ने दुकानदार को मारी गोली, घायल

### बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम, पुलिस बोली- आपसी विवाद में वारदात की आशंका

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में बदमाशों ने दुकानदार अमन कुमार (28) को गोली मार दी। घायल दुकानदार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के हर्रख मोहल्ले का है, जहां बेखौफ बदमाशों ने भीड़-भाड़ वाले मोहल्ले में एक दुकानदार को गोली मार दिया। घायल दुकानदार की पहचान हर्रख निवासी राजेन्द्र यादव के बेटे अमन कुमार के रूप में की गई है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही सदर-वन एसडीपीओ सुबोध कुमार और नगर थानाध्यक्ष अरुण कुमार अस्पताल पहुंचे तथा घटना के संबंध में जानकारी ली। इधर, पुलिस की टीम गोली चलाने वाले बदमाशों की पहचान और उसके गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

### पीछे से पीठ में मारी गोली

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अमन कुमार हर्रख पानी टंकी के समीप सब्जी और किराना का दुकान चलाता है। रात में वह दुकान बंद करने की तैयारी कर रहा था। तभी दो बदमाश आए और पीछे से पीठ में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो



बदमाश भाग निकले। इसके बाद आनन-फानन में उसे उठाकर सदर अस्पताल लाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मोहल्ले में अपराधियों का जमावड़ा रहता है। एक महीने पहले भी 10 राउंड गोली चलाई गई, पुलिस को सूचना दिया। पुलिस पहुंची थी, लेकिन वहां खोखा नहीं मिला तो पुलिस ने कह दिया कि गोली नहीं चली, वह पटाखा था। यहां बराबर घटना होते रहता है, टाइगर मोबाइल बदमाशों से मिली हुई है। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### क्या बोली पुलिस

घटना के संबंध में सदर-वन डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि हर्रख पानी टंकी के पास अमन कुमार सब्जी और किराना की दुकान चलाते हैं। बताया है कि नीचे से आलू अंदर रख रहे थे, तभी चेहरा ढंके हुए दो व्यक्ति आए और पीछे गोली मार दी। गोली मारने के बाद दोनों बदमाश बाइक से भाग निकले। आशंका है कि किसी आपसी विवाद में गोली मारी गई है। घायल अभी कुछ बता नहीं पा रहे हैं, स्थिति खतरे से बाहर है।

## क्रिकेट बॉल को लेकर विवाद, पिता-पुत्री घायल

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सोनो थाना क्षेत्र के सारेवाद गांव में शुक्रवार की शाम क्रिकेट बॉल को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जहां दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से लक्ष्मी कुमारी और उनके पिता कृष्णा साव घायल हो गए। बताया गया कि लक्ष्मी का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया। जबकि उनके पिता कृष्णा साव की एक उंगली कट गई। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। पीड़िता लक्ष्मी कुमारी ने गांव के रोहित साव, उनकी पत्नी प्रियंका देवी और शंकर साव पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है। बताया कि विवाद की शुरुआत तब हुई जब क्रिकेट खेलते समय बॉल लक्ष्मी के घर में चली गई।



बॉल पुआल में गिरी थी और घर करकट से बना था। लक्ष्मी ने बच्चों को बॉल बाद में लौटाने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। लक्ष्मी ने बताया कि पहले उनके पिता के साथ मारपीट की गई। जब वह और उनकी मां बचाने गईं तो सभी घर लौट आए। कुछ देर बाद रोहित साव और प्रियंका देवी तलवार लेकर घर में घुस आए। दोनों घायलों को पहले सोनो अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया।लक्ष्मी ने बताया कि वह माइके आई हुई थी,ससुराल दिल्ली में है।

### जांच में जुटी पुलिस

सोनो थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बोचहां में आवास योजना का दे दिया दोहरा लाभ


**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बल्थी रसूलपुर पंचायत में साल 2016-17 में 33 लाभार्थियों को अवैध तरीके से आवास योजना का दोहरा लाभ दे दिया गया। 50,000 के हिसाब से साढ़े 16 लाख रुपए आवंटित भी कर दिए गए। इसको लेकर बीडीओ प्रिया कुमारी ने 33 लोगों को नोटिस भेजा है। इसमें से छह लोगों ने तीन लाख रुपये वापस किया है। बीडीओ ने बताया कि एक हफ्ते के अंदर बचे लोगों ने राशि जमा नहीं की तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, इन लाभार्थियों ने अलग-अलग किस्तों में और अलग-अलग पहचान पत्रों का उपयोग कर दो बार योजना का लाभ उठाया है। इंदिरा आवास पर्यवेक्षक राघवेंद्र कुमार ने बताया कि लाभार्थियों को फरवरी माह में नोटिस भेजा गया था। मुखिया रिंकू देवी व समाजसेवी राजीव कुमार यादव ने बताया कि बड़ी अनियमितता है। बताया कि योजना के चयन में पारदर्शिता बरतने की जरूरत है।

## नालंदा के 10 प्रखंडों में बर्बाद हुई फसलः तेज आंधी और बारिश से जिले के किसानों को भारी नुकसान

### प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में गुरुवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, जिले के 20 में से 10 प्रखंडों की 96 पंचायतों में फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। गेहूं, मक्का, प्याज, पान, हरी सब्जी, आम, चीना, मूंगफली और उद्यानिक फसलें इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गई हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें शुक्रवार से ही खेतों में उतरकर क्षति का आकलन कर रही हैं। जिला कृषि विभाग द्वारा प्रारंभिक रिपोर्ट कृषि निदेशालय को भेज दी गई है, हालांकि सर्वे की प्रक्रिया अभी जारी है और क्षति का आंकड़ा बढ़ सकता है।

**सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र :** विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान बिहारशरीफ प्रखंड में हुआ है, जहां 21 पंचायतों में गेहूं, मक्का, चीना, मूंगफली और उद्यानिक फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। नूरसराय की 17 पंचायतों में गेहूं और मक्का की फसलें तबाह हो गई हैं, जबकि एकंगरसराय की 11 पंचायतों में मक्के की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। रहुई की 16 और सिलाव की 10 पंचायतों में भी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। थरथरी की 7 पंचायतों में प्याज और मक्का, इस्लामपुर की 3



पंचायतों तथा राजगीर की एक पंचायत में पान के बरेजे और फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं।

**किसानों को मिलेगा मुआवजा :** इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि एक वर्षीय फसलों के लिए प्रति हेक्टेयर 13,500 रुपए तथा बहुवर्षीय फसलों के लिए 18,000 रुपए मुआवजा देने का प्रावधान है। अभी फाइनल सर्वे रिपोर्ट बननी बाकी है। क्षति का पूरा आकलन होने के बाद रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी, जिसके बाद आवेदन के लिए तिथि जारी की जाएगी। जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आम, लीची, अमरूद, पान, केला समेत अन्य बहुवर्षीय फसलों को हुए नुकसान का भी मुआवजा किसानों को दिया जाएगा।

## प्रशांत किशोर ने अगले दस दिन के अंदर बिहार बदलाव यात्रा पर निकलने का किया ऐलान

**पटना, एजेंसी।** जन सुराज पार्टी की पटना के गांधी मैदान में पहली रैली से प्रशांत किशोर ने अगले दस दिन के अंदर बिहार बदलाव यात्रा पर निकलने का ऐलान किया है। प्रशांत किशोर ने लगभग 8 मिनट के भाषण में रैली में आ रहे लोगों को रोकने की कोशिश का आरोप लगाया और इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लपेटा। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने पहले से बताने के बाद भी कोई इंतजाम नहीं किया जिसके कारण पटना के इर्द-गिर्द 2 लाख से ज्यादा लोग बसों में भूख-प्यासे जाम में फंसे हैं। पीके ने कहा कि वो घंटों प्रशासन के हाथ-पैर जोड़ते रहे लेकिन कुछ नहीं हुआ। उन्होंने रैली में आए लोगों से नीतीश सरकार और अफसरशाही को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया और दावा किया कि छह महीने बाद राज्य में जनता की सरकार बनेगी। चुनाव रणनीतिकार के तौर पर 2015 के चुनाव में नीतीश कुमार के साथ किए काम का जिक्र करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर उन्होंने मदद नहीं की होती तो आज नीतीश संन्यास लेकर कहीं बैठे होते। पीके ने नीतीश की 2015 की जीत का श्रेय लेने की कोशिश करते हुए कहा कि जो शादी कराता है, वही श्राद्ध भी कराता है। उन्होंने कहा कि



जन सुराज पार्टी नीतीश कुमार का राजनीतिक श्राद्ध करेगी। रैली में प्रशांत किशोर ने लोगों से आह्वान किया कि जैसे लालू का जंगलराज खत्म किए, वैसे ही नीतीश के अफसरों का राज उखाड़ने का संकल्प लीजिए। पांच घंटा गांधी मैदान में रुकेंगे,एक-एक आदमी से मिलेंगे जो आए हैं। प्रशांत किशोर ने रैली में कहा कि पिछली बार कहा था कि प्रशासन पर केस करेंगे तो आकर समझौता किया था, कि हमारी क्या गलती है।

आज फिर प्रशासन ने धोखा दिया है। इनको सबक सिखाएंगे। पीके ने कहा कि प्रशासन की मदद से नीतीश ने लोगों को रोकने का काम किया है। जो शादी कराता है, वही श्राद्ध कराता है। 2015 में हम मदद नहीं किए होते तो आज नीतीश कुमार कहीं संन्यास लेकर बैठे होते। आज होशियार बन रहे हैं। इनका राजनीतिक श्राद्ध जन सुराज करेगी। रैली में आए लोगों से प्रशांत किशोर ने कहा कि जितने लोग आए हैं, यहीं रुकिए, आपसे यहीं मिलेंगे, खाना खाएंगे आपके साथ, फोटो भी खिचाएंगे। दस दिन के अंदर बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत करेंगे। आज जो इन लोगों ने पाप किया है, उसका पूरा हिसाब आपके गांव, आपके प्रखंड में आकर लेंगे। पीके ने कहा कि जनता का राज चाहिए, तो छह महीने के लिए कमर कस लो, नवंबर में आपको जनता की सरकार बनाकर देंगे प्रशांत किशोर ने रैली में आए लोगों से पूछा कि नीतीश कुमार को उखाड़ कर फेंकना है, कि नहीं फेंकना है। मोदी जी आकर कहेंगे कि नहीं फेंकना है तो नहीं मानेंगे ना। लालू का जंगलराज नहीं चाहिए ना। बिहार में बदलाव चाहिए कि नहीं चाहिए। लालू, मोदी, नीतीश का राज चाहिए कि जनता का राज चाहिए।

## समस्तीपुर में स्कूल हेडमास्टर की हार्ट अटैक से मौत

**समस्तीपुर, एजेंसी।** उजियारपुर के पूर्व विधायक और वर्तमान BJP नेता दुर्गा प्रसाद सिंह के बेटे संदीप कुमार (49) का निधन हो गया। संदीप कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय देसुआ पतेली में हेडमास्टर के पद पर कार्यरत थे। स्कूल से लौटने के बाद शाम करीब 8 बजे उन्हें सीने में दर्द हुआ। वो अचानक बेहोश हो गए। हालत बिगड़ने पर उन्हें रात 9 बजे उजियारपुर PHC ले जाया गया, वहां से डॉक्टरों ने समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



**10 वर्षों से प्रधानाध्यापक के रूप में दे रहे थे सेवा :** संदीप कुमार दुर्गा प्रसाद सिंह के दूसरे बेटे थे। उनके दो बच्चे हैं, जो पटना में रहकर पढ़ाई करते हैं। घटना के समय पूर्व विधायक दुर्गा प्रसाद सिंह निजी कार्य से पटना गए हुए थे। स्थानीय वार्ड सदस्य उपेंद्र सहनी ने बताया कि समस्तीपुर सदर अस्पताल में 10-15 मिनट तक कोई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। स्कूल की शिक्षिका तरन्नुम परवीन के अनुसार, संदीप कुमार पिछले 10 वर्षों से स्कूल में प्रधानाध्यापक के रूप में सेवा दे रहे थे।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 12-04-2025 22:47 Page 1



# महावीर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



## जय श्रीराम, जय हनुमान के नारों से भक्तिमय हुआ माहौल

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*पटना। बिहार समेत पूरे देश के हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। पटना के महावीर मंदिर में भगवान हनुमान की जयंती को लेकर खास तैयारी की गई है। एक दिन पहले ही पूरे मंदिर परिसर को सजा दिया गया था। शनिवार को अहले सुबह महावीर मंदिर के गर्भ गृह का पट खुलते ही 'जय सियाराम', 'रामलला की जय' और 'जय हनुमान' की जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। अवसर पर जिले के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान हनुमान के दर्शन किए। दोपहर में पुरूषों की भीड़ कम हुई पर महिलाओं की कतार लगी रही है।*

*शाम चार बजे के बाद फिर भक्तों की काफी भीड़ बढ़ गई। पर मंदिर प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन के लिए व्यवस्था दुरूस्त रखी थी।*

*न्यास समिति के सदस्य और आचार्य कुणाल किशोर के पुत्र सायण कुणाल का कहना है कि भीड़ के बावजूद मंदिर में भक्तों को पूजा अर्चना करने में किसी तरह की कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा गया था। भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। भक्तों के लिए हर जरूरी सुविधा की व्यवस्था रखी गई थी। हनुमान जयंती के मौके पर रात तक करीब 70 से 75 हजार भक्तों ने पूजा की और रात तक करीब नौ हजार किलो नवैद्यम की बिक्री हुई।*

*वहीं धर्मायण के संपादक पं. भवनाथ झा ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य ने 'वैष्णव मताब्ज भास्कर' में कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हनुमान जी के जन्म का स्पष्ट उल्लेख किया है। कपियों में श्रेष्ठ हनुमानजी का जन्म अंजना के गर्भ से कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष के 14 वें दिन हुआ था।*

*उनके जन्म दिन के अवसर पर व्रत, उत्सव आदि करना चाहिए। जगद्गुरु रामानन्दाचार्य के द्वारा समर्थित होने के कारण उत्तर भारत के अधिकांश मन्दिरों में प्राचीन काल से कार्तिक मास की चतुर्दशी तिथि को हनुमान जयंती मनाने की परम्परा रही है। अतः धार्मिक एवं वार्षिक कर्मकांड की दृष्टि से महावीर मंदिर में कार्तिक वाली हनुमान जयंती मनाई जाती है। पटना में रेलवे स्टेशन के पास स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर के अंदर भीड़ न हो, इसलिए मंदिर के बाहर नैवेद्यम लड्डू के काउंटरों संख्या बढ़ा दी गई।*

*श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर और आस-पास के इलाके में 200 से अधिक स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। पूरे इलाके में सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जाएगी ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।*

*धार्मिक कथा के अनुसार, हनुमान जी भगवान शिव के 11वें रुद्र अवतार हैं। जब भगवान श्रीराम के रूप में विष्णु ने अवतार लिया, तो शिव जी ने उनकी मदद के लिए हनुमान जी का जन्म लिया। माता अंजना और राजा केसरी की तपस्या से प्रसन्न होकर शिव जी ने उन्हें एक ऐसा पुत्र मांगा, जो बल में रुद्र, गति में वायु और बुद्धि में गणपति जैसा हो। शिव जी ने अपनी रौद्र शक्ति पवन देव के रूप में अर्पित की, जो बाद में अंजना के गर्भ में प्रविष्ट हुई, और हनुमान जी का जन्म हुआ।*

# एक ही परिवार के तीन बच्चों की डूबने से मौत

- मामा की शादी में आये थे बच्चे
- नहाने के दौरान घटी घटना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**किशनगंज।** जिले के दिघलबैंक प्रखंड में एक शादी समारोह में दर्दनाक घटना घटी। बालूबारी गांव में मामा की शादी में आए तीन सगे भाइयों की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान महमूद हसन (11), हुसैन अहमद (9) और मोहम्मद हसन (6) के रूप में हुई है। तीनों सगे भाई थे और इनके पिता का नाम मोहम्मद अंजार आलम है, जो दहिभात पंचायत की दरगाह बस्ती गांव के निवासी हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों बच्चे समारोह स्थल के पास स्थित नदी में दोपहर करीब दो बजे के आसपास के समय नहाने के लिए गए थे। अचानक गहराई में चले जाने की वजह से तीनों पानी में समा गए। जब तक लोग कुछ समझ पाते और बचाव के लिए दौड़ते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी सांसे थम चुकी थीं।

घटना की खबर मिलते ही शादी समारोह का माहौल मातमी सन्नाटे में बदल गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रशासन द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है। गांव और आसपास के इलाकों में इस हृदयविदारक हादसे से शोक की लहर दौड़ गई है। सभी लोग इस असमय मौत पर गहरा दुख जता रहे हैं।

इस मामले की पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रविशंकर कुमार और अंचल अधिकारी गरिमा गीतिका ने बताया कि परिजन सभी बच्चों के शव लेकर अपने पैतृक गांव लेकर चले गए। उन्हें काफी समझाया गया, मगर उन्होंने बच्चों के शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया और शव को दफनाने की प्रक्रिया में जुट गए।

# डीईओ ने किया मोक्षदा इंटर बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सही तरीके से जांच हो रही है तो कई बातें सामने आ रही है। शनिवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मोक्षदा इंटर बालिका विद्यालय की जांच की गई। इस स्कूल में सारी चीज सही पाई गई है लेकिन इसी स्कूल के परिसर में चल रहे प्राथमिक विद्यालय मोक्षदा बालिका के शिक्षक के लंबे समय से गायब रहने की सूचना मिली है।

इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने लंबे समय से गायब रहने वाले शिक्षकों की खोजबीन शुरू करवा दी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि संबंधित स्कूल के एक शिक्षक लंबे समय से गायब हैं।

वहां मौजूद शिक्षकों का कहना है कि मेडिकल लीव पर हैं। लेकिन जब विभाग से जानकारी ली गई तो पता चला है कि मेडिकल लीव को लेकर कोई आवेदन विभाग में नहीं आया है।

इस बाबत डीपीओ स्थापना देवनारायण पंडित ने बताया कि संबंधित शिक्षक से पहले स्पष्टीकरण लिया जाएगा। जिससे यह पता चल सके कि वह वास्तविक में मेडिकल लीव पर हैं या उनके स्कूल नहीं आने का कोई और अन्य कारण है।

स्पष्टीकरण का जवाब आने के बाद ही आगे का फैसला लिया जाएगा। वहीं आपको बता दें कि जिले में तीसरे दिन 38 स्कूलों का निरीक्षण किया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि सभी पदाधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट ई-शिक्षा पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। निरीक्षक कोषांग के माध्यम से जो भी रिपोर्ट आएगी। उसे से संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

## परीक्षा फल का वितरण

**अररिया।** जिले के आरएस स्थित मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में सत्र 2024 25 का शिक्षण कार्य समाप्ति के पश्चात वार्षिक परीक्षा का परीक्षा फल वितरण कार्य का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी एलकेजी यूकेजी से लेकर कक्षा नवम तक के छात्र का परीक्षा परिणाम वितरण किया गया। नर्सरी से नवम तक के कक्षाओं में 95% से ऊपर अंक प्राप्त छात्र-छात्रा साहिवान राजकुमार नर्सरी, अनन्या कुमारी नर्सरी, जहानवी शाह नर्सरी, दित्या सिंह नर्सरी, सृजना कुमारी नर्सरी ,सौम्या गुप्ता नर्सरी, आदित्य राज विश्वास नर्सरी ,कृष्णा आनंद एलकेजी, सम्सजोहेब एलकेजी, शिवम कुमार यूकेजी, प्रतीक्षा कुमारी क्लास 1, मोहम्मद अमन हुसैन वर्ग 2, मोहम्मद अत्ताउल्लाह वर्ग 3, वेदांत सिंह क्लास 4 ,शालू कुमारी वर्ग 5, सृष्टि गुप्ता वर्ग6, आर्य नारायण 7 सहित कई शामिल हैं।

# फर्जी नम्बर की गाड़ी के साथ थानाध्यक्ष को लोगों ने घेरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर मनियारी थानाध्यक्ष देवव्रत कुमार विवाद में फंस गए, जब उन्हें समाहरणालय परिसर में फर्जी नंबर प्लेट लगी स्कार्पियो चलाते हुए पाया गया। इसके बाद लोगों ने उन्हें घेर लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। वैशाली जिले के गोरौल बहादुरपुर के मो. सनाउल्लाह अपनी स्कार्पियो से बाजार गए थे। समाहरणालय परिसर में उन्होंने देखा कि उनकी गाड़ी का नंबर एक दूसरी स्कार्पियो पर भी लगा हुआ है, जिससे वे हैरान रह गए।

पुलिस अधिकारी ने देखा कि उस गाड़ी में पुलिस की वर्दी में एक व्यक्ति बैठा है, तो वे और भी परेशान हो गए। फर्जी नंबर लगाकर एक पुलिस अधिकारी के घूमने की खबर सुनकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। एक ही नंबर की दो स्कार्पियो देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। मनियारी थानाध्यक्ष गाड़ी से उतरे, और पुलिस ने दोनों गाड़ियों को थाने में ले जाकर जब्त कर लिया।

गाड़ी के मालिक का दावा जांच के दौरान मो. सनाउल्लाह ने बताया कि उनकी गाड़ी उनके भाई के नाम पर है और उन्होंने इसे सात साल पहले एक शोरूम से खरीदा था। फर्जी नंबर वाली स्कार्पियो सीतामढ़ी के बैरगनिया निवासी यास्मिन के नाम पर बताई गई है। यह गाड़ी समस्तीपुर के एक ट्रैवल एजेंसी संचालक विवेक राज ने मनियारी थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराई थी। मनियारी थानाध्यक्ष देवव्रत कुमार का कहना है कि उन्हें यह स्कार्पियो पुलिस लाइन से एएलटीएफ के लिए ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से दी गई थी, और उन्हें नंबर के बारे में कोई जानकारी नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों स्कार्पियो को थाने लाया गया है और इंजन तथा चेचिस नंबर से उनकी जांच की जा रही है।दोनों स्कार्पियो पर बीआर06पीडी-4739 नंबर लिखा था, जबकि थानाध्यक्ष को दी गई स्कार्पियो का सही नंबर बीआर 06पीई-4739 है। सनाउल्लाह ने बताया कि उनकी गाड़ी के नंबर से मनियारी टोल और यूपी से कई चालान आ चुके हैं।

# कुख्यात भीम महतो सहित पांच धराये

## पांच राइफलें, एक पिस्टल, छह मैगजीन, सहित 55 कारतूस भी बरामद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, जिसमें हथियार लैस पांच बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है।

शनिवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने जानकारी देते हुए कहा कि आरोपित भीम महतो एक कुख्यात डकैत है जो कि 50 हजार इनामी भी है। इसके साथ गिरोह के चार अन्य सदस्य को भी पुलिस को पकड़ने में कामयाबी मिली है।

बदमाशों के पास से पांच राइफल, एक पिस्टल, छह मैगजीन, सहित 55 कारतूस को भी बरामद किया गया।

एसपी ने बताया कि बीते शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि शाहपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत पार्वती नगर के पास कुछ अपराधी हथियार से लैस होकर डकैती की योजना बना रहे हैं।

सूचना की सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस द्वारा अविलंब घटनास्थल पर पहुंच घेराबंदी कर छापामारी की गई।

छापामारी कर उक्त स्थान से कुल पांच आरोपितों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। जिसमें हथियार, कारतूस के साथ मोबाइल, एटीएम, पैन कार्ड और एक कार भी बरामद हुई।

साथ ही 10 हजार 635 रुपये नगद भी मिला। गिरफ्तार आरोपितों एवं बरामद सामान को जब्त कर थाना परिसर लाया गया एवं उनसे सघन पूछताछ की गई।

उन्होंने स्वीकार किया कि वो लोग हथियार से लैस होकर एक बड़ी डकैती की योजना को अंजाम देने वाले थे।

एसपी ने बताया कि ये लोग एक गिरोह को संचालन कर रहे थे। भू-माफिया से भी ये लोग जुटे हुए थे। किसी भी जमीन पर कब्जा दिलाना हो तो यह गिरोह पैसे लेकर धमकी और मारपीट का भय दिखाकर जमीन पर दखल दिलाने का काम भी करते थे। हालांकि इनके कई सदस्य अभी भी फरार हैं, जिसकी पुलिस तलाशी कर रही है।

नरेश महतो के पुत्र भीम कुमार उर्फ गुड्डू उर्फ संजीव कुमार का आपराधिक इतिहास में बाढ़ थाना कांड संख्या 90/18 और 98/20, वहीं एनटीपीसी थाना कांड सख्या 63/19, 64/19 और 65/19 है। साथ ही नवादा जिला के हिसुआ थाना कांड संख्या 442/24, पंडारक थाना कांड संख्या 166/13 है।

वहीं, स्वर्गीय सत्यनारायण सिंह के पुत्र शैलेश सिंह का आपराधिक इतिहास में राजीवनगर थाना कांड संख्या 16/22 आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के साथ 10 जनवरी 2022 में दर्ज की गई थी। राजीवनगर थाना में आठ अप्रैल 2025 कांड संख्या 225/25 विभिन्न धारा दर्ज हुई। राजीवनगर थाना में 10 जनवरी 2022 कांड संख्या 397/22 दर्ज की गई।

# विधायक की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट लेगी पुलिस

- भाई एवं भतीजे की सरगर्मी से तलाश जारी
- मनी लांड्रिंग का भी मुकदमा होगा दर्ज
- जब्त स्टांप और दस्तावेजों की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिल्डर से रंगदारी मांगने और जमीन का फर्जी कागजात बनाने से संबंधित पुख्ता साक्ष्य पटना पुलिस को मिल गए हैं। अब पुलिस राजद विधायक रीतलाल यादव की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट लेगी। हालांकि, उनके भाई पिंकू यादव, भतीजे धीरज यादव और साझेदार सुनील कुमार उर्फ सुनील महाजन की तलाश तेज कर दी गई है।

सूत्रों की मानें तो पुलिस पैसे के लेन-देन का स्रोत पता करने के लिए आयकर विभाग की मदद लेगी। सभी आरोपितों के बैंक खाते और जमीन में निवेश से जुड़े दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है।

इसके बाद आरोपितों पर पीएमएलए के तहत मनी लांड्रिंग का मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। साथ ही अपराध से अर्जित की गई संपत्ति को भी जब्त करने की कार्रवाई हो सकती है। दानापुर एएसपी भानु प्रताप सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि खगौल थाने में दर्ज प्राथमिकी में लगे आरोपों को पुष्ट करने के साक्ष्य हाथ लगे हैं। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सूत्र बताते हैं कि विधायक आवास में बिल्डर के साथ हुई बातचीत के अलावा वहां के माहौल की भी जानकारी दी मिली थी। बताया गया था कि जिस वक्त बातचीत हो रही थी और धमकी देकर जबरन चार लाख रुपये वसूले गए थे, उस समय वहां कई लोग मौजूद थे।

उन लोगों के पास आधुनिक हथियार थे, जिन्हें देखने से स्पष्ट था कि वे गैर लाइसेंसी हैं। एके सीरिज के हथियारों के बारे में भी सूचना मिली थी। हालांकि, पुलिसिया कार्रवाई की भनक विधायक समेत अन्य आरोपितों को पहले ही लग गई थी। इस कारण आरोपितों के ठिकानों पर एक भी हथियार नहीं मिला।

जबकि, पहले भी गैर लाइसेंसी हथियार रखने पर विधायक के निजी अंगरक्षक, भाई और उनके करीबी लोग जेल जा चुके हैं।

सूत्रों के मुताबिक, विधायक के घर से बरामद 14 डीड, एग्रीमेंट पेपर, स्टांप आदि जांच के लिए निबंधन कार्यालय में जांच के लिए भेजा जाएगा। कागजात की सत्यता की जांच होने के बाद कई नए तथ्य भी सामने आ सकते हैं। इसके बाद कार्रवाई में पुलिस को मजबूती मिलेगी।

संभव है कि कागजात में त्रुटि पाए जाने पर निबंधन कार्यालय की ओर से एक और प्राथमिकी हो सकती है। इसमें कई छिपे चेहरे भी सामने आ सकते हैं। शास्त्री नगर थानांतर्गत पुनाईचक प्रोफेसर कॉलोनी में रहने वाले सह जेनेक्स इको इंफ्रा प्रा. लि. नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक कुमार गौरव ने विधायक रीतलाल यादव समेत चार आरोपितों के विरुद्ध खगौल थाने में प्राथमिकी कराई थी।

उन्होंने पुलिस को बताया था कि 2023 में खगौल थानांतर्गत कोथवां में 18 कट्ठे का भूखंड लेकर 38 फ्लैट बनाने का काम शुरू किया था।विधायक के भाई पिंकू यादव ने बिल्डर से मुलाकात की और विधायक का आदेश बताते हुए धमकी दी कि निर्माण सामग्री यथा गिट्टी, बालू, ईंट आदि मुझसे ही लेना होगा। पिंकू कभी सामग्री की बिल नहीं देता था।

बिल्डर के हिसाब से 19 लाख रुपये बकाया था, जबकि पिंकू 33 लाख देने का दबाव बना रहा था। पिछले वर्ष दीपावली से पहले विधायक ने बिल्डर को कॉल कर मिलने बुलाया और आवास पर उनसे 50 लाख रंगदारी मांगी गई। जबरन चार लाख रुपये वसूले गए और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया गांव के पास शनिवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय पारस प्रसाद की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी प्रभावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब दोनों वृद्धा पेंशन के कार्य से पास के बैंक जा रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

मृतक पारस प्रसाद रसूलपुर बिंदवाल गांव के निवासी थे। बांस की टोकरियां बनाकर अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी मौत ने न सिर्फ उनके परिवार को गहरा सदमा दिया है, बल्कि गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रभावती देवी ने बताया कि वे अपने पति के साथ ई-रिक्शा से छपिया स्थित बैंक जा रही थीं। जैसे ही वे ई-रिक्शा से उतरे, तभी तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए।

# दिनदहाड़े कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## छानबीन में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में दिनदहाड़े कारोबारी की हत्या कर गई। अपराधियों ने कारोबारी को पांच गोली मारी। शनिवार दोपहर मसौढ़ी इलाके में पावर ग्रिड के पास जहानाबाद रोड में इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों का शटर गिरा दिया। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

मृत कारोबारी की पहचान मुकेश कुमार उर्फ छोटन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जगदीश यादव मसौढ़ी बाजार में कपड़े की दुकान चलाते हैं। मुकेश भी अपने पिता के साथ दुकान में बैठता था। इधर, दो-तीन महीने उसने जमीन खरीद-बिक्री का काम शुरू किया था। आशंका है कि जमीन के विवाद में ही उसकी हत्या हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि यह मृतक मुकेश अपने किसी साथी के साथ बाइक पर बैठकर जहानाबाद वाले रोड की ओर जा रहा था। उसी वक्त किसी बोलेरो बाइक से कुछ अपराधी आए और हत्या कर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए फोरेंसिक टीम और स्क्वायड डॉग को भी बुलाया गया है। घटनास्थल पर कई खोखा को पुलिस ने बरामद किया है।

## सड़कों पर उतरी मुस्लिम महिलाएं

**दरभंगा।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वक्फ संशोधन बिल के विरोध में शनिवार को दरभंगा की सड़कों पर जबरदस्त प्रदर्शन हुआ। मदरसा हमीदिया किलाघाट से लेकर लहेरियासराय तक हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय की महिलाएं और पुरुष सड़कों पर उतर आए। बैनर और पोस्टर थामे प्रदर्शनकारी नए कानून को काला कानून बताते हुए सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग कर रहे थे।

प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेत्री और दरभंगा नगर निगम की डिप्टी मेयर नाजिया ने किया। उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार लगातार मुसलमानों को टारगेट कर रही है। हर बार मुसलमानों की धार्मिक, सामाजिक और संवैधानिक आजादी को सीमित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की संपत्ति और वक्फ की जमीनों पर कब्जे का रास्ता खोलता है।

# साढ़े आठ करोड़ की लागत से बनेगा खेल भवन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय के लोगों के लिए अच्छी खबर है। लंबे इंतजार के बाद समाहरणालय के हड़ताली चौक से सटे खाली पड़ी भूमि पर जिला खेल भवन सह व्यायामशाला का निर्माण होगा।

इस पर तकरीबन साढ़े आठ करोड़ रुपये खर्च होंगे। शनिवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने खेल भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इस शिलान्यास से लोगों में खुशी का माहौल है।

इस मौके पर मंत्री सुरेंद्र मेहता, डीएम तुषार सिंगला, एसपी मनीष, विधायक राजकुमार सिंह, कुंदन कुमार, सदर एसडीओ राजीव कुमार, जिला खेल पदाधिकारी ईश्वरीय कश्यप सहित कई नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।



बिहार राज्य भवन निर्माण कॉरपोरेशन के एजीएम भानु प्रताप के अनुसार यहां पर तीन मंजिला इमारत तैयार की जाएगी। निचले हिस्से में जिम, दूसरे तल पर योगा सहित अन्य सुविधाएं तथा तीसरे मंजिल पर ऑफिस एवं मल्टीपर्पस हाल का निर्माण कराया जाएगा।

सभी आगंतुक अतिथियों का जिला प्रशासन बेगूसराय की ओर से शारीरिक शिक्षा उपाधीक्षक ऐश्वर्य कश्यप ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और बिहार सरकार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता के प्रति आभार प्रकट किया।

इस पूरे कार्यक्रम में जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, शारीरिक शिक्षक अरविंद कुमार, कन्हैया भारद्वाज, मणिकांत, ब्रजेश कुमार सहित अन्नू मौजूद थे।

## किसान की संदिग्ध मौत

**समस्तीपुर ।** जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के उदापट्टी गांव में शनिवार सुबह एक किसान नवोनाथ चौधरी (55) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताते हुए गांव के ही दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव लाने वाले वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के छोटे भाई रामनरेश चौधरी ने बताया कि शुक्रवार रात उनके भाई नवोनाथ घर पर सो रहे थे। देर रात गांव के ही चंदन चौधरी और मणिकांत चौधरी उन्हें किसी काम का हवाला देकर अपने साथ ले गए। इसके बाद नवोनाथ रात भर घर नहीं लौटे। शनिवार सुबह करीब आठ बजे एक वाहन उनके घर के सामने रुका, जिसमें नवोनाथ का शव था। शव उतारने के बाद चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। रामनरेश के अनुसार, चालक ने बताया कि वह कमतौल से शव लेकर आया है, लेकिन मौत के कारण के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका।

# एक जून से कबड्डी में अपना दमखम दिखायेंगी 14 देशों की महिला खिलाड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** बिहार में दूसरी बार महिला कबड्डी विश्व कप 2025 का आयोजन होने जा रहा है। इसे लेकर एक समझौता ज्ञापन पर शनिवार को हस्ताक्षर किए गए। शहर के कंकड़बाग इलाके में स्थित पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में यह समझौता हुआ। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से फेडरेशन के महासचिव जितेन्द्र प्राणसिंह ठाकुर और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने हस्ताक्षर किए। इससे पहले बिहार में 2012 में एक से चार मार्च तक पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में यह आयोजन हुआ था। लेकिन राजगीर के नवनिर्मित स्टेडियम में यह आयोजन पहली बार हो रहा है।



बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी, क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार, खेल विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार, इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन के डायरेक्टर तेजस्वी सिंह गहलोत तथा बिहार कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुमार विजय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। भारतीय महिला कबड्डी टीम की कप्तान सोनाली विष्णु और उप कप्तान पुष्पा राणा भी इस ऐतिहासिक अवसर पर शामिल रहीं। खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंट कर सभी का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिनंदन करते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार में पहली बार महिला कबड्डी विश्व कप का एक से 10 जून तक राजगीर में आयोजन बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। खेल के क्षेत्र में विकास की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ सहयोग और प्रयास के कारण बिहार को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का गौरव प्राप्त हो रहा है।

एक से 10 जून तक राजगीर के राज्य खेल अकादमी में आयोजित होने वाली महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में भारत, ईरान, बांग्लादेश, नेपाल, थाईलैंड, हॉलैंड, जापान, पोलैंड, अर्जेंटीना, हंगरी, जर्मनी, केन्या और युगांडा सहित 14 देश की टीमों के शामिल होने की संभावना है। दर्शकों के लिए मैच देखने की व्यवस्था मुफ्त होगी। लेकिन टिकट पास के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर इसे हासिल करना होगा। जिन्हें पास उपलब्ध नहीं हो पाएगा उनके लिए बाहर बड़े स्क्रीन पर मैच देखने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला कबड्डी विश्व कप में शामिल होने वाली खिलाड़ियों के आने, जाने, भोजन और आवासन सहित हर प्रकार की सुविधाओं की सुचारु व्यवस्था बिहार सरकार कर रही है।

उन्होंने एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जितेन्द्र प्राणसिंह से अनुरोध किया कि 15 दिन तक भारतीय टीम का प्रशिक्षण कैंप राजगीर में ही आयोजित की जाए, जिससे भारतीय टीम को यहां के माहौल में ढलने में आसानी होगी। साथ ही बिहार के खिलाड़ियों को भी उनके साथ प्रैक्टिस करने और सीखने का मौका मिलेगा। बिहार के लिए अच्छे प्रशिक्षक और रेफरी के लिए भी आग्रह किया, ताकि बिहार के खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कर सकें।

एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जितेन्द्र प्राणसिंह तथा इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन के डायरेक्टर तेजस्वी सिंह गहलोत ने खेल के क्षेत्र में बिहार की निरंतर बढ़ती उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर की।

# अयोध्या से मंगाई 700 गदा, आठ राज्यों के 300 भक्तों ने उठाया ध्वजा



**वाराणसी, एजेंसी।** हनुमान प्राकट्य दिवस पर शनिवार को भक्त श्रद्धा और उल्लास से सराबोर हैं। सुबह से शहर से लेकर गांव तक 500 से अधिक हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का बाल स्वरूप में श्रृंगार हुआ। वहीं मंदिरों ने रामनाम संकीर्तन, सुंदरकांड पाठ सहित विविध अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

सवा पांच किमी तक निकलने वाली सबसे बड़ी हनुमान ध्वजा यात्रा भिखारीपुर से संकटमोचन मंदिर तक पहुंची। इसमें 21 फीट की गदा के साथ ही अयोध्या से मंगाई गई 700 गदा भी शामिल रही।

आठ राज्यों से 300 से अधिक हनुमान भक्त ध्वजा लेकर चले तो नजारा देखने लायक रहा। 30 हजार से अधिक भक्तों की भीड़ हुई। एक लाख से अधिक हनुमान ध्वजा शामिल रहीं।

हनुमान प्राकट्योत्सव पर शनिवार को हनुमान मंदिरों में विविध आयोजन हो रहे हैं। संकटमोचन मंदिर में विशेष पूजन अर्चन के साथ ही तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुआ। बैठकी श्रृंगार, रुद्राभिषेक, आरती और पूजन हुआ।

सुबह से श्रीरामचरित मानस का पाठ, श्रीसीताराम संकीर्तन, रामार्चा पूजन, वाल्मिकी रामायण का सुंदरकांड पाठ हो रहा। रामकृष्ण मिशन के कीर्तन मंडलियों का संकीर्तन और रामायण मंडलियों की ओर से श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ हो रहा है। वहीं 13 से 15 अप्रैल तक सार्वभौम रामायण सम्मेलन होगा।

### 5100 ध्वज किया गया अर्पित

श्रीहनुमत सेवा समिति की ओर से भिखारीपुर से सुबह सात बजे हनुमान ध्वजा यात्रा निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष रामबली मौर्य ने बताया कि सवा पांच किमी यात्रा निकाली गई। 5100 ध्वज संकटमोचन में चढ़ाए गए। जबकि एक लाख से अधिक ध्वज शामिल रहे। ध्वजा यात्रा में शामिल होने के लिए सात स्थानों से यात्राएं निकाली गईं।

### हनुमानजी का भव्य श्रृंगार

हनुमान जनमोत्सव के पावन अवसर पर काकेमल अखाड़ा पशुपतेश्वर चौक में हनुमानजी का दिव्या झांकी और जन्मोत्सव हरियाली श्रृंगार किया गया। भोर में बाबा को गंगा जल से स्नान कराया गया। इसके बाद सिंदूर, चमेली का तेल मिलाकर बाबा को चोला चढ़ाया और तुलसी, गुलाब, चमेली डौना के माला-फूलों से बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। उनको मिष्ठान, फल, फूल व अनेक प्रकार के प्रसाद भोग लगाए गए। इसके बाद आरती उतारी गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज काशी में बाबा विश्वनाथ की नगरी में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। हम 25 साल से लगातार ये कार्यक्रम कर रहे हैं। हम सब देशवासियों, प्रदेश वासियों और काशी वासियों के लिए मंगल कामना करते हैं।




## अयोध्या में हनुमान गढ़ी में आराध्य के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु; जयकारों से गूंजा परिसर

**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या में शनिवार को हनुमान जयंती की धूम है। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन को पहुंचे। श्रद्धालु अपने आराध्य की एक झलक पाने को आतुर दिखे। पूरा मंदिर परिसर जयकारों से गुंजायमान रहा। वैसे तो अयोध्या में उत्तर भारतीय परंपरा के अनुसार हनुमान जयंती छोटी दीपावली को मनाई जाती है। दक्षिण में चैत्र की पूर्णिमा को हनुमान जयंती का आयोजन होता है। शनिवार को हनुमान जयंती के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हनुमंत लला के दर्शन करके पूजन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की किशोरी को भगाने का आरोपी जौनपुर में गिरफ्तार

**तेजीबाजार।** थाना क्षेत्र के जीरकपुर गांव से किशोरी को भगाने वाले एक आरोपी युवक को मंगलवार की देर शाम दिल्ली पुलिस ने स्थानीय पुलिस टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लड़की को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है। घटना का खुलासा करते हुए बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि नाबालिग लड़की के माता-पिता शाहदरा जिला के गीता कॉलोनी में मजदूरी करते हैं। परिजन मूलतः बिहार के रहने वाले हैं। पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी का अपहरण हुआ था। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली थी। पुलिस आरोपी का मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर रही थी। पुलिस को जौनपुर के तेजीबाजार थाना के जीरकपुर गांव का लोकेशन मिला। इस पर पुलिस टीम पहुंची और लड़की को आरोपी युवक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी व लड़की को दिल्ली पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर मामला दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया था। लड़की को दिल्ली पुलिस अपने साथ ले गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दो तालाबों का होगा सुंदरीकरण, 50 लाख रुपये होंगे खर्च

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के गुड़हाई और मुगरडीह वार्ड स्थित दो तालाबों का सुंदरीकरण किया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 50 लाख रुपये जारी कर दिया गया है। पक्का घाट, स्ट्रीट लाइट, तालाब के किनारे बैठने के लिए बेंच आदि की व्यवस्था की जाएगी। वार्डवासी सुबह-शाम टहलने के साथ ही अन्य धाार्मिक व सांस्कृतिक कार्य भी कर सकेंगे। नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर की ओर से मुंगरडीह व गुड़हाई वार्ड में स्थित पुराने तालाबों का कायाकल्प कराया जाएगा। एक तालाब पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही दोनों तालाबों में पक्का घाट निर्माण, प्रकाश व्यवस्था के लिए तालाब के किनारे किनारे विद्युत पोल व स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे। मार्निंग वॉक व इवनिंग वाक् की भी व्यवस्था की जाएगी। दोनों तालाबों को सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा ताकि तालाब जनता के लिए बहुउपयोगी साबित हो। तालाबों का कायाकल्प होने के बाद आम जनमानस यहां धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कर सकेंगे। दो वार्डों में स्थित पुराने तालाबों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। इसके लिए शासन की ओर से 50 लाख रुपये का बजट जारी कर दिया गया है। कार्य का प्रारूप तैयार कर प्रक्रिया शुरू कर दी गई। जल्द ही दोनों तालाब अपने नए स्वरूप में हो जाएगा।- कपिल मुनि उमरवैश्य, नगर पालिका अध्यक्ष, मुंगराबादशाहपुर।

### किसानों के लिए आफत बनी बेमौसम बारिश



**सुल्तानपुर** गरज-चमक और आंधी के साथ बेमौसम हुई बारिश किसानों पर आफत बनकर आई है। खेतों में काटकर मड़ाई के लिए रखी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कुछ देर के लिए आसमान में छाए काले बादलों से अंधेरा छा गया था। इस वजह से वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। करीब डेढ़ घंटे के दौरान 26.8 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।

बृहस्पतिवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले बादलों का झुंड छा गया। इससे दिन में अंधेरा हो गया था। सुबह करीब 10 बजते जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में गरज-चमक और आंधी के साथ बारिश होने लगी। बारिश से किसानों की धड़कनें तेज हो गईं। जिले भर में गेहूं की कटाई का काम जोरों पर चल रहा है। बारिश होते ही गेहूं की फसल भीगने से मड़ाई का कार्य ठप हो गया है।

## महिला ने झोलाछाप से ऑपरेशन कराकर अपने शरीर में रखवाई गोली, इसलिए रची साजिश; जांच में खुलासा



**बरेली , एजेंसी।** बरेली में एक जनप्रतिनिधि को फंसाने के लिए महिला ने झोलाछाप से ऑपरेशन कराकर अपने शरीर में गोली रखवा ली। इसके बाद कार सवार पांच लोगों पर दुष्कर्म के बाद गोली मारने का आरोप लगा दिया। घटना के 11 दिन बाद पुलिस ने मामले में चौंकाने वाला खुलासा किया। महिला सोनू उर्फ शमोली कौशिक समेत तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक व सीओ प्रथम पंकज श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता में बताया कि 29 मार्च को वीर सावरकर नगर रोड निवासी सोनू उर्फ शमोली कौशिक ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि उसे काले रंग की कार से ले जाकर अज्ञात लोगों ने दुष्कर्म के बाद गांधी उद्यान के पास गोली मार दी। पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल भिजवाया। उसकी ओर से अज्ञात आरोपियों पर रिपोर्ट कराई गई।

पुलिस ने जब घटनास्थल पर सीसीटीवी व सर्विलांस के सहारे जांच की तो आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। ऐसी कोई कार ही घटना के समय मौके पर नहीं दिखी। महिला अकेली ही यहां कई बार आती-जाती दिखी। मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट भी संदिग्ध रही। महिला के शरीर में बना जख्म भी अलग तरह का था। सारे तथ्यों को जब पुलिस ने महिला के सामने रखा तो वह अपनी रटी रटाई कहानी पर कायम न रह सकी। उसने कबूल कर लिया कि अपहरण, दुष्कर्म और गोली लगने की घटना फर्जी है। उसने अपने साथियों और मजबूरी के बारे में भी अधिकारियों को बताया।

**जिला अस्पताल के वार्ड बॉय संग रची साजिश:** आरोपी महिला ने बताया कि जिला अस्पताल का वार्ड बॉय रोहताश उसका करीबी है। वह उससे मौसी कहता था। दो साल पहले बेटी के स्कूल से लंबी गैरहाजिरी की फर्जी मेडिकल रिपोर्ट उसी से हजार रुपये देकर बनवाई थी। उसने रोहताश से कहा कि वह उसकी कोर्ट फर्जी रिपोर्ट तैयार कर दे तो वह विरोधियों को फंसा देगी। रोहताश ने कहा कि वह खुद तो ऐसी मनमाफिक रिपोर्ट नहीं बना सकता लेकिन रास्ता सुझा सकता है। रोहताश ने दस हजार रुपये लेकर उसे 32 बोर की गोली व दो खोखा कारतूस दिए।

## कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह के निर्वाचन को चुनौती, सपा प्रत्याशी रहे रिजवान पहुंचे हाईकोर्ट





**मुरादाबाद/ प्रयागराज** मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर हुए उप चुनाव में जीते भाजपा विधायक रामवीर सिंह समेत सभी प्रत्याशियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की अदालत ने उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे मोहम्मद रिजवान की ओर से दाखिल चुनाव याचिका पर दिया है।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि भाजपा प्रत्याशी रहे रामवीर सिंह ने चुनाव जीतने में सत्ता का दुरुपयोग किया। कोर्ट ने विधायक रामवीर सिंह समेत सभी प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर पांच अगस्त तक सबूतों समेत जवाब दाखिल करने को कहा है।

कोर्ट ने नोटिस तामील कराने के लिए महानिबंधक की ओर से चयनित समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का भी आदेश दिया है। इसके बावजूद प्रतिवादी अगली तारीख में अपना पक्ष रखने के लिए हाजिर नहीं होते है तो उनकी गैरमौजूदगी में भी मामले की सुनवाई की जाएगी।

**कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं जयाप्रदा अब 24 अप्रैल को होगी सुनवाई-** अभद्र टिप्पणी मामले में रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं। उनके अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थनापत्र दाखिल किया गया। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तारीख लगा दी।2019 में लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में समाजवादी पार्टी की ओर से आयोजित समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे।

आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में चल रही है।

मामले में पूर्व सांसद के बयान दर्ज होने हैं। बृहस्पतिवार को जयाप्रदा को भी कोर्ट में हाजिर नहीं हुईं। उनके अधिवक्ता की ओर से स्थगन प्रार्थनापत्र दाखिल किया गया, जिसमें बताया गया कि भाई के निधन और अस्वस्थ्य होने के कारण वह कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाई हैं। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 24 अप्रैल की तारीख लगा दी।

## सीएचएस में दाखिले के लिए निकलेगी ई-लॉटरी, नर्सरी से कक्षा 6 तक में होगा प्रवेश

**वाराणसी , एजेंसी।** बीएचयू के सेंट्रल हिंदू स्कूल समेत अन्य स्कूलों में एलकेजी से लेकर कक्षा 6 में दाखिले के लिए रविवार से ई-लॉटरी निकलेगी। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एडमिशन दिया जाएगा। बीएचयू के विज्ञान संस्थान स्थित महामना सभागार के व्याख्यान संकुल में रविवार की सुबह 8 बजे से ई-लॉटरी की प्रक्रिया शुरू होगी। सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल के बाल वाटिका-2 (एलकेजी), सेंट्रल हिंदू स्कूल के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में बाल वाटिका-3 (नर्सरी), श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय में कक्षा एक और सेंट्रल हिंदू बॉयज व सेंट्रल हिंदू गर्ल्स स्कूल में कक्षा 6 में प्रवेश लेने के लिए ई-लॉटरी कराई जाएगी।

रविवार को ही रिजल्ट की सूची तैयार कर ली जाएगी। 24 अप्रैल को बाल वाटिका-2, बाल वाटिका-3 और कक्षा एक में प्रवेश देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। सबसे पहले बीएचयू कर्मचारी और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों का प्रवेश होगा।

## गोरखपुर में लगा रहे थे फ़िलिस्तीन के समर्थन में नारे, इजरायल के विरुद्ध कर रहे थे नारेबाजी- केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** तिवारीपुर थाने के सूर्यविहार में एक धार्मिक स्थल के सामने नौजवान भारत सभा व दिशा छात्र संगठन के सदस्य सड़क पर उतर आए। वर्तमान में इजराइल व फ़िलस्तीन के मध्य चल रहे युद्ध को लेकर इजराइल के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए व फ़िलस्तीन का समर्थन करने लगे और नारेबाजी करते लोगों के सामने समर्थन में अपनी बातें रखने लगे। भाषण व सभा के माध्यम से पोस्टर बैनर लहराते हुए इजराइल के विरुद्ध भड़काऊ नारे बाजी करने लगे। लोगों की सूचना पर उनि अखिलेश कुमार दलबल के साथ




मौके पर पहुंचे। देखा कि कुछ युवक सड़क पर पोस्टर बैनर लेकर इजराइल के विरुद्ध व फ़िलस्तीन के समर्थन में नारे लगा रहे थे।

इससे सड़क जाम हो गया था और लोगों के आने और जाने में परेशानी हो रही थी। उनलोगों को समझाने बुझाने पर कोई असर नही हुआ। काफी मशक्कत के बाद प्रदर्शनकरियों हटाते हुए मौके पर काफी संख्या में बुकलेट प्राप्त कर जब्त कर लिया गया, जिसकी गिनती की गई तो कुल 59 अदद बुकलेट, 16 अदद पोस्टर जिसपर विभिन्न स्लोगन लिखा मौके से बरामद किया।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, नहीं हो सकी पहचान, पुलिस ने जताई हत्या की आशंका

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के पल्लव पुरम थाना क्षेत्र के सोफीपुर लावड़ रोड पर गोदाम के ठीक सामने पेड पर पर युवक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया जांच मे सामने आया है कि युवक की हत्या कर शव पेड़ पर लटका दिया गया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। युवक ने पीले रंग की टी शर्ट और सलेटी रंग का लोअर पहना हुआ है।

ऐसा भी हो सकता की युवक की हत्या करने के बाद उसके शव को पेड़ पर लटका दिया गया हो। अभी पुलिस ने आसपास के लोगों से भी शव के बारे में जानकारी ली है, लेकिन उसकी कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवक ने येलो शर्ट और हल्के ग्रीन कलर का लोवर पहन रखा है।

## मारा नहीं था... चीर-फाड़कर रख दिया, इतना कह चुप हो गया हत्यारा अनुज

### खुद इस आक्रोश के पीछे की बताई वजह

**गोरखपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले के बेलहरकला थानाक्षेत्र के अमरडोभा में ऑटो चालक हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्यारे अनुज उर्फ शिवा चौहान के ऊपर इस हत्या का कोई फर्क नहीं दिखाई दे रहा था। उसके अंदर आज भी ऑटो चालक हिदायतुल्लाह को लेकर आक्रोश का था। लोग लगातार पूछ रहे थे कि आखिर उसने किस चीज से उसकी हत्या की थी? कई बार पूछने के बाद वह आक्रोशित हो गया और बोला- मारा नहीं था... चीर फाड़कर रख दिया था उसको। इतना बोलने के बाद वह फिर चुप हो गया।

**रील बनाने के नाम पर उसे ले गया अनुज-** 25 मार्च को ऑटो चालक हिदायतुल्लाह की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी का हिदायतुल्लाह ने अश्लील वीडियो बना लिया था और ब्लैकमेल कर रहा था। कई बार कहने के बाद भी वीडियो और फोटो को डिलीट नहीं कर रहा था। इसके बाद वह रील बनाने के नाम पर सिवान में ले जाकर पिलाई शराब और हत्या कर दी। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पुलिस को प्रेम-प्रसंग में ऑटो चालक की हत्या होने के सुराग लगे थे। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के इमलीडीहा गांव निवासी अनुज चौहान ने वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश में लग गई और लगातार उसकी लोकेशन ट्रेस कर रही थी।

शुक्रवार सुबह उसे खलीलाबाद क्षेत्र के परसोहिया उर्फ सिंहियहवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से हिदायतुल्लाह का मोबाइल, उसकी मोटरसाइकिल और एक चाकू तथा 600 रुपये नकद बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि हिदायतुल्लाह उसकी पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था और वायरल करने की धमकी देता था। उसने बताया कि इसके बाद उसने हिदायतुल्लाह की हत्या की साजिश रची और अपने विश्वास में लेने लगा।

हत्या के दिन उसने किसी दूसरे के मोबाइल से हिदायतुल्लाह को फोन कर रील बनाने के लिए बुलाया। शाम को हिदायतुल्लाह आया तो वह उसकी मोटरसाइकिल से अंधेरा होने तक इधर-उधर घूमता रहा। अंधेरा होने पर वे रील बनाने के लिए अमरडोभा गांव के सिवान में पहुंचे और शराब पी। इसके बाद उसने पत्नी के फोटो व वीडियो डिलीट करने के लिए कहा तो हिदायतुल्लाह तैयार नहीं हुआ तो उसने गुस्से में पास अपने पास रखे चाकू से हिदायतुल्लाह की गर्दन और पेट पर वार कर हत्या कर दी।

### धारदार हथियार से 18 बार प्रहार कर की हत्या

बेलहरकला थानाक्षेत्र के अमरडोभा गांव के सिवान में 26 मार्च की सुबह एक युवक की लाश पाई गई। जिसका गला कटा हुआ था। इसके साथ ही उसके पेट पर भी कटने और खरोंचने के निशान थे। पुलिस ने उस लाश को अज्ञात मानकर मोर्चरी में रखा था। इसी बीच कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के टेमा रहमत गांव के निवासी लायकुल्लाह ने 27 मार्च को जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त अपने 22 वर्षीय बेटे हिदायतुल्लाह के रूप में की। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात निकलकर सामने आई कि उसके गले पर 18 बार धारदार हथियार से हमला किया गया है। इस घटना के पर्दाफाश के लिए एसपी ने पुलिस टीम के लिए 25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। इस टीम में बेलहर थानाध्यक्ष रजनीश राय, एसएसआई ओपी यादव, हेड कांस्टेबल विजय सिंह, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, रोहित कुमार, बृजेश सिंह, रविंद्र निषाद व राहुल कुमार तथा जिले की सर्विलांस टीम शामिल है। हिदायतुल्लाह की मां इशरतजहां बताती हैं कि हिदायतुल्लाह के प्रेम-प्रसंग के बारे में उनको जानकारी थी। उसको कई बार यह सब करने के लिए रोका भी था। लेकिन इसके बावजूद हिदायतुल्लाह नहीं माना। हर बार बहाना बनाता था।

## दुरुस्त किया शीतल पेयजल संयंत्र, यात्रियों को मिला ठंडा पानी

**सुल्तानपुर** गर्मी के मौसम में रोडवेज बस अड्डे पर अव्यवस्था की खबर अमर उजाला ने नौ अप्रैल के अंक में 'बैठने का इंतजाम नहीं, पानी के लिए तरस रहे यात्री' शीर्षक से प्रकाशित की थी। खबर को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने एआरएम को व्यवस्था ठीक कराने के निर्देश दिए। बस अड्डे पर लगे शीतल पेयजल संयंत्र का कंप्रेशर ठीक करा दिया गया है। यात्रियों को अब ठंडे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है।



बृहस्पतिवार को कंप्रेशर ठीक कराने के साथ ही टूटी टोटियां बदल दी गईं। बस अड्डा पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए परिसर में लगी पानी की टोंटियां व शीतल पेयजल संयंत्र खराब हो गया था। भीषण गर्मी में यात्रियों को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा था। स्टेशन पर बैठने के लिए पर्याप्त बेंच, पंखे आदि न मिलने पर यात्रियों से बात करते हुए खबर प्रकाशित की गई थी। खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने इसे जल्द ठीक कराने का आदेश दिया। अन्य समस्याओं के निदान के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है।

# किसी भी परिस्थिति में किसानों को प्रभावित नहीं होने देगी सरकार : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि हाल के दिनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आये आंधी व असमय वर्षापात के कारण किसानों की फसलों को क्षति पहुंचने की संभावना है। सभी जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सरकार स्थिति का गहनता से मूल्यांकन कर रही है और आवश्यक राहत एवं सहायता कार्यों की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। आपदा और अवसर दोनों समय में राज्य के किसानों के



साथ हम खड़े हैं। किसी भी स्थिति में हम अपने अन्नदाताओं का अहित नहीं होने देंगे । श्री सिन्हा ने बताया कि जिलों में व्यापक स्तर पर खेतों में खड़ी फसलों का तेज हवा और भारी वर्षा के कारण प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की गई है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। आंधी एवं वर्षापात से गेहूं, गर्मा मूंग, उड़द, तिल, मक्का, मुंगफली, पान, अरहर, केला, प्याज समेत कई उद्यानिक फसलों के प्रभावित होने की भी संभावना है। इनमें से कई फसलें कटाई के बिल्कुल निकट थीं जिससे किसानों को अधिक नुकसान होने की आशंका है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि भौतिक सत्यापन कर वास्तविक फसल क्षति का तत्काल आकलन करें। जिला पदाधिकारियों के स्तर से क्षति प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रभावित किसानों को आवश्यक सहायता देने की कार्रवाई त्वरित गति से की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों का त्वरित सर्वेक्षण करें और नुकसान का विस्तृत आकलन कर मुख्यालय को शीघ्र सूचित करें। इसके आधार पर सरकार किसानों के लिए मुआवजा एवं अन्य सहायता की व्यवस्था करेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सक्षम नेतृत्व में राज्य की सरकार किसानों को हर संभव सहायता पहुंचायेगी। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनकी हर समस्या सरकार के लिए गंभीर सरोकार का विषय है। राज्य सरकार प्रभावित किसानों को पर्याप्त राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उनके नुकसान का उचित मुआवजा मिले।

## मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने विभागीय वरीय पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री के द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की प्रगति, राज्य के विभिन्न पार्कों की अद्यतन स्थिति तथा मौजूदा वित्तीय वर्ष में पूर्ण एवं प्रगति पर चल रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन का निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए विभागीय योजनाओं को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू करना अत्यंत आवश्यक है। साथ



ही उन्होंने पौधा रोपण अभियान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड और जिला स्तर के कार्यों की भी समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में बिहार राज्य के सभी प्रमुख पार्कों की स्थिति, वृक्षारोपण योजनाओं, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जारी कार्यक्रमों तथा वन क्षेत्र विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारना विभाग प्राथमिकता होनी चाहिए।

## दिनदहाड़े बीच सड़क पर युवक को गोलियों से भूना, आठ खोखे बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड स्थित कैंब्रिज कोचिंग के ठीक सड़क के उस पर दिन दहाड़े बिच सड़क पर एक युवक को गोलियों से भून डाला। मौके पर पुलिस आठ खोखे बरामद की है। मृतख की पहचान पुरनचक निवासी जगदीश प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार उर्फ छोटन के (40वर्ष) के रूप में हुई है। दरअसल बताया जाता है कि छोटन खाना खाने के लिए एक होटल में गया था, होटल में काफी भीड़ थी ऐसे में फिर वापस उतर कर बाहर निकला ही था कि घात लगाये अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक हमलावर अज्ञात बोलेरो से आए थे। सूचना मिलते ही मौके पर



थानाध्यक्ष अनिल कुमार पूरी पुलिस टीम के साथ पहुंचे जहां घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में लेते हुए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया है। मौके पर स्थानीय विधायक रेखा देवी पहुंची और हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर दोषियों को कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने बताया कि पूरे घटना की छानबीन चल रही है। बिंदुवार जांच होगी, एफएसएल की टीम बुलाई गई है। वैज्ञानिक अनुसंधान की जा रही है। आठ खोखे बरामद किए गए हैं। कोई पुरानी रंजिश में घटना घटी है। हाल फिलहाल में ही मुकेश कुमार प्रॉपर्टी डीलर का भी काम कर रहा था। उनके पिता जगदीश प्रसाद मसौढ़ी रोड में मां गारमेंट्स कपड़े का दुकान चलाते हैं।

## चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में पिछले दिनों हुई बारिश और तेज हवा से खेत में खड़ी फसलों को हुए नुकसान पर चिंता प्रकट करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उचित मुआवजा और मदद देने की अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि हाल ही में बिहार के विभिन्न जिलों में हुई भीषण और असमय वर्षा ने किसानों पर बुरा प्रभाव डाला है। खेतों में पकने को तैयार गेहूं की फसलें भारी बारिश के चलते बर्बाद हो गई हैं। किसान अब हताशा और निराशा की स्थिति में पहुंच गए हैं। खेतों में लहलहाती फसलें अब सड़ने लगी हैं जिससे किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीविका एक साथ डूब गई हैं। चिराग पासवान ने लिखा है कि प्रदेश के लाखों किसानों के सामने इस भीषण प्राकृतिक आपदा ने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए किसानों के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि उनकी पार्टी की मांग है कि असमय वर्षा को राज्य आपदा घोषित किया जाए, ताकि आपदा राहत कोष से प्रभावित किसानों को तत्काल सहायता प्रदान

## महावीर जयंती और बैसाखी पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने महावीर जयंती और बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान महावीर की पूजा कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि राम जिनके कण-कण में, तन-मन में और हृदय में बसे हों, वही हैं महावीर हनुमान। उन्होंने प्रार्थना की कि हनुमानजी की कृपा राज्यवासियों पर बनी रहे और सब संकट दूर हों। डॉ. प्रेम कुमार ने बैसाखी पर्व की पूर्व संध्या पर भी प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बैसाखी पंजाब और



हरियाणा में धूमधाम से मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है। सिख समुदाय इसे नववर्ष के रूप में मनाता है। इसी दिन दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, इसलिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के आगमन के साथ खेत-खलिहान नई फसल से भर उठते हैं। आम के पेड़ों पर टिकोले आने लगते हैं और किसानों की खुशियां चारों ओर फैल जाती हैं। डॉ. कुमार ने कामना की कि यह नववर्ष सभी के जीवन में नई उमंग और खुशियां लेकर आए।

## हाशिए के लोगों को अधिकार दिलाने में डॉ अंबेडकर का योगदान अतुलनीय : रवि ज्योति

### ▶ अंबेडकर व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं : प्रो रघुनाथ कच्छवे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार विधान के पूर्व सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता रवि ज्योति ने कहा है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर का भारतीय समाज में योगदान विशाल, विविध व अतुलनीय है। उन्होंने एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनेता और कानूनविद् के रूप में देश की असीम सेवा की। उन्हें भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार होने से लेकर दलित वर्गों के लिए समानता और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने और उन्हें न्याय दिलाने वाले एक योद्धा के रूप में जाना जाता है।

वे शनिवार को नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र (बीएड) विभाग में भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर



जयंती के अवसर पर 'भारतीय समाज और डॉ बी आर आंबेडकर' विषय पर बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) रघुनाथ प्रसाद कच्छवे ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में दलितों और हाशिए पर रहने वाले समूहों के अधिकारों के लिए जोरदार अभियान चलाया। उनके प्रयासों से ही देश में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा मिला। विशिष्ट वक्ता दर्शनशास्त्री प्रोफेसर (डॉ) प्रभास कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ आंबेडकर ने भारतीय संविधान को इस तरह से आकार दिया कि भारत के सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए दलितों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से बहिष्कृतों के कल्याण के लिए बहिष्कृत हितकारी सभा की स्थापना की। उन्होंने दलितों को आवाज देने के लिए मूकनायक, बहिष्कृत भारत और समता जनता आदि कई पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया। उन्होंने भारतीय समाज को जागरूक करने के लिए तीन से अधिक राजनीतिक दलों की स्थापना की। वे भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व और युग पुरुष हैं। अपने असंख्य योगदानों के माध्यम से उन्होंने देश के सामाजिक- सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक स्थायी छाप छोड़ी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ संगीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ प्रशांत, डॉ अपर्णा, विनोद कुमार, राजीव कुमार, मनीष कुमार, पशुपति कुमार, समी कुमारी, रूबी कुमारी, अमृता कुमारी, ऋषिकेश कुमार, गौरव कुमार, अदिति कुमारी सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्र -छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए।

## शक्तिधाम में हनुमान जयंती पर सुन्दरकाण्ड का पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शक्तिधाम मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। मौके पर शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से बड़े हीं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रातः से ही शक्तिधाम मंदिर में भक्तजनों का तांता लगा रहा। आज की पूजा के मुख्य यजमान जय प्रकाश तोदी एवं कविता तोदी थे। शक्तिधाम में आज हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया, सवा मन लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया तथा महिलायें भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती कर रही थी। मौके पर पंडित शंकर शर्मा ने कहा कि माना जाता है कि



महाभारत युद्ध के समय अर्जुन के रथ का ध्वज थाम कर महावीर हनुमान बैठे थे। इसी कारण तीखे वाणों से भी अर्जुन का रथ पीछे नहीं होता था और संपूर्ण युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का ध्वज लहराता रहा। मौके पर शक्तिधाम के सचिव रमेश मोदी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के बाद श्याम मंडल पटना द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सुन्दर काण्ड का पाठ मोहित शर्मा के नेतृत्व में हुआ जिसमें शकुंतला अग्रवाल एवं अनुसुईया खेतान आदि ने पाठ किया तथा सैकड़ों पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। पाठ की समाप्ति पर सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। आज के इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, शंकर शर्मा, राज कुमार खेमका, सतीश अग्रवाल, विमल माधोगाड़िया, रवि केडिया, दीपक भुवानिया, रमेश रमेश अग्रवाल, मोहन सर्राफ तथा शक्तिधाम के अन्य पदाधिकारियों की रही।

## होटल मौर्या में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 36 वें संस्करण का उद्घाटन शनिवार को स्थानीय होटल मौर्या में किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुषमा साहू, मोनिका सिंह, डॉ. बिन्दा सिंह, आकांक्षा श्री एवं बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। 12 और 13 अप्रैल को आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, राखी, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उपस्थित बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया



कि हम इस बार ग्राहकों के लिए वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहां लेकर आए हैं। यहां ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में वेडिंग सीजन के खास कलेक्शंस को शामिल किया गया है। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए पूरे देश से प्रीमियम ब्रांडों को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। संजय अग्रवाल ने कहा कि बीओआई न केवल खरीदारी करने का स्थान है, बल्कि यह कई छोटे नवोदित उद्यमी लोगों के लिए एक व्यापार मंच भी है, जो जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा और यह सभी के लिए खुला रहेगा जिससे दुकानदारों को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने का एक अच्छा अवसर मिलेगा।

## इंटर सर्टिफिकेट देने के नाम पर नजराना वसूली के खिलाफ छात्रों का हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी स्थित श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में शनिवार को उस वक्त छात्र-छात्राओं का हो हंगामा होने लगा जब सर्टिफिकेट लेने के दौरान स्कूल के कर्मचारियों ने पैसा की मांग की जिसको लेकर छात्र-छात्राओं ने जमकर हो हल्ला मचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और हंगामे को संभालते हुए छात्रों को समझाया और वही कर्मचारियों को छात्रों से बिना पैसा लिये सर्टिफिकेट देने की बात और चेताया की अगली बार अगर पैसा लेने का आरोप लगेगा तो छात्र छात्राओं के बयान पर कार्रवाई होगी। दरअसल वर्ष 2023 में इंटर परीक्षा में पास हुए छात्रों का मूल प्रमाण पत्र का मामला था। आक्रोशित छात्राओं में आरती कुमारी पिंकी कुमारी रुबी कुमारी प्रिंस कुमार अंशु कुमारी संजना कुमारी कुंदन कुमार समेत कई छात्र-छात्राओं ने पैसा लेने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे मुकुल शर्मा मृत्युंजय पेरीयार, आशीष देव ने भी छात्र-छात्राओं के आरोप को लेकर स्कूल प्रबंधन को चेताया कि बिना पैसा लिये छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट दे और अगर पैसा के लिए परेशान करेंगे तो छात्र अब चुप नहीं रहेंगे।

### भू-राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने की विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

## रैयतों को हो रही परेशानी दूर करने के दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने शनिवार को राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। राज्य के सभी 38 जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में हुई समीक्षा बैठक में राज्य में प्रथम चरण अंतर्गत 20 जिलों के 89 अंचलों के 5657 गांव में चल रहे विशेष सर्वेक्षण की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की गई। सभी जिम्मेवार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाय। इस दौरान मंत्री अपर मुख्य सचिव और सचिव ने प्रत्येक जिले के बंदोबस्त पदाधिकारियों के हर स्तर पर किये गए कार्यों की समीक्षा की और सभी से कार्य पूर्ण करने के लिए उनकी सहमति से टारगेट फिक्स किया गया। इस दौरान मंत्री सरावगी ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से विशेष सर्वेक्षण शिविरों के कार्यों का निरीक्षण सुनिश्चित कर रैयतों को हो रही परेशानियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की मॉनिटरिंग मुख्यालय में अधिकारियों की टीम कर रही है और फील्ड में आनेवाली दिक्कतों को दूर कर रही है। दूसरे चरण के विशेष सर्वेक्षण के जिलों में स्वघोषणा एवं वंशावली जमा करने में तेजी लाने का निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि पूर्वी तथा पश्चिमी चंपारण में रैयतों द्वारा द्वितीय चरण में स्वघोषणा एवं वंशावली प्राप्त किये जाने संबंधी कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। उन्होंने इस पर असंतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को इसमें गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों को रैयतों के मध्य जाने और उन्हें जागरूक कर गति को और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रैयतों को जागरूक करना अति आवश्यक है। मंत्री ने यह भी कहा कि सर्वे कार्यक्रम में किसी भी पदाधिकारी/कर्मी के विरुद्ध कोई भी गंभीर शिकायत प्राप्त होती है तो उनके विरुद्ध निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बंदोबस्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि विशेष सर्वेक्षण के दौरान रैयतों की सुविधा के किये जा रहे लगातार सुधार किये जा रहे हैं। सर्वेक्षण के कार्य में लगे पदाधिकारियों का दायित्व है कि नीचे के कर्मियों तक सभी निर्देश पहुंचाने के लिए लगातार उनके साथ बैठक की जाये। सचिव जय सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी सप्ताह में शिविरों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। इससे रैयतों की परेशानी दूर की जा सकेगी। मौके पर निदेशक कमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय, बीरेंद्र कुमार, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, मोना झा, नवाजिश समेत सर्वे कार्य से जुड़े कई अन्य अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से मसौढ़ी जेल में नशा मुक्ति जागरूकता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सहयोग से उपकारा मसौढ़ी में लॉ फाउंडेशन के द्वारा ड्रग डी एडिक्शन यानी नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में कैदियों के साथ बातचीत कर नशीली पदार्थ का सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा करके गलत कामों को अंजाम देना आदि मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई और कैदियों से भी जानकारी लिया गया और नशा से दूर होकर परिवार के साथ सम्मानपूर्वक व खुशहाल जीवन व्यतीत करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जब आप नशा करते हैं तो आपका दिमाग आपके कंट्रोल में नहीं रहता है और उससे अपराधिक प्रवृत्ति की क्षमता बढ़ जाती है और कई क्राइम लोग करते हैं ऐसे में इस नशा से दूर रहे। इस मौके पर लॉ फाउंडेशन से एडवोकेट खालिद कुरैशी, सामाजिक कार्यकर्ता रंजन, जेल सहायक अधीक्षक राजेश कुमार, डीएलएसए पैनल एडवोकेट विमल कुमार व जेल चिकित्सक सहित दर्जनों कैदी उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों के हितों की रक्षा करे भारतीय मानवाधिकार परिवार: डॉ. बी.बी. सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय मानवाधिकार परिवार की बिहार प्रदेश इकाई की प्रदेश स्तरीय बैठक गांधी मैदान स्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की जबकि उद्घाटन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉक्टर विनय बहादुर सिन्हा ने किया। बैठक की शुरूआत में डॉक्टर सिन्हा को माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉक्टर सिन्हा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी प्रारंभिक दौर से ही मानवाधिकार की रक्षा में सक्रिय रही है। उन्होंने बुजुर्गों



के अधिकारों की ओर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आज वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। तालेबंद घरों में उनकी लाशें मिलना इस बात का प्रमाण है कि यह गंभीर मानवाधिकार हनन का विषय बन चुका है। प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में संगठन की गतिविधियों की चर्चा करते हुए बताया कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। बैठक में डॉक्टर मुख्तारुल हक ने बाल अधिकारों को मानवाधिकार से जोड़ने की आवश्यकता बताई। प्रदेश सचिव सत्येंद्र शांडिल्य, मेडिकल सेल के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मुकुल कुमार सिंह, विभा वाणी के प्रदेश संयोजक रंजय रंजन सिंह, रेडक्रॉस के मुख्य वित्त पदाधिकारी इंदुभूषण, बैंकर्स क्लब के सचिव गोपाल प्रसाद, प्रशाखा पदाधिकारी रवींद्र कुमार सिन्हा, सहायक सचिव शहाबुद्दीन, तथा टीबी एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर आसिफ राजा ने भी विचार व्यक्त किए। मानवाधिकार कार्यकर्ता विनोद भाटी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व मानवाधिकार का दुरुपयोग कर कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। ऐसे मामलों में सुधार की आवश्यकता है।बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को आई कार्ड एवं मानवाधिकार परिवार की पत्रिका वितरित की गई। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश अवस्थी को आमंत्रित किया जाएगा।

## हनुमान जी की प्रभु भक्ति अनुकरणीय : अजय प्रकाश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हनुमान जयंती के अवसर पर राजा बाबू की गली पटना सिटी स्थित श्री श्याम मंदिर में अजेय रामदूत फाउंडेशन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि भगवान हनुमान से हमें ईश्वर भक्ति का ज्ञान प्राप्त होता है। हनुमान जी से हम सीखते हैं कि ईश्वर की भक्ति कर जीवन के संपूर्ण कार्यों की सिद्धि सफलतापूर्वक हो जाती है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास कुमार मौड़ीवाल ने कहा कि इस मंदिर में कलयुग के दो जीवित देवता हारे के सहारे श्री खाटू श्याम जी एवं पवन पुत्र हनुमान जी लोगों का विघ्न दूर करते हैं। इस अवसर पर सभी को श्री राम अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया तथा दस समाजसेवियों को सनातन सम्मान से सम्मानित किया गया। हनुमान चालीसा का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विकास कुमार गुप्ता, अजय कुमार, उषा सिंह, राहुल मेहता, अनिल कुमार, निक्की कुमारी, मधु देवी, शुभम कुमार, मनीष कुमार, गोपी जी, सोनू कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु और भक्तजन उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## संपादकीय

# भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत

मुंबई के 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए बड़ी कानूनी और कूटनीतिक जीत है। अब देश के दुश्मन को न्याय के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा और उन लोगों को इंसाफ मिलेगा, जिन्होंने इस आतंकी हमले में अपनों को खोया है। मुंबई पर आतंकी हमला साल 2008 में हुआ था। 16 साल से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन उसका दर्द अब भी है। वजह कि सारे दोषियों को आज तक भी उनके किए की सजा नहीं मिल सकी है। कई दोषी सीमा पार शरण लिए हुए हैं। इस लिहाज से राणा का प्रत्यर्पण बहुत बड़ी सफलता है। इसके पीछे भारत सरकार और उसके उन अफसरों की कड़ी मेहनत है, जो 2019 से ही राणा को भारत लाने के प्रयास में जुटे थे। तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम से एजेंसीज पूरा सच जान सकती हैं। इससे पाकिस्तान पर प्रेशर बनाया जा सकेगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दिखावा न करे, बल्कि हकीकत में कदम उठाए। चूंकि मुंबई अटैक में 6 अमेरिकी नागरिकों की भी जान गई थी, इसलिए इस्लामाबाद पर वॉशिंगटन का भी दबाव होगा। राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी अदालतों में तमाम दलीलें दीं। यहां तक कहा कि एक अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती, लेकिन भारत ने बखूबी उसका काउंटर किया। इससे संदेश गया है कि मानवता के गुनहगार कानून को ढाल बनाकर लंबे समय तक बच नहीं सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में ही कह दिया था कि मुंबई आतंकी हमले के लिए राणा को भारत में न्याय का सामना करना पड़ेगा। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण एक बड़ी जीत है, पर पूरी नहीं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का एक बड़ा काम यहां से शुरू होता है। मुंबई पर आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग और फंडिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्रस्ढ्ढ व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ था, इसमें कोई शक नहीं रह गया है। फिर भी कुछ कड़िया बाकी हैं। राणा के जरिये भारतीय सुरक्षा एजेंसियां उन कड़ियों को जोड़ सकती हैं। इससे कई राज खुलने और जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव से जुड़े जीवन-संकट

**भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है।**

(ललित गर्ग)

इस बार बढ़ती गर्मी के पूराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी।

भारत में इस समय गर्मी एवं हीट वेव का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, खासकर उत्तर भारत के अनेक राज्यों विशेषतः गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अप्रैल के प्रारंभ में ही बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव लोगों को अपनी चपेट में लेने लगी, कई शहरों में पारा 44-45 डिग्री तक चढ़ गया है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जो चिन्ताजनक होने के साथ अनेक समस्याओं एवं परेशानियों का सबब है। लगातार बढ़ती गर्मी के आंकड़े एक बार फिर जलवायु परिवर्तन के परिणामों और इसकी वजह से खड़े हुए संकट को ही दर्शा रहे हैं। अधिक तापमान पानी की गंभीर कमी का कारण बन सकता है, कृषि को प्रभावित कर सकता है और विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम का कारण बन सकता है। भीषण गर्मी एवं लू का प्रकोप लोगों की सेहत, कार्य-क्षमता और उत्पादकता पर गंभीर खतरा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है। इसके मुताबिक साल 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है।

इस बार बढ़ती गर्मी के पुराने सारे रेकॉर्ड तोड़ देने की चेतावनी दी जा रही हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। गुजरात एवं राजस्थन के अनेक स्थानों पर अभी से गर्मी इतनी तेज है कि कुछ ही दिनों में धरती तवे की तरह तपने लगेगी। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर हो सकते हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल होगा। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम, हमारी सुविधावादी जीवनशैली और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम से ही गर्मी कहर बरपाती है और प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने आती हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा, अन्यथा आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं।

विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम और गरीबी दोनों मारती है।

प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा तापमान में लगातार असंतुलन सामान्य घटना नहीं है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना




और हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से 'तीसरा ध्रुव' कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति 'लिटल आइस एज' के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा।

दुनियाभर में कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी अनेक संकटों की दस्तक है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं, वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है।

सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगहों पर धारा 144 लागू करना इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे? लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से रोजगार और अर्थव्यवस्था को गति देने में जुटी योगी सरकार



(नवीन जायसवाल)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने युवाओं के लिए एक नई क्रांति की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, मीडिया और मनोरंजन जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में युवाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य कौशल विकास मिशन ने प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोल दिए हैं। प्रदेश में उभरते क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया, मनोरंजन, और नागरिक उड्डयन में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए सरकार ने इन सेक्टर्स में विशेष कौशल प्रशिक्षण योजनाओं की शुरुआत की है। इसके साथ ही, जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स में रोजगार के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित सेक्टर स्किल काउंसिल्स के माध्यम से युवाओं के प्रशिक्षण की कार्यवाही पूरी भी कर ली गई है। सीएम योगी की यह दूरदर्शी कदम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

**उभरते सेक्टर्स में युवाओं को मिल रहा विशेष प्रशिक्षण:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने युवाओं के लिए एक नई क्रांति की शुरुआत की है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, मीडिया और मनोरंजन जैसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में युवाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान कर सरकार युवाओं को 'रेडी टू वर्क' बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके अलावा, नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो प्रदेश में एयरपोर्ट के विकास के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

**जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी बनेगा रोजगार का नया केंद्र:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता से जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी प्रोजेक्ट्स राज्य के विकास का आधार बन रहे हैं। इन परियोजनाओं के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल्स ने संभावित रोजगार क्षेत्रों की पहचान कर ली है, और अब प्रशिक्षित युवा इनके क्रियान्वयन के लिए तैयार किए जा रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि फिल्मसिटी नोएडा में मनोरंजन उद्योग को बढ़ावा देगी, जिससे मीडिया और प्रोडक्शन से जुड़े युवाओं को फायदा होगा। जेवर एयरपोर्ट और फिल्मसिटी से जुड़े प्रशिक्षण से युवा तकनीकी और रचनात्मक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाएंगे। यह कदम राज्य की जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन को कम करेगा।

**युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिल रहा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण:** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत 14 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं को मुफ्त और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योगी सरकार का लक्ष्य हर युवा को उसके कौशल के आधार पर रोजगार देना है। मिशन के तहत 2800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों में हर साल तीन लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो राज्य की विकास यात्रा को गति देगा।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मिशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 से मार्च 2025 तक बीते आठ वर्षों में कुल 14,13,716 युवाओं को प्रतिशित किया गया है। साथ ही मिशन दुलारा 5,66,483 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। यही नहीं उत्तर प्रदे कौशल विकास मिशन द्वारा बीते आठ वर्षों में उत्पादन और सेवा क्षेत्र से जुड़े 24 प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों को फ्लैक्सी प्रशिक्षण प्रदाताओं को अनुबंधित किया गया है। इसके अलावा 8 प्लेसमेंट एजेंसीज को भी अनुबंधित किया गया है। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अपने कर्मों का संसार ऑक्सीजन पर वार



रवि तिवारी

आज सबेरे जैसे ही मैंने मोबाइल खोला मुझे मेरे मित्र के द्वारा भेजा गया उक्त संदेश प्राप्त हुआ। उसे पढ़ने के बाद मेरे मन में जो विचार आये उसे मैं लिख रहा हूं उसे ध्यान से पढ़िएगा और मन ही मन मनन करिएगा:-

इन विचारों को पढ़ने के बाद देश के नेताओं और अधिकारियों में यह विचार आ सकता है जब एक व्यक्ति अपने पूरे जीवन में पांच करोड़ रुपए से ऊपर की ऑक्सीजन मुफ्त में ले रहा है तो यह देश के साथ बहुत बड़ा अन्याय है अतः इनके ऊपर कोई न कोई टैक्स जरूर लगाना चाहिए।यह एक राजनीति का बेहतरीन मुद्दा भी बनाया जा सकता है।

## अब बानगी देखिए--

1.अधिकारी वर्ग :-

अधिकारी कहेगा की इतनी कीमती व बहुमूल्य ऑक्सीजन मुफ्त में ही उपयोग की जा रही है और सरकार को इससे एक पैसे का भी फायदा नही हो रहा है। अतः इस पर हमे टैक्स लगाना चाहिए जिससे लोगो को इसकी अहमियत मालूम हो सके और सरकार को कुछ अर्थ की प्राप्ति होती रहे। इस प्रयोजन से सरकार को मिलने वाली टैक्स की राशि से हम उसका उपयोग इस देश में अधिक से अधिक ऑक्सीजन पैदा करने में खर्च करेंगे - जैसे सघन वृक्षारोपण, कृत्रिम रूप से ऑक्सीजन बनाने के कारखाने स्थापित कर सकते हैं।इसके लिए एक अलग से विभाग बना दिया जाएगा जिसके कार्यालय देश के कोने-कोने में होंगे। भारी मात्रा में कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।कार्यालय पूर्ण सुविधायुक्त होंगे, जिससे वहां काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नए नए विचार आयेंगे और उस पर वे पूरी शक्ति के साथ मन लगा कर उस पर अमल कर सकेंगे, जैसा की शासकीय कार्य में होता है बड़े-बड़े सेमिनार वर्कशॉप, विदेश भ्रमण (अन्य देशों में इस तरह का कोई प्रावधान है इसको जानने और सीखने के लिए) का भी आयोजन किया जाएगा। इन सब का फायदा देश की जनता को ही मिलेगा। जिससे भारत की जनता को सतत रूप से बिना किसी रूकावट के ऑक्सीजन मिलती रहे सब जगह एक जैसी।

उक्त प्रस्ताव को सरकार के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

## 2.नेताओं की जमात:-

1.यह प्रस्ताव अलोकतांत्रिक है भारत की पूरी जनता को इसमें एक दृष्टिकोण से समाहित करने की योजना है जोकि पूर्ण रूप से गलत है। जैसा की सबको पता है की अनेकता में एकता वाला यह देश है, तो इसमें जो अनेकता है उसको देखते हुए योजना बननी चाहिए।

2. हमे यह याद रखना होगा कि इस देश की ऑक्सीजन पर अल्पसंख्यको का पहला अधिकार है।

3.हमें यह नही भूलना चाहिए की इस देश में स्वतंत्रता के बाद आरक्षण की सुविधा है जिसमें दिनों-दिन बढ़ोतरी हो रही है इसलिए आरक्षित वर्ग को ऑक्सीजन या तो मुफ्त में मिले या फिर उनके लिए टैक्स बहुत कम होना चाहिए।

4.एक प्रस्ताव यह भी है की अल्पसंख्यक और आरक्षित वर्ग को मुफ्त में रक्षा ऑक्सीजन लेने की सुविधा सतत बनी रहे तथा जो सामान्य वर्ग के लोग हैं या जिसे हम उच्च कोटि के लोग कहते हैं उन्हें ही ऑक्सीजन के ऊपर टैक्स देना होगा या फिर वह ऐसा कानून बने की यह वर्ग प्रकृति से केवल हफ्ते में दो दिन ऑक्सीजन ले सकते हैं, बाकी समय उन्हें कृत्रिम गैस सिलेंडर से ऑक्सीजन लेकर काम चलाना होगा, क्योंकि टेक्स लगाने का उद्देश्य ऑक्सीजन के गैस सिलेंडरों के उत्पादन में भी वृद्धि करना है अन्यथा इस उद्देश्य की पूर्ति कैसे होगी।

5.जो सामान्य वर्ग का व्यक्ति यदि समय सीमा से बाहर प्राकृतिक ऑक्सीजन लेते पाया जाता है तो उस पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने का भी इसमें प्रावधान किया जाए।

6.महिला वर्ग के लिए इसमें कोई अलग से प्रावधान नहीं है उन्हें ऑक्सीजन की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ती है अतः प्राकृतिक ऑक्सीजन में महिलाओं का भी आरक्षण किया जाए उन्हें कम से कम 33त्न ऑक्सीजन का कोटा मिले।

7.देश के नौजवानों को ऑक्सीजन की अत्यधिक आवश्यकता है अतः ऐसा प्रावधान होना चाहिए कि अधिक से अधिक ऑक्सीजन लेने का अधिकार नौजवानों का हो।

बुजुर्गों का या वरिष्ठ नागरिकों को दिन में धीरे-धीरे सांस लेने का कानून बनाया जाए जिससे वे पृथ्वी का ऑक्सीजन ज्यादा नहीं ले पाए।

8.पेड़ पौधे भी रात को ऑक्सीजन लेते हैं इसका भी ध्यान रखना चाहिए और ऑक्सीजन कार्यालय को ऐसे पेड़ लगाने चाहिए जो केवल ऑक्सीजन ही देते हो लेते ना हो।

9.सबेरे सबेरे योगाभ्यास करने वाले वर्ग को सतर्क करना चाहिए अन्यथा वे रोज सवेरे सबेरे पूरी ऑक्सीजन ले लेंगे।

10.यह कैसे तय होगा कि कौन कितनी ऑक्सीजन लेता है। अतः यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि हर व्यक्ति के शरीर में एक मीटर लगा दिया जाए जिससे यह पता लग सके की वह दिन में कितनी ऑक्सीजन लेता है, और कानून का बराबर पालन हो रहा है या नहीं। इसका मोनिटरिंग सिस्टम ऑक्सीजन कार्यालय में होना चाहिए जिससे कोई बदमाशी ना हो पाए।

## नियति:-

कानून तो नहीं बन पाया लेकिन इस मुद्दे को लेकर राजनीति गरमा गई है और अगला चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ा जाएगा देश की सरकार इस मुद्दे पर बदल भी सकती है सब लोग अल्पसंख्यक और आरक्षित वर्ग के लिए आंसू बहा रहे हैं,और इससे होने वाली कमाई पर भी राजनीतिक दलों तथा अधिकारी वर्गों की निगाहे लगी हुई है।

देश का मीडिया अपनी रोजी-रोटी सेकने में लगा है रोज झड्ड पर बहस हो रही है। समाचार पत्रों पर बड़े-बड़े लेख लिखे जा रहे हैं नेताओं के इंटरव्यू छप रहे हैं जनता अपने सारे मूल समस्याओं को भूल कर ऑक्सीजन में उलझ गई है।

## घोषणा पत्र:-

1.एक पार्टी के घोषणा पत्र में इस को प्रमुखता से स्थान देकर जनता को इस बात का भरोसा दिलाया गया है कसम राम की खाते हैं कि हम यह कानून लाने नहीं देंगे।

2.किसी और पार्टी के घोषणापत्र में लिखा गया है कि हम इस कानून के साथ देश के अल्पसंख्यक और आरक्षण वर्ग के लोगों का पूरी तौर से ख्याल रखेंगे क्योंकि इस देश के संसाधनों व ऑक्सीजन पर उनका पहला अधिकार है।

3.किसी और पार्टी ने अपने घोषणापत्र में लिखा है हम आपसे वादा करते हैं अगर हमारी सरकार आई तो गरीबों को मुफ्त में ऑक्सीजन मिलेगी और अमीरों को प्राकृतिक ऑक्सीजन लेने से वंचित किया जाएगा वे सक्षम है अतःउन्हें जीने के लिए अपने ऑक्सीजन की व्यवस्था खुद करनी होगी।

## अंततः

देश में राजनीति गरमा गई है वातावरण बनाना शुरू हो गया है परिणाम स्वरुप देश के पेड़-पौधे बिना किसी देखरेख के मरते जा रहे हैं ।देश के कई भागों में तापमान ऐतिहासिक होता जा रहा है। पशु पक्षी मर रहे हैं, देश की राज नेता और उनके दल आपस में लड़ रहे हैं, इससे किसका भला होगा पता नहीं लेकिन एक बात तो तय है सबसे ज्यादा नुकसान इस पृथ्वी पर बसे इंसानों पशु पक्षियों प्राकृतिक शक्तियों का पूरी तरह से नुकसान हो रहा है।

## परिणाम:-

राजनीतिज्ञ इस देश को क्या देंगे इसका तो पता नहीं लेकिन प्रकृति परिणाम स्वरुप इसकी भयंकर सजा प्रकृति को उसकी गोद में पल रहे जीव जंतुओं को,इंसानों को अवश्य देगी यह तय है।हम इतने सालों से इनके ऐसे ही चक्करों में फंस कर अपना सब कुछ गंवा कर इन्हें मजबूत बनाते चले जा रहे है। **( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं )**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षु आईपीएस ने किया प्रवेश द्वार का उद्घाटन

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** मांझी प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पंचायत में मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा के निजी कोष से निर्मित भव्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन शुक्रवार को मांझी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर



श्री कुमार ने कहा कि यह द्वार पंचायत में समृद्धि, सौहार्द और विकास का प्रतीक बनेगा। उद्घाटन समारोह में मुखिया दीपक मिश्रा एवं उनके समर्थकों द्वारा अतिथियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। मुखिया ने बताया कि लगभग सवा तीन लाख रुपए की लागत से बने इस द्वार से पंचायत के चार गांवों के लोगों को एक नया पहचान और प्रेरणा मिलेगी। इससे पहले भी पंचायत में एक अन्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया था। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने किया था। समारोह में पूर्व मुखिया सुनील मिश्रा, जय प्रकाश मिश्रा, गोविंद पाठक, रितेश ठाकुर, विजय यादव, उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शाखा प्रबंधक ममता चौधरी की भावभीनी विदाई

**नगरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, कटेसर बुजुर्ग शाखा में कार्यरत शाखा प्रबंधक ममता चौधरी के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक के सहकर्मियों एवं स्थानीय उपभोक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी व उनके कार्यकाल की सराहना



की। बैंक कर्मियों ने कहा कि ममता चौधरी एक मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ एवं उत्तरदायी अधिकारी रही हैं। उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि बैंक के कार्य सहज रूप से संपन्न हों और वरिष्ठ नागरिकों तथा आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समारोह में सुनील कुमार, निकुंज कुमार, सीएसपी संचालक कुंदन शर्मा, तारकेश्वर शर्मा, अविनाश कुमार, जितेंद्र सिंह, लोकेश भारद्वाज सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने ममता चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य व सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर विदाई स्वरूप पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** परसा प्रखंड के बनकेरवा रोड स्थित महावीर अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) सह भाजपा प्रवक्ता (युवा मोर्चा) ई. आदित्य सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर आदित्य



सिंह ने कहा कि परसा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। अब लोगों को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 40-50 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय व खर्च दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई राहत देगी। केंद्र संचालक सुजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अल्ट्रासाउंड के साथ-साथ ईसीजी, इको (दिल की जांच), स्क्रोटम, किडनी, गॉल ब्लाडर समेत गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण फिट्स जांच भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर जदयू नेता प्रिंस सिंह, मानवाधिकार आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, दिवाकर पटेल, बिपिन सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे परसा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

### भीषण गर्मी से निपटने को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, रेफरल अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सदर अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों में विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें आइसोलेशन वार्ड, कूल रूम, ओआरएस पैकेट, आईवी फ्लूड व जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि लू से प्रभावित बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में स्टैटिक एवं मोबाइल मेडिकल टीमें तैनात की जाएंगी। लोगों को जागरूक करने हेतु पंपलेट व पोस्टर के जरिए प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। डीपीएम अरविंद कुमार ने कहा कि सभी अस्पतालों में शुद्ध पेयजल, शीतल छाया और कूल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। उम्मीद है कि इन प्रयासों से लू से होने वाले दुष्प्रभावों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा।

### बैग काटकर चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जलालपुर थाना क्षेत्र में बैग काटकर 40 हजार रुपये की चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की तलाश में छापेमारी की जा रही है। घटना 23 मार्च को जलालपुर बाजार में हुई थी, जब गम्हरिया कला निवासी रामवृक्ष प्रसाद खरीदारी कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनका बैग काटकर 40 हजार रुपये चुरा लिए थे। जलालपुर थाना में कांड संख्या-54/25, धारा 303(2)/318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर मांझी थाना क्षेत्र के दुर्गापुर निवासी मुन्ना तिवारी के पुत्र आकाश तिवारी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया, और उसकी निशानदेही पर 34,500 रुपये नकद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### आरक्षण वापसी की मांग को लेकर तांती-ततवा समाज में उबाल

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** तांती-ततवा (पान) समाज को आरक्षण वापस देने की मांग को लेकर समाज में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। मांझी प्रखंड के सरयूपार गांव में शुक्रवार को "हांको रथ हम पान हैं" आंदोलन को धार देने के लिए पान समाज के प्रदेश अध्यक्ष (पंचायती राज प्रकोष्ठ) राजेश कुमार प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर कहा कि 13 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में समाज की ओर से महारैली आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस रैली में 13 लाख से अधिक पान समाज के लोग भाग लेंगे और आरक्षण वापसी के लिए सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। श्री प्रसाद ने कहा कि पान समाज अब केवल नारेबाजी नहीं बल्कि सत्ता में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने और आरक्षण की बहाली के लिए कटिबद्ध है।

# ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक दायित्व के साथ निर्वहन कर रहे हैं सरकार के दायित्व : अविनाश वर्मा

## अविनाश वर्मा में है सभी को संगठित कर आगे ले जाने की क्षमता : पंचम कुमार

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छोटे-छोटे विद्यालय का सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का दीप जलाना बड़ी बात है। ये सामाजिक दायित्व के साथ सरकार के दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं। मगर कुछ बड़े मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के कारण इन सभी छोटे विद्यालयों पर उंगली उठ रही है। इस पर अंकुश लगाना सरकार का काम है। उक्त बातें प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कही। वे पांकी स्थित ग्रीन लैंड कॉन्वेंट हाई स्कूल के 13वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अविनाश कुमार वर्मा ने विद्यालय संचालन के 10 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय परिवार को बधाई



दी। कहा कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बेहतर परफॉर्मेंस से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में विद्वता व गुण साफ झलक रही है। यह सब स्कूल के शिक्षाविदों के मेहनत का परिणाम है। उन्होंने पांकी मुख्य पथ से विद्यालय तक के सड़क की स्थिति पर चिंता प्रकट की। कहा कि अब पांकी को भी नगर पंचायत का दर्जा देते हुए विकास की नई रेखा खींचने की आवश्यकता है। इसके पूर्व कार्यक्रम उद्घाटन मुख्य अतिथि अविनाश वर्मा व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार पांडेय ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गान के साथ कई मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किए। मौके पर पांकी प्रमुख पंचम कुमार ने पांकी के सभी निजी विद्यालयों को एक सूत्र में बांधने के लिए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड की सराहना की। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के शानदार प्रस्तुति की प्रशंसा की। स्थानीय मुखिया प्रेम कुमार ने कहा कि हम सब शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुशासन समिति संयोजक वीरेंद्र दुबे समेत सभी वक्ताओं ने विद्यालय परिवार द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयास के लिए साधुवाद दिया। कहा कि विद्यालयों के हित में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन हर वक्त आपके साथ है। कार्यक्रम समाप्ति के बाद विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडे, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पांकी के अध्यक्ष विनोद सिंह, संरक्षक राजु गुप्ता, उपाध्यक्ष विकास प्रजापति, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी राजन कुमार, उपसचिव शशिकांत सिंह, उपकोषाध्यक्ष मनीष सिंह, सदस्य भारत सिंह, दिनेश कुमार के साथ सैकड़ों अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्य अनामिका पांडे व धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक प्रमोद पांडे ने किया।

**पांकी के ग्रीनलैंड कॉन्वेंट हाई स्कूल का मना 13वां वार्षिकोत्सव**

# मोदी के मेक इन इंडिया व मेक इंडिया से भारत बनेगा समृद्धशाली, तीसरे नंबर की होगी अर्थव्यवस्था : मनोज सिंह

## सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में जुटे भाजपाई

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी अपनी नीति व सिद्धांतों से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का गौरव हासिल है। मात्र 46 साल की राजनीतिक पार्टी की चुनावी सफलता व संगठनात्मक विस्तार से हम जन-जन तक पहुंच गए हैं। उक्त बातें झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कही। वे शनिवार को मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के बाद विधानसभा स्तर पर सक्रिय




सदस्य सम्मेलन में बोल रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित सम्मेलन में मनोज सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन आने वाले भविष्य की परिकल्पना है। अटल जी के 6 वर्ष व मोदी जी के 11 वर्ष सेवाकाल में विकसित भारत यात्रा अग्रसर है। मेकिंग इंडिया व मेक इंडिया से समृद्धशाली भारत बनेगा। 10वें पायदान से अर्थव्यवस्था में पांचवें स्थान पर आना व भविष्य में तीसरे स्थान पर पहुंचना साथ ही 2047 तक पहले स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य ही आत्मनिर्भर भारत से ही संभव होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षताजिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी व संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडेय ने किया। बतौर कार्यक्रम प्रभारी पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। अपने 46वें स्थापना को लेकर पार्टी का सेवा पखवाड़ा चल रह है। इसमें कार्यकताओं को बूथ, पंचायत, मंडल व जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम करना है। इसमें बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्यों का एकत्रीकरण व संवाद, घर- घर झंडा लगाना, गांव मोहल्लों की गलियों में तिरंगा यात्रा व नुक्कड़, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, गौशालयों व मंदिरों में स्वच्छता सहित अन्य कार्यक्रम करना है। प्रत्येक बूथ पर एक-एक कार्यकर्ताओं को प्रवासी के रूप में न्यूनतम 8 घंटे का प्रवास कर विविध तरह के कार्यक्रम करना है। इसमें लाभार्थी, युवा महिला, किसान बैठक से लेकर चौपाल तक शामिल हैं। इसमें मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही 256 कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को बताकर उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर वरिष्ठ नेता विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा, नरेंद्र पांडे, सीएस दुबे, उदय शुक्ला, विजय ओझा, धीरेंद्र दुबे व रूपा सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शिव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय कुशवाहा, सोमेश सिंह, छोटू सिन्हा, श्वेतांग गर्ग, शुभम प्रसाद, सरवन गुप्ता, कुमार गौरव, वेद प्रकाश, किशन माखड़िया, संजय कुमार, शशि भूषण पांडे, राजेश सिंह, बैजनाथ प्रसाद, अजय सिंह, दिनेश प्रजापति, महेंद्र सिंह, रवि प्रसाद, महेश्वर सिंह, सुधीर प्रसाद, निवेदन अग्रवाल, राजहंस अग्रवाल, राजेश गुप्ता, नंदलाल गुप्ता, रीना किशोर, सीटू गुप्ता, मंजू देवी व शोभा देवी सहित सक्रिय कार्यकर्ता व नेता मौजूद थे।

# गर्भवती महिला का स्वस्थ्य रहना आवश्यक, तभी स्वस्थ जन्म लेगा नवजात शिशु : राधा कृष्ण किशोर

## मंत्री ने छतरपुर व नौडीहा प्रखंड की सेविकाओं के बीच बांटे स्मार्टफोन

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हेमन्त सरकार की सोच है कि कोई भी नन्हे बच्चे तक सही पोषण का वितरण हो। इसके लिए जागरूकता जरूरी है। पोषण पखवाड़ा के माध्यम से जागरूक कर नवजात शिशु को स्वस्थ्य बनाएं। उक्त



बातें सूबे के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कही। वे शनिवार को छतरपुर प्रखंड सभागार में महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में स्मार्ट फोन वितरण सह पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में बोल रहे थे। मंत्री किशोर ने कहा कि गर्भवती महिला को स्वस्थ्य रहना आवश्यक है। तभी नवजात शिशु स्वस्थ जन्म लेगा ।इन्होंने कहा कि गरीबी उन्मूलन के लिए छतरपुर प्रखंड व नौडीहा बाजार प्रखंड में चलाए जा रहे विकास योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक जरूर पहुंचे यह हेमन्त सरकार की सोच है । मौके पर वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने छतरपुर प्रखंड के 20 सेविका व नौडीहा बाजार प्रखंड के 10 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन का वितरण किया। उन्होंने छतरपुर पुलिस प्रशासन पर सुरक्षा को ले नाराजगी जाहिर की। छतरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचलाधिकारी, कार्यलय पदाधिकारी, स्थानीय प्रशासन के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए शपथ लिया। साथ ही मीटिंग कर आये दिन हो रही घटना से निजात के लिए एक टीम गठित करने का निर्देश दिया। स्मार्ट फोन वितरण से पहले झारखंड के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को सभी सेविकाओं ने परिसर के मुख्य गेट पर तिलक लगाया। साथ ही चावल, गेंहू, कुलथी, चना, मक्का से बनाए गए मनमोहक रंगोली को दिखाया। उन्होंने छतरपुर व नौडीहा बाजार प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका द्वारा लगाए गए सब्जी व फल के स्टाल की तारीफ कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में पोषण पखवाड़ा के तहत वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर के साथ सभी पदाधिकारियों व सेविकाओं ने शपथ लिया कि हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचे। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद संजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, अंचल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान अंसारी, सीडीपीओ शिला कुमारी, पूर्व प्रमुख रंजीत जायसवाल, बीससूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, मोहन जायसवाल, जाहिर अंसारी समेत काफी की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पलामू जिला गतका संघ के 30 खिलाड़ी रवाना हुए झारखंड राज्य गतका शिविर के लिए

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड राज्य गतका संघ के तत्वावधान में 12 व 13 अप्रैल को राज्य स्तरीय गतका शिविर का अयोजन बोकारो स्टील सिटी के एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल में किया गया है। पलामू गतका संघ के 30 खिलाड़ी शिविर में भाग लेंगे। खिलाड़ियों को बोकारो रवाना करने के लिए पलामू गतका संघ



के उपाध्यक्ष प्रदीप नारायण, बब्लू चावला, सनत चटर्जी, सह सचिव दिपेंद्र सिंह, स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षक सुनील कुमार डालटनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। सभी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए प्रदीप नारायण ने कहा कि गतका पलामू जिले के लिए एक चर्चित खेल बन चुका है। यहां के खिलाड़ी अपनी मेहनत व लगन की बदौलत खेलो इंडिया, एसजीएफआई जैसे प्रतियोगिता में जाकर पलामू जिला को गौरवान्वित कर रहे हैं।

बबलू चावला ने कहा कि पलामू में गतकबाजों की संख्या धीरे -धीरे बढ़ रही है। इस खेल को पलामू जिला में आगे बढ़ता देख उन्हें बेहद खुशी हो रही है। मौके पर सनत चटर्जी ने कहा कि सभी प्यारे बच्चों के चहरे की खुशी देख कर यह पता चलता है कि शिविर में जानें के लिए कितना उत्साहित हैं। एक खिलाड़ी के लिए पूजा व प्रेम सिर्फ उसका खेल ही होता है। मौके पर सुमित बर्मन ने कहा कि पलामू गतका संघ के जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी के नेतृत्व में पलामू जिला गतका संघ आगे बढ़ रहा है। शिविर में जाने के लिए पलामू गतका संघ की ओर से विभिन्न विद्यालयों से खिलाड़ियों का चयन किया गया ।

चयनित खिलाड़ियों में द कराटे एकेडमी की काजल कुमारी, स्नेहा कुमारी, सत्यम ठाकुर, अर्पित राज, आकर्ष प्रताप, प्रियांशु कुमार, रिशु राज डांगी, संत मरियम स्कूल के रौशन कुमार, सन्नी कुमार, कार्तिक कुमार, खुशबू कुमारी, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल की चंदानी कुमारी, खुहू बस्के, रानी कुमारी , शुमन कुमारी, अनुभव कुमार, सत्यम कुमार सिंह, सौभाग्य सिद्धार्थ, धनंजय कुमार, गौतम कुमार, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के अनामिका मेहता, उमंग दुबे, ब्राइट लैंड स्कूल के जीत तिवारी, सौरभ कुमार, शौर्य सौरभ, शौर्य अविनाश, आदित्या अविनाश, अंश कुमार व अंशु कुमार शामिल हैं।

# पानी गिराने से मना करने पर महिला से मारपीट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के रखइ भेड़िहरवा टोला में पाइप की पानी गिराने, व कचरा फेकने से मना करने पर एक महिला से मारपीट की गई है। घटना 25 मार्च की है। मामले में भेड़िहरवा टोला निवासी रेखा देवी ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में गाव के ही शंभु राम, चंद्रशेखर राम, राजू राम,रवि राम,रंजन राम,चंदा देवी, ठगई राम को नामजद किया है। आरोप है कि कल का पानी गिराने एवं कचड़ा फेकने से मना करने पर सभी लोग एकजुट होकर गाली गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो मारपीट कर जख्मी कर दिए।

# थाना के जनता दरबार में जमीनी मामलों की हुई सुनवाई

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिले के अलग अलग थाने में जनता दरबार लगाकर जमीन से संबंधित विवादों का निपटारा किया गया। सिसवन संवाददाता के अनुसार थाना परिसर में अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने जमीनी विवाद पर सुनवाई करते हुए आपसी सहमति के साथ जमीन से संबंधित एक विवाद का निपटारा किया वह तीन अन्य मामलों पर सुनवाई की। मौके पर सिसवन थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों से लोगों ने जमीन से संबंधित विवाद निपटारा करने को लेकर आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों को नोटिस कर शनिवार को थाना परिसर में उपस्थित होने को लेकर कहा गया था जहां पर कागजातों के आधार पर आपसी सहमति बनाते हुए भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। रघुनाथपुर/हसनपुरा संवाददाता के अनुसार थाना परिसर में जनता दरबार लगाकर भूमि से संबंधित मामलो की सुनवाई की गई। पूर्व में ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लोगों द्वारा जमीनी विवाद निपटारा करने को लेकर अपने-अपने आवेदन दिए गए थे जिसको लेकर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया था।

# नगरपालिका उप चुनाव में एकमा नगर पंचायत के सभी वार्डों की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता एकमा (सारण)।** नगरपालिका उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड संख्या 01 से 19 तक की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। निबंधन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह अनुमंडल पदाधिकारी, छपरा सदर द्वारा यह सूची आम जनता की जानकारी व आपत्तियों के लिए जारी की गई है।



प्रकाशित सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक नागरिक प्रपत्र-2 में दावा दर्ज कर सकते हैं, जबकि सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण या अवैध नामों के खिलाफ प्रपत्र-3 में आपत्ति दर्ज की जा सकती है। दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इस प्रक्रिया के लिए डॉ. अरुण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एकमा को रिवाइजिंग अथॉरिटी नियुक्त किया गया है। नागरिक अपने दावे एवं आपत्तियां सीधे प्रखंड कार्यालय, एकमा में प्रस्तुत कर सकते हैं या डाक द्वारा भेज सकते हैं, ताकि निर्धारित तिथि तक संबंधित कार्यालय को प्राप्त हो सके। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 30 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। तत्पश्चात संशोधित और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 09 मई 2025 को किया जाएगा। प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने नाम की जांच कर आवश्यक दावा या आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि मतदाता सूची में उनका नाम सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके।

# बसाढ़ी उच्च विद्यालय में मेधावी छात्र हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा (सारण)।** सदर प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बसाढ़ी में शनिवार को प्रवेश उत्सव सह सम्मान समारोह व कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गरखा विधायक एवं पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, इसके बाद विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंचला तिवारी ने विधायक को शॉल एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया। अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत



किया। मौके पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में विशाल कुमार, रिया कुमारी, नंदनी कुमारी, अमीषा कुमारी, अंशु कुमार, पीयूष कुमार, प्रशांत कुमार व सोनी कुमारी शामिल थे। विधायक सुरेंद्र राम ने अपने संबोधन में छात्रों से परिश्रम और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की अपील की और शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने पर बल दिया। समारोह में पूर्वी तेलपा पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह, प्रधानाध्यापिकाएं कुमारी सरिता, मीना देवी, रीता कुमारी, शिक्षक अशोक कुमार सिंह, उमावती देवी, दिनेश कुमार तथा विद्यालय के शिक्षकगण अंजनी कुमार झा, दीपक कुमार पांडेय, गुड़िया कुमारी, सोनी कुमारी, रोहित वर्मा, कुणाल कुमार, पूर्णिमा मौर्य, पुष्कर गिरी, नागेंद्र पासवान एवं प्रकाश सौरव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लीड्स एशियन स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन


**पटना/नवबिहार ब्यूरो।** लीड्स एशियन स्कूल में आज प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों के अभिभावकों के लिए "पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम" का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शिक्षण शैली एवं छात्रों के समग्र विकास की दिशा में साझा भूमिका के बारे में अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के समन्वयक द्वारा प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने शिक्षा में मूलभूत संकल्पनाओं, विशेषकर गणित और अंग्रेजी भाषा की गहराई को समझाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए सचिन तेंदुलकर, यशस्वी जायसवाल, रोनाल्डो, एलन मस्क, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी प्रेरक हस्तियों के उदाहरणों से यह संदेश दिया कि 'हर बच्चा कुछ बड़ा कर सकता है, बशर्ते वह लगातार मेहनत करे और अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट हो।' कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री अजय कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि 'विद्यालय और अभिभावकों के बीच सामंजस्य अत्यंत आवश्यक है। समय पर स्कूल आना,



अनुशासन में रहना और समय का सदुपयोग बच्चों के उज्वल भविष्य की कुंजी है।' उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित गतिविधियों को भी विशेष महत्व देता है, ताकि बच्चों का मानसिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास संतुलित रूप से हो सके। प्राचार्य श्री अजय कुमार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं, उन्हें सुनें, समझें और घर पर भी एक सकारात्मक व प्रेरणादायक वातावरण बनाएं। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय की शिक्षण पद्धति, अनुशासन नीति, पाठ्यक्रम एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी दी गई। अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, 'अभिभावकों का सहयोग ही हमारे बच्चों को एक उज्ज्वल और सशक्त भविष्य की ओर ले जा सकता है। आइए, हम सब मिलकर इस लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएं।' लीड्स एशियन स्कूल का यह ओरिएंटेशन सत्र अत्यंत सफल, प्रेरणादायक और जानकारीपूर्ण रहा, जिसे सभी अभिभावकों ने अत्यधिक सराहा।

# दो दोस्त अलग नहीं हुए और 5 साल में ही खड़ी कर दी 66 करोड़ की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अश्विन पाटिल और चैतन्य कोरगाओंकर बचपन के दोस् त हैं। वे महाराष् ट्र के विदर्भ क्षेत्र के अमरावती जिले से हैं। 2018 में दोनों ने बायोफ्यूल्स जंक्शन की शुरुआत की। यह कंपनी उद्योगों में डीजल और कोयले की जगह साफ ईंधन इस्तेमाल करने के लिए काम कर रही है। वे कृषि कचरे को इको-फ्रेंडली पैलेट्स में बदलते हैं। इससे प्रदूषण कम होता है। किसानों को फायदा होता है। पर्यावरण भी बेहतर होता है। यह स्टार्टअप शुरू से ही फायदे में है। वित्त वर्ष 2022-23 तक केवल 5 सालों में इसका टर्नओवर 66.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। कंपनी भविष्य में अपना कारोबार बढ़ाना चाहती है। आइए, यहां अश्विन पाटिल और चैतन्य कोरगाओंकर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**अलग-अलग सेक् टर का अनुभव-** अश्विन पाटिल अमरावती जिले से ताल् लुक रखते हैं। उनका परिवार पीढ़ियों से खेती करता आ रहा है। उन्होंने मुंबई के वीरमाता जीजाबाई टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट से प्रोडक्शन इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने पुणे के पास और आंध्र प्रदेश में कुछ सालों तक अप् लायंस इंडस् ट्री में काम किया। फिर उन्होंने एमबीए किया और लगभग 18 साल तक इक्विटी इन्वेस्टमेंट बैंकिंग में काम किया। चैतन्य कोरगाओंकर आश्विन के 2000 से करीबी पारिवारिक दोस् त हैं। उन्होंने सरकारी बैंकिंग, रणनीति और लायजनिंग में विशेषज्ञता के साथ कई कंपनियों के साथ काम किया है।

**2018 में रखी बायोफ्यूल्स जंक्शन की नींव-** साल 2018 में अश्विन पाटिल और चैतन्य कोरगाओंकर ने बायोफ्यूल्स जंक्शन की नींव रखी थी। बायोफ्यूल्स जंक्शन कृषि कचरे को उपयोगी ईंधन में बदलती है। इससे किसानों को अपनी फसल के बाद बचे कचरे को ठिकाने लगाने का एक अच्छा तरीका मिल जाता है। यह कचरा पहले बेकार माना जाता था। कंपनी का नेटवर्क बहुत बड़ा है। 450 बायोफ्यूल मैन्युफैक्चरर्स एक साथ मिलकर काम करते हैं। इससे कंपनी को कचरा इकट्ठा करने और उसे ईंधन में बदलने में आसानी होती है।

**ग्राहकों की लिस् ट में बड़े-बड़े नाम-** बायोफ्यूल्स जंक्शन का दावा है कि उसका बायोफ्यूल सस्ता है। कंपनी के बड़े-बड़े ग्राहक हैं। इनमें हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस जैसी कंपनियां शामिल हैं। बायोफ्यूल्स जंक्शन शुरू से फायदे में चल रही है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का कारोबार 66.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। बायोफ्यूल्स जंक्शन के 450 बायोफ्यूल मैन्युफैक्चरर्स कचरे के स्रोतों के 30-40 किलोमीटर के दायरे में हैं। इससे काम तेजी से होता है। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। कंपनी का दावा है कि उसके बायोफ्यूल आयातित कोयले से 10 प्रतिशत सस्ते हैं।

**इस सेक् टर को चुनने की यह थी वजह-** अश्विन और चैतन्य ने बायोफ्यूल पर शोध करते हुए महसूस किया कि कोई भी बड़ा या पैन-इंडिया खिलाड़ी सेक् टर में नहीं था। इसके अलावा, डिमांड और सप् लाई में तीन प्रमुख कारणों से अंतर था - क् वालिटी, सप् लाई स् टेबिलिटी और प्रोडक् टों का कम् प् लायंस। अश्विन ने क्लास 12 तक अपने गृहनगर में कृषि पद्धतियां देखी थीं। चैतन्य और वह अपना कुछ काम करना चाहते थे। अपनी नौकरियों में व्यस्त रहते हुए उन् होंने 2016-17 में व्यावसायिक अवसरों की तलाश शुरू कर दी। अंत में उन् हें सफलता मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### पीयूष गोयल बोले-
### हम चीन से नहीं चाहते ज्यादा निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अब तक चीन से ज्यादा निवेश नहीं आया है और सरकार भी चीन से कोई बड़ा निवेश लाने के पक्ष लाने के पक्ष नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि भारत की अर्थव्यवस्था को उन विकसित देशों से जोड़ा जाए, जो निष्पक्ष व्यापार में भरोसा रखते हैं और जहां हमें व्यापार और निवेश का बराबरी का मौका मिले। कार्नेगी इंडिया वर्ल्ड टेक्नोलॉजी समिट को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, हर चीज आपसी भरोसे, पारस्पिक लाभ और बराबरी के आधार पर होगी।गोयल ने



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ से वैश्विक व्यापार व्यवस्था में आए बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, उन्हें इसमें कोई बड़ी परेशान नहीं दिखती, बल्क यह बदलाव दुनिया के लिए फायदेमंद है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, भारत अपने हितों की रक्षा करेगा। हमारे लिए सबसे पहले भारत है। जो भी हमारे हित में होगा, हम अपनी नीतियों को उसी अनुसार बदलेंगे। इस समय चीन से भारत में शायद ही कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है। पिछले 25 वर्षों में भी यही स्थिति रही है। जब चीन के लिए रास्ते खुले थे, तब भी भारत में ज्यादा निवेश नहीं आया। फिलहाल हम चीन से कोई बड़ा निवेश प्रोत्साहित भी नहीं कर रहे। यही हमारी वर्तमान नीति है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित देशों के साथ जोड़ें, जो निष्पक्ष व्यापार में विश्वास रखते हैं, ईमानदार व्यापारिक तरीकों को मानते हैं और जहां हमें व्यापार और निवेश करने के लिए समान अवसर मिलते हैं। सब कुछ आपसी भरोसे, आपसी लाभ और लेन-देन की भावना पर आधारित होगा। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इससे कोई बड़ा संकट पैदा होगा, सिवाय थोड़े समय की अस्थिरता के। मेरा मानना है कि दुनिया में जो बदलाव आ रहे हैं, वे वास्तव में पूरी दुनिया के लिए अच्छे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 9 अप्रैल को उन देशों पर 90 दिनों के लिए टैरिफ पर अस्थायी लगाई, जो अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में शामिल हैं। इस दौरान इन देशों पर केवल 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। लेकिन चीन पर उन्होंने 145 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया। इसके जवाब में चीन ने भी जवाबी शुल्क लगा दिए।

### 140 रुपये तक जा सकते हैं विशाल मेगा मार्ट के शेयर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिटेल चेन विशाल मेगा मार्ट के शेयर शुक्रवार को तेजी के साथ 104.35 रुपये पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में बंद हुए हैं। ब्रोकरेज हाउस आईसीआईसीआईसिक्योरिटीज विशाल मेगा मार्ट पर बुलिश है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों पर बाय रेटिंग बनाए रखी है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने कंपनी के शेयरों के लिए 140 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। यानी, शुक्रवार के क्लोजिंग लेवल से रिटेल कंपनी के शेयरों में 30 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिल सकता है। विशाल मेगा मार्ट के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 126.85 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 96.05 रुपये है।

# भारत अमेरिका - रूस के साथ व्यापार संबंध मजबूत कर रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया में उथल-पुथल मची है। इसका कारण अमेरिका और चीन के बीच बढ़ता व् यापार तनाव है। दोनों एक-दूसरे के खिलाफ टैरिफ की दीवार खड़ी कर चुके हैं। उनके बीच अब व्यापार करीब-करीब नामुमकिन जैसा हो गया है। लेकिन, इस रस् साकशी में भारत पार्टी नहीं बनना चाहता है। उसका पूरा फोकस अपनी प्राथमिकताओं पर है। यही कारण है कि वह सभी बड़ी अर्थव् यवस् थाओं के साथ संतुलन बनाकर चल रहा है। एक तरफ जहां वह अमेरिकी राष् ट्रपति डोनाल् ड ट्रंप से मिली 90-दिनों की टैरिफ मोहलत में अमेरिका के साथ बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) को अमलीजामा पहनाने की कोशिश में जुट गया है। वहीं, अपने पूराने दोस्त रूस के साथ भी रिश् तों को जोड़कर रखा है। रूस के साथ भारत की कई प्रोजेक् टों पर बात हो रही है।



भारत और रूस ने आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए छह नए प्रोजेक्ट पर सहमति जताई है। यह फैसला भारत-रूस वर्किंग ग्रुप ऑन प्रायोरिटी इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट्स के 8वें सेशन में लिया गया। इस मीटिंग में दोनों देशों ने मिलकर काम करने और आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही, पुराने प्रोजेक्ट्स की प्रोग्रेस पर भी बात की। इस सेशन के बाद इंडिया-रूस इन्वेस्टमेंट फोरम का दूसरा एडिशन भी हुआ। इसमें कई कंपनियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बीते दिनों दिल् ली में यह सेशन हुआ। इसका मकसद भारत और रूस के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, तकनीक और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। सेशन में तय किए गए प्रोजेक्ट्स को लेकर एक एग्रीमेंट पर साइन भी किए गए।

भारत की तरफ से कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री के डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड के सेक्रेटरी अमरदीप सिंह भाटिया और रूस की ओर से मिनिस्ट्री फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट के डिप्टी मिनिस्टर व्लादिमीर इलिचेव ने सेशन की अध्यक्षता की। दोनों ने माना कि इन्वेस्टमेंट और ट्रेड में लगातार सहयोग से दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी मजबूत होगी।

### बीटीए को अंतिम रूप देने में लगे हैं भारत और अमेरिका

उधर, भारत और अमेरिका एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने में लगे हैं। दोनों देशों का लक्ष्य है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक समझौते का पहला चरण पूरा हो जाए। वे द्विपक्षीय व्यापार को 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 अरब डॉलर करना चाहते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत पर लगाए 26 फीसदी जवाबी टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया है। दोनों देशों ने बातचीत शुरू करने के लिए नियम और शर्तें तय कर ली हैं। भारत और अमेरिका के बीच 90 दिनों में एक अंतरिम व्यापार समझौता हो सकता है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह समझौता तभी होगा जब दोनों देशों को इससे फायदा होगा। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर 26 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। लेकिन, 9 अप्रैल को ट्रंप प्रशासन ने इसे 9 जुलाई तक यानी 90 दिनों के लिए रोक दिया। हालांकि, भारत पर 10 फीसदी का मूल शुल्क अभी भी लागू रहेगा। इसका मतलब है कि कुछ शुल्क अभी भी लगेंगे। अधिकारी ने कहा कि समझौते के शुरुआती बिंदुओं को तय करने की बहुत संभावना है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के स्वरूप और आकार को अंतिम रूप देने के लिए भी काफी संभावनाएं हैं। इसका मतलब है कि समझौते में कई चीजों पर बात हो सकती है।

अधिकारी ने जोर देकर कहा कि 90 दिनों में सब कुछ संभव है, लेकिन यह तभी होगा जब यह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो। उन्होंने कहा, अगर दोनों देशों को फायदा होगा तभी समझौता होगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर बातचीत चल रही है। दोनों देश चाहते हैं कि व्यापार बढ़े और दोनों को फायदा हो। अधिकारी ने यह भी कहा कि भारत अमेरिका से लगातार संपर्क में है। बातचीत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी और कुछ यात्राएं भी हो सकती हैं।

### भारत का पुराना और भरोसेमंद दोस्त है रूस

रूस भारत का पुराना और भरोसेमंद दोस्त है। भारत की विदेश नीति में भारत-रूस के रिश्ते हमेशा से अहम रहे हैं। अक्टूबर 2000 में रूसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत-रूस स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप पर डिक्लेरेशन साइन किया गया था। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते और भी मजबूत हुए हैं। राजनीति, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, विज्ञान, तकनीक, संस्कृति और लोगों के बीच संपर्क जैसे सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा है। दिसंबर 2010 में रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को स्पेशल एंड प्रिविलेज्ड स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया गया।

# आईपीओ मार्केट में एक और कंपनी की होगी एंट्री, बाजार के नए माहौल में बोर्ड ने दी मंजूरी

**मुंबई, एजेंसी।** अगर आप आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में निवेश कर कमाई की चाहत रखते हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, एक और कंपनी का आईपीओ लॉन्च होने वाला है। यह आईपीओ होम सर्विसेज स्टार्टअप अर्बन कंपनी का है। कंपनी को आईपीओ के जरिए 528 करोड़ रुपये (लगभग 60 मिलियन डॉलर) की नई पूंजी जुटाने के लिए अपने निदेशक मंडल से मंजूरी मिल गई है। अब कंपनी जल्द ही बाजार नियामक सेबी के साथ अपने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल करने वाली है।

### पहले क्या था प्लान

इस साल के शुरुआती दिनों में एक्सेल समर्थित इस कंपनी ने संभावित 3,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल करने की योजना बनाई थी। हालांकि, इसका मौजूदा लक्ष्य आकार 80 प्रतिशत से भी कम है। अब मनीकंट्रोल के सूत्र बताते हैं कि अस्थिर बाजार स्थितियों के कारण आईपीओ का आकार घटा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक आईपीओ के प्रबंधन के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली का चयन किया गया है।

**बाजार के माहौल ने बढ़ाई टेंशन-** बता दें कि साल 2024 में 13 स्टार्टअप की लिस्टिंग हुई। 2025 में यह संख्या काफी बढ़ने की उम्मीद थी। इस साल 25 से अधिक स्टार्टअप आईपीओ के लिए कतार में थे। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ युद्ध के कारण अस्थिर बाजार की स्थिति ने मिजाज बदला है। अब कई कंपनियां लिस्टिंग योजनाओं का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए मजबूर हो सकती हैं। अर्बन कंपनी ने 12 राउंड में 376 मिलियन डॉलर तक की फंडिंग जुटाई है। इसका अंतिम मूल्यांकन 2.5 बिलियन डॉलर था।

# एक लाख के पार जाएगा सोने का भाव, शेयर मार्केट में भूचाल के बीच खरीदने की होड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में तूफानी तेजी देखने को मिली है। एक तरफ दुनियाभर के मार्केट में अनिश्चितता का माहौल है। तो वहीं दूसरी भारतीय शेयर बाजार के क्रैश करने के वजह से निवेशक एक सुरक्षित निवेश खोज रहे हैं। ऐसी स्थिति सोना एक बेहतर विकल्प देता है। मौजूदा समय में 10 ग्राम सोने का भाव एक लाख रुपये से अब ज्यादा दूर नहीं है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या सोना 1 लाख रुपये के पार पहुंच जाएगा आइए जानते हैं एक्सपर्ट्स की राय -

### सोने का भाव 6250 रुपये हुआ महंगा



शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 6,250 रुपये उछलकर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक्सपर्ट्स ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने के बीच मजबूत सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर मांग बढ़ने के कारण इंटरनेशनल मार्केट में सोने की कीमत अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। इससे घरेलू कीमतों को बढ़ावा मिला। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चार दिनों की भारी गिरावट के बाद 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 6,250 रुपये की तेजी आई और यह 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को भी पार कर गया। पिछले दिन यह 89,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हिंदू बिजनेस लाइन की रिपोर्ट के अनुसार कामा ज्वलेरी के एमडी कोलिन शाह कहते हैं कि 2025 में सोने का भाव एक लाख रुपये के स्तर पर पहुंच सकता है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती हो सकती है। जिसका असर सोने की कीमतों में देखने को मिल सकता है। मौजूदा दौर में अस्थिरता के माहौल के बीच सोना एक सुरक्षित निवेश है। जिसकी वजह से डिमांड में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

# हाजमोला कैंडी है या आयुर्वेदिक दवा जीएसटी डिपार्टमेंट ने खोल दी है फाइल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एफएमसीजी सेक्टर की जानी मानी कंपनी डाबर जीएसटी अधिकारियों के चक्कर में फंस गई दिखती है। लोगों की पसंदीदा हाजमे की गोली हाजमोला पर टैक्स को लेकर सवाल उठाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह कैंडी है जबकि डाबर कंपनी हाजमोला को आयुर्वेदिक दवा बता रही है। अगर यह कैंडी है, तो इस पर 18 प्रतिशत टैक्स लगेगा। अगर आयुर्वेदिक दवा है, तो 12 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

### कैसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय का कोयम्बटूर जोन इस बात की जांच कर रहा है कि यह कैंडी या आयुर्वेदिक दवा। डीजीजीआइ इसे कैंडी मान रहा है और इस पर 18 फीसदी के जीएसटी की डिमांड कर रहा है। लेकिन डाबर ने इस ऑफिस को को जवाब दिया है कि हाजमोला एक आयुर्वेदिक दवा है।

**पहले भी हो चुका है विवाद-** हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया में आई एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला पहले भी उठाया गया था। उस सयम देश में जीएसटी लागू भी नहीं हुआ था। उस समय सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि हाजमोला एक आयुर्वेदिक दवा है। हाजमोला हर घर में इस्तेमाल होता है। इसे कैंडी या कंफेक्शनरी आइटम नहीं मानना चाहिए।




**डाबर को टैक्स डिमांड भी मिला है-** डाबर कंपनी को इनकम टैक्स का एक नोटिस भी मिला है। 1 अप्रैल को डाबर ने बताया कि इनकम टैक्स विभाग ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए 110.33 करोड़ रुपये का टैक्स भरने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इनकम टैक्स विभाग का कहना है कि डाबर ने अपने रिसर्च और डेवलपमेंट और इनकम टैक्स एक्ट, 1961 के सेक्शन 14 के तहत टैक्स में गलत छूट का दावा किया है। मतलब, डाबर ने टैक्स बचाने के लिए कुछ गलत तरीके अपनाए, ऐसा इनकम टैक्स विभाग का मानना है।

### कम हो सकती है कमाई

इस महीने की शुरुआत में डाबर ने कहा था कि शहरी बाजारों में मंदी और महंगाई के कारण मार्च तिमाही में उसकी कमाई कम हो सकती है। कंपनी को अपने मुनाफे में 150-175 बेसिस पॉइंट्स की कमी आने की आशंका है। इसका मतलब है कि डाबर को पहले जितना फायदा होता था, अब उतना नहीं होगा। पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, डाबर ने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में उसकी कमाई लगभग स्थिर रहने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि उसकी कमाई में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।

**डाबर के कई मशहूर ब्रांड-** डाबर के कुछ मशहूर ब्रांड हैं, जैसे डाबर च्यवनप्राश, डाबर शिलाजीत कैप्सूल, डाबर सितोपलादि चूर्ण, डाबर हनी, डाबर पुदीन हरा, डाबर लाल तेल, डाबर आंवला तेल, डाबर रेड पेस्ट, फ्रूट जूस रियल और वाटिका शैम्पू। ये सभी प्रोडक्ट्स लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। डाबर इंटरनेशनल में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इन बाजारों में डाबर की कमाई में अच्छी बढ़ोतरी हो रही है। डाबर को अपनी कुल कमाई का लगभग एक चौथाई हिस्सा इंटरनेशनल बिजनेस से मिलता है।

12_16.12.2018 PAGE-04.qxd 12-04-2025 22:44 Page 1



# ठग गिरोह की तीन लड़कियां गिरफ्तार

- 14 मोबाइल फोन और 18 सिम कर्ड बरामद
- गंदे वीडियो के माध्यम से फंसाती थी लोगों को
- मिलने और सेक्स के नाम पर ठगी थी लोगों को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** साइबर थाना पुलिस धनबाद ने अश्लील चैट के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले गिरोह का उद्भेदन किया है। पुलिस ने तीन लड़कियों समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 14 स्मार्ट फोन और 18 सिम कार्ड बरामद हुआ है। गुरुवार को पुलिस ने इन सभी को न्यायालय में पेश किया और वहां से जेल भेज दिया गया।

साइबर थाना पुलिस ने पुलिस उपाधीक्षक साइबर संजीव कुमार के नेतृत्व में बुधवार की देर रात बैंकमोड़ के श्रीराम प्लाजा के सामने स्थित राजेन्द्र मार्केट के एक मकान में छापामारी की। इस दौरान यहां तीन लड़कियों और एक अन्य दरी मोहल्ला पुराण बाजार निवासी मनीष कुमार उर्फ मोंटी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान ये सभी साइबर अपराध कर रहे थे। इनके पास से 14 मोबाइल फोन और 18 सिम कार्ड बरामद किया गया।

प्रारंभिक जांच एवं पुछताछ में इनके अलग-अलग आनलाईन प्लेटफार्म पर विज्ञापन डाल कर संपर्क में आए ग्राहकों को मेंम्बरशीप, सेंक्स चैट, लाईव न्युड/सैक्स विडियों, मिलने और सेक्स करने के नाम पर पैसों का ठगी करते थे।

साथ ही ग्राहको का विडियो बनाकर भयादोहन किया जाता था। इनलोगों द्वारा इस काम को करने के लिए अनेकों लड़कियों का जोड़ा गया था। इस काम में सरगना के रुप में मोंटी और उसकी दूसरी पत्नी नम्रता काम करती थी।

# मंईया सम्मान योजना सहित कई योजनाओं की हुई समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिरणपुर (पाकुड़)।** हिरणपुर प्रखंड कार्यालय में मनरेगा और अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के निदेशक ने पंचायत सचिवों को मंईयां सम्मान योजना और पेंशन के लाभुकों को डीबीटी से जोड़ने का निर्देश दिया, ताकि भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस कार्य को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है।

बीडीओ टुडू दिलीप ने सभी पंचायतों में गड्ढा खोदो कार्य को व्यापक रूप से चलाने का निर्देश दिया। हिरणपुर प्रखंड में 250 एकड़ जमीन पर गड्ढा खोदने का लक्ष्य है, जिसमें से 160 एकड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है।

सोशल ऑडिट का एटीआर ऑनलाइन करने और आधार आधारित भुगतान प्रणाली के तहत लंबित मजदूरों के भुगतान को दो दिनों में पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना के डीपीआर को भी जल्द पूरा करने के लिए कहा गया है।

बीडीओ ने कहा कि प्रत्येक दिन दो-दो आवास योजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखें और युद्धस्तर पर कार्य करें। बैठक में अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर बीपीओ ट्विंकल चौधरी सहित सभी अभियंता उपस्थित थे।

चिकनियां (दुमका) के जामा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ डॉ. विवेक किशोर की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें लाभुकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन दिए गए आवेदन पर जन सुनवाई की गयी। जनता दरबार में कुल 211 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें मंईयां सम्मान योजना में सबसे अधिक 196 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि सर्वजन पेंशन योजना में 11, आवास योजना में चार, आपूर्ति विभाग से संबंधित राशन कार्ड सुधार करने में चार व छह अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# अब झारखंड में होगी सस्ती अंग्रेजी शराब



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अंग्रेजी शराब सस्ती होगी। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने शराब की बिक्री पर मात्र पांच प्रतिशत वैट वसूलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव को वित्त विभाग से हरी झंडी मिल गई है।

इससे संबंधित प्रस्ताव कामर्शियल टैक्स विभाग में भेजा गया है। यहां से मंजूरी के बाद प्रस्ताव को अंतिम सहमति के लिए कैबिनेट भेजा जाएगा।

राज्य में 19 अप्रैल 2020 से शराब की बिक्री पर 75 प्रतिशत मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूला जा रहा है। इससे शराब महंगी हो गई थी और अधिक कीमत के कारण इसकी खपत भी अपेक्षाकृत कम हो रही थी।

4500 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्पाद विभाग ने 2700 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया था। 31 जनवरी तक कुल 2708 करोड़ की वसूली हुई।

विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 4500 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिम्मेवारों का कहना है कि शराब की कीमत कम होगी तो खपत बढ़ेगी। ऐसे में राजस्व ज्यादा आएगा। बंगाल में वैट की वसूली नहीं होती है, मगर राजस्व हर साल ज्यादा आता है।

ऐसे समझें गणित वैट पांच प्रतिशत होने के बाद 4950 रुपये में मिलने वाली शराब (750एमएल) करीब 3400 रुपये में मिलने लगेगी। वहीं, 2220 रुपये में मिलने वाली शराब 1600 रुपये में तथा 1060 रुपए में मिलने वाली बोतल की कीमत 550 रुपये हो जाएगी। 760 रुपये में मिलने वाली शराब 400 रुपये तक में मिल जाएगी।

दूसरी तरफ बीयर की कीमत में भी 30 से 40 रुपये की कमी आएगी। ज्यादा कीमत होने की वजह से शराब की बिक्री कम है। कीमत ज्यादा है तो ब्रांडेड शराब की खपत कम है। जब शराब की कीमत कम होगी तो खपत बढेगी।

विभाग ने 75 प्रतिशत वैट कम करने का प्रस्ताव तैयार किया है। मात्र पांच प्रतिशत वैट वसूला जाएगा। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश में प्रभावी होगा।

# धान अधिप्राप्ति की समीक्षा बैठक में बीडीओ के आदेश से हड़कम्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा शनिवार को कार्यालय कक्ष में धान अधिप्राप्ति प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक की।

इसमें कुल पांच धान अधिप्राप्ति केंद्र लैंपस के संचालकों ने भाग लिया। बीडीओ ने खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में लैंपस संचालकों को धान अधिप्राप्ति से संबंधित विभागीय मानकों को अक्षरशः अनुपालन करते हुए लक्ष्य के आधार पर धान क्रय करने का निर्देश दिया।

**पंजीकृत किसानों से धान क्रय करने का निर्देश**

सभी लैंपस संचालकों को अधिक से अधिक संख्या में किसानों को पंजीकृत करवाने एवं धान क्रय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में क्रय किए गए धान लैंपस के गोदाम में न दिखे।

लैंपस के भौतिक सत्यापन के दौरान यदि गोदाम में धान दिखा तो संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।प्रखंड में धान खरीद के लिए पांच लैंपस को अधिकृत किया गया है।

बीडीओ ने कहा कि रामगढ़ लैंपस 15000 की तुलना में 2871 क्विंटल, अमड़ापहाड़ी लैंपस 15000 की जगह 4059 क्विंटल, लतबेरवा लैंपस में 10000 की जगह 2640 क्विंटल, सिलठा ए में 5000 की जगह 2236 क्विंटल और गम्हरिया हाट लैंपस में 5000 की तुलना में 1415 क्विंटल धान खरीद हुई है।

बीडीओ ने सभी प्रबंधकों को निर्देश दिया कि ससमय धान क्रय करते हुए संबंधित मिल को भेजना सुनिश्चित करें ताकि समय पर किसानों को भुगतान हो सके।

बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन, समेत सभी संबंधित लैंपस के प्रबंधक उपस्थित थे।

# युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से आज युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री को बताया कि रांची के ओरमांझी इलाके में वे गरीब बच्चियों के लिए शिक्षा, जीवन कौशल (लाइफ स्किल) और फुटबॉल प्रशिक्षण से जुड़े कार्यक्रम चला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार राज्य की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य की बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए हर जरूरी सुविधा और प्रोत्साहन दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों में खेलों के प्रति गहरी रुचि है। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। हर पंचायत में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं और खिलाड़ियों को अच्छी ट्रेनिंग देने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की पहचान खेलों के क्षेत्र में तेजी से बन रही है।

# भाजपा नेता हत्या मामले में चार गिरफ्तार

- जमीन विवाद में हुई थी नेता की हत्या
- कोलकाता में बनी थी हत्या की योजना

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

*रांची। रांची पुलिस ने भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड में शामिल अमन सिंह, जिसान अख्तर, मनीष चौरसिया, अजय कुमार रजक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं, एक अन्य आरोपित रोहित वर्मा को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। देवब्रत शाहदेव, अभिषेक सिन्हा की तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि खटंगा गांव में अनिल टाइगर 10 एकड़ विवादित भूमि में ग्रामीणों के सहयोग से देवव्रत नाथ शाहदेव द्वारा किए जा रहे कब्जे का विरोध कर रहे थे। कई बार देवव्रत नाथ शाहदेव और अनिल टाइगर के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला था।*

*वर्ष 2023 के अगस्त माह में देवव्रत नाथ शाहदेव द्वारा उक्त भूमि पर चाहरदीवारी का निर्माण कर जबरन दखल कब्जा किया जा रहा था। अनिल महतो ने ग्रामीणों के सहयोग से दखल कब्जा का विरोध किया था।*

*इस मामले में भूमि के केयर टेकर दिलीप कुमार मुंडा के माध्यम से कांके थाने में अनिल टाइगर समेत आठ नामजद और 50 अज्ञात लोगों पर केस कराया गया था।*

*इस घटना के बाद कई बार देवव्रत नाथ शाहदेव ने अपने सहयोगियों के माध्यम से उक्त भूमि पर दखल कब्जा करने और बिक्री करने का प्रयास किया। अनिल टाइगर इसका लगातार विरोध कर रहे थे।*

*इस वजह से देवब्रत नाथ शाहदेव द्वारा उक्त भूमि पर न तो कब्जा किया जा सका और न ही बिक्री की जा सकी। इसके बाद देवब्रत ने हत्या की योजना बनाई और अपराधियों को सुपारी देकर अनिल टाइगर को मरवा दिया।*

*पुलिस का कहना है कि वर्ष 2023 दिसंबर में देवब्रत नाथ शाहदेव के पक्ष में हरमू निवासी विनोद पासवान ने अनिल टाइगर से समझौता कराने के लिए अपने घर में बैठक कराई थी। अनिल टाइगर ने कहा कि उसे प्रति डिसमिल 50 हजार रुपये चाहिए।*

*जमीन के बदले वह साढ़े चार करोड़ रुपये देना होगा। तब वह विरोध नहीं करेगा। समझौता नही हो पाने की वजह से देवब्रत और अनिल के बीच विवाद हो गया और देवब्रत नाथ शाहदेव ने अनिल महतो को धमकी देते हुए उनपर पिस्टल तान दी थी।*

*पुलिस का कहना है कि देवब्रत नाथ शाहदेव द्वारा विवादित जमीन पर सांसद मद से एप्रोच रोड बनाने वाला था। सांसद को शिलान्यास के लिए बुलाया गया था। कार्यक्रम तय हो गया था। सांसद को विवादित जमीन के बारे में बताया गया। शिलान्यास के लिए गागी तक पहुंचे सांसद का विरोध किया गया।*

*शिलान्यास का कार्यक्रम नहीं हुआ और सांसद को वापस लौटना पड़ा। देवब्रत नाथ शाहदेव इस बात से गुस्से में था। जमीन पर दखल कब्जा नहीं होने और उसकी बिक्री नहीं हो पाने की वजह से देवब्रत को नुकसान हो रहा था। इस वजह से देवब्रत ने अनिल टाइगर को रास्ते से हटाने का मन बना लिया।*

*पुलिस का कहना है कि देवब्रत ने अभिषेक सिन्हा को हत्या की सुपारी दी थी। 12 मार्च को कोलकाता में उलटा डांगा होटल में हत्या की योजना बनाई गई थी। होटल में अभिषेक सिन्हा, अमन सिंह, रोहित वर्मा मौजूद थे। देवब्रत फोन पर अरोपितों के साथ संपर्क में था।*

*शूटर अमन सिंह और रोहित वर्मा 18 मार्च को कोलकाता से रांची आएं थे। रांची आने के बाद कांटाटोली स्थित होटल पिकनिक और होटल अतर में 26 मार्च तक रुके थे।*

*इस दौरान अभिषेक सिन्हा द्वारा हरमू रोड़ स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास शूटरों को बाइक, गोली और पिस्टल दी गई। घटना को अंजाम देने के वक्त सभी अपराधी टेलीग्राम, वाट्सएप, जंगी एप के माध्यम से एक दूसरे से संपर्क करते थे।*

*अभिषेक सिन्हा द्वारा शूटरों को 50 हजार रुपये एडवांस दिए गए थे। दोनों शूटरों ने 18 मार्च से लेकर 26 मार्च तक अनिल टाइगर की रेकी की। घटना के दिन अनिल टाइगर सदर इलाके में स्थित अपने घर से निकले तो एक बाइक से रोहित वर्मा ने पीछा किया।*

*अमन सिंह सिदो-कान्हू पार्क के पास से रोहित वर्मा के साथ मिलकर मृतक अनिल महतो के पीछे लग गया। इसके बाद कांके रोड में रोहित और अमन ने घटना को अंजाम दिया। घटना के दिन पुलिस द्वारा रोहित वर्मा को गोली मारी गई थी। इलाज के बाद पुलिस ने उसे जेल भेजा था।*

# विकास की गति पकड़ी जोर, हो रहा विकास कार्यों का शिलान्यास

## जगह-जगह विधायक का किया गया गर्मजोशी से स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टुण्डी।** झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा आज शनिवार को करीब करोड़ों रुपए लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जहां मौजूद रहे हर चौंक चौराहों पर लोगों ने विधायक का माला पहनाकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया ।

विधायक सबसे पहले टुण्डी प्रखंड के लछूरायडीह मध्य विद्यालय में बालक बालिकाओं के लिए बन रहे शौचालय निर्माण कार्य का फीता काट कर विधिवत शिलान्यास किया ।साथ ही पूर्वी टुंडी के मांझी हडाम़ को जाहेरथान में पूजन कार्य के लिए विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया तथा महिला बाल विकास विभाग के द्वारा स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं हृदय रोग से ग्रसित ऐनुल हक को बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से पचास हजार रुपए का चेक उनके भाई को सौंपा। इसके अलावा टुण्डी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मल्टी पर्पस हॉल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया साथ ही प्राथमिक विद्यालय मंझिलाडीह में बालक बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण कार्य वहीं चरक खुर्द गांव में चार कमरों का निर्माण कार्य जो डी एम एफ टी फंड से होना सुनिश्चित हुआ है का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा टुण्डी प्रखंड के करमागोडा. में चार कमरों का निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। जदयू नेता आशुतोष विश्वकर्मा का असामायिक निधन पर उनके निवास स्थान संग्रामडीह गांव पहुंचे और उनके पत्नी को नगद राशि प्रदान




किया गया। उन्होंने टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी को ऑन द स्पॉट पर तत्काल वृद्धापंशन एवं आर्थिक मदद करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अपने विधायक मद से बहुत जल्द मदद का आश्वासन दिया।अंत में बत्तीस प्रहर व्यापि अखंड हरिणाम संकीर्तन में शामिल हुए जहां कमिटी के सदस्यों द्वारा विधायक मथुरा प्रसाद महतो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय अंचलाधिकारी जितेंद्र प्रसाद, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम,टुण्डी प्रमुख मालती मरांडी,जाताखूंटी मुखिया आशा मुर्मू, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, मनोज महतो , सांसद प्रतिनिधि दिनेश राय, धर्मेंद्र सिंह, फूलचंद किस्कू , इन्द्रलाल बास्की, टुण्डी मुखिया रेखा देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# देसी चिकित्सा को बढ़ावा देगी सरकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य में देसी चिकित्सा अर्थात आयुष को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जिलों में 35 हेल्थ कॉटेजों का निर्माण किया जाएगा। यहां पंचकर्म के अलावा अन्य देसी चिकित्सा पद्धतियों से मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसके लिए अनुबंध पर आयुष के चिकित्सक बहाल किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर प्रस्ताव तैयार किया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहले चरण के तहत कुल 35 हेल्थ कॉटेजों का निर्माण किया जाएगा।

राज्य में स्थापित किए गए 10 पंचकर्म केंद्रों को हेल्थ काटेज के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं, 25 अन्य हेल्थ कॉटेजों का निर्माण किया जाएगा।

इन हेल्थ कॉटेजों के लिए एक-एक आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। इनमें पंचकर्म, योगा, आयुर्वेद आदि से मरीजों का इलाज होगा।

# बासुकीनाथ धाम जाने वाली सड़क का होगा चौड़ीकरण


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़ (दुमका)।** रामगढ़ से सिंदुरिया एवं बौंड़िया के रास्ते नोनीहाट, बासुकीनाथ एवं अन्य जगह जाने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। मोहनपुर मोड़ से चंद्रदीप तक 16 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ हो जाएगा। उम्मीद है इसी माह अप्रैल में ही शिलान्यास हो जाएगा।

पथ निर्माण विभाग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के साथ 16 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराएगा। निर्माण करने के लिए टेंडर पाकुड़ के एचएमबी कंपनी को दिया गया है। अभी कंपनी रोड मैप तैयार कर रही है।

मोहनपुर मोड़ से बौंड़िया तक रोड का नक्शा तैयार हो गया है। कंपनी के कर्मी राजा सड़क को समतल कर रहे हैं। यह सड़क सिंदुरिया होकर नहीं गुजरेगी।

सिंदुरिया से पहले ही बाईपास होकर इसे मंडलचक के पास निकाला जाएगा। विभाग के कनीय अभियंता मोहम्मद वसीम ने बताया कि टेंडर



का काम पूरा हो चुका है।

लगभग 51 करोड़ रुपए की लागत से 16 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। इसी माह शिलान्यास हो जाएगा। उम्मीद है एक साल के अंदर सड़क पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी।

बता दें कि रामगढ़ से नोनीहाट एवं बासुकीनाथ धाम जाने का यह मार्ग जर्जर हो गया था। नई सड़क बन जाने से रामगढ़ समेत आसपास के ग्रामीणों को बाबा बासुकीनाथ धाम, नोनीहाट एवं अन्य जगह जाने में काफी सहूलियत होगी।

# गोड्डा को मिली दो और मेमू ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जामताड़ा।** देवघर-गोड्डा और देवघर-भागलपुर के बीच यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने 12 से 19 अप्रैल तक दो नई मेमू स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 03146 देवघर-गोड्डा मेमू स्पेशल देवघर से सुबह 06:30 बजे रवाना होगी और 08:30 बजे गोड्डा पहुंचेगी। जबकि 03145 गोड्डा-देवघर मेमू स्पेशल गोड्डा से सुबह 09:00 बजे रवाना होगी और 11:00 बजे देवघर पहुंचेगी। अपनी यात्रा के दौरान यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में मोहनपुर, हरलाटांड़, हंसडीहा और पोड़ैयाहाट स्टेशन पर रुकेगी।

03147 देवघर-भागलपुर मेमू स्पेशल देवघर से 11:30 बजे रवाना होकर दोपहर 2:50 बजे भागलपुर पहुंचेगी और 03148 भागलपुर-देवघर मेमू स्पेशल भागलपुर से दिन के 3:30 बजे रवाना होकर शाम 7:30 बजे देवघर पहुंचेगी। अपनी यात्रा के दौरान यह ट्रेन मार्ग में चांदन, कटोरिया, करझौसा, बांका, मुराहरा, बाराहाट, धौनी और टिकानी स्टेशन पर रुकेगी।

मेमू स्पेशल ट्रेन का मतलब है ₹मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट स्पेशल ट्रेन₹। यह एक प्रकार की विद्युत ट्रेन है जो मुख्य लाइन पर चलती है और मध्यम दूरी के मार्गों के लिए इस्तेमाल की जाती है। ₹स्पेशल₹ का अर्थ है कि यह एक विशेष अवसर या समय के लिए शुरू की गई है, जैसे कि कोई त्यौहार या विशेष कार्यक्रम।

# घर में घुसकर मारी गोली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पंडवा।** पलामू में इन दिनों बदमाशों के हौसले बुलंद है। पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी गांव में गया जिला के टेकारी थाना के सलेमपुर गांव निवासी रौशन ने घर में घुसकर रामा सिंह और उनकी पत्नी बबीता देवी को गोली मार दी।

गोली रामा सिंह के हाथ में लगी, वहीं बबीता के पीठ में गोली लगी। गोली मारकर रौशन भागने लगा तो ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

इधर घायल बबीता और रामा सिंह को मेदिनीनगर एमसीएच में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बबीता की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रांची रेफर कर दिया है। ग्रामीणों ने गोली मारने के आरोपी रौशन के पास से एक पिस्टल बरामद किया, जिसे पुलिस को सौंप दिया।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और एक पिस्टल बरामद किया। पिस्टल में और तीन गोली लोड थी, जिसे पुलिस ने निकाला। घटना रात्रि करीब साढ़े आठ बजे की है।

# जेएसएससी ने 2025-26 के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की कैलेंडर किया जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी ने 2025-26 के लिए संभावित प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया है। इसमें पुलिस सब इंस्पेक्टर की भर्ती परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी।

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 2025-26 के लिए जारी किए गए भर्ती परीक्षा कैलेंडर में 38,988 पदों पर भर्ती के लिए संभावित तिथियां दी गई हैं। इसमें कुल 13 प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (488 पद) और मैट्रिक स्तर प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (455 पद) शामिल हैं, जिनकी परीक्षाएं पिछले साल सितंबर में आयोजित हो चुकी हैं। इन दोनों परीक्षाओं के परिणाम मई और जुलाई में घोषित होने की संभावना है।

कैलेंडर में यह भी बताया गया है कि मई और जून के बीच दो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विज्ञापन जारी होने की संभावना है। कैलेंडर के अनुसार, उम्मीदवारों को संबंधित परीक्षाओं के लिए तैयारी करने और समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।

पिछले वर्ष अगस्त में आयोजित झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के तहत कुछ विषयों की परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसमें इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पत्र-दो (पंचपरगनिया और कुरमाली) और स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पत्र-चार (उर्दू) की परीक्षा दोबारा जून में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा पहले रद्द कर दी गई थी।

इन दोनों परीक्षाओं के परिणाम अगस्त से नवंबर के बीच घोषित किए जाएंगे। वहीं, इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य का परिणाम जनवरी में जारी होगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**आसनसोल मंडल के तहत एटीएम एवं सैलून सेवा की स्थापना एवं संचालन हेतु**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल-713301 द्वारा **संविदा की सुपुर्दगी** के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फत आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है: **क्रमांक; नीलामी की श्रेणी; ई-नीलामी सूचीपत्र सं.; नीलामी शुरू होने का विवरण; स्टेशन का नाम/स्थान/ट्रेन सं. एवं एसएलआर** क्रमशः निम्नलिखित : (1); एटीएम; एएसएन-एटीएम-24-04; 24.04.2025 को दोपहर 12:00:00 बजे; 11 स्टेशनों - आसनसोल (ट्रैफिक जिम्नाजियम एवं बीआईपी रोड के प्रवेश द्वार के निकट), गिरिडीह, दुमका, बासुकीनाथ, देवघर, चित्तरंजन, कुल्टी, सीतारामपुर, सिमुलतला (स्टेशन के पूर्व एवं पश्चिम की ओर), बराकर तथा कुमारधुबी। **(2)**; एमएसएस; एएसएन-एमएसएस-सैलून-2; 24.04.2025 को सुबह 10:00:00 बजे; आसनसोल स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में सैलून सेवा की स्थापना एवं संचालन। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को ऊपरोक्त अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-17/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# धोनी ने बताया सीएसके की हार का कारण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में इस सीजन का पहला मुकाबला केकेआर के खिलाफ खेला, लेकिन उनकी कप्तानी का मैजिक इस मैच में नहीं चला। केकेआर ने बड़ी ही आसानी के साथ चेन्नई को उनके घरेलू मैदान पर 8 विकेट से हरा दिया। केकेआर ने इस मैच में काफी अच्छी गेंदबाजी की और इसकी वजह से सीएसके के बल्लेबाज पूरी तरह से पस्त हो गए। अपनी टीम को जीत का स्वाद नहीं चखा पाने वाले धोनी ने मैच के बाद बताया कि किस वजह से उनकी टीम को हार मिली।

### दवाब में आ गई टीम

केकेआर के खिलाफ मैच गंवाने के बाद धोनी ने कहा कि इस मैच में हम अपने हिसाब से नहीं खेल पाए। चुनौती तो मैच में हमेशा रहती है और हमें इसे स्वीकार करनी होगी। हमने केकेआर के खिलाफ पर्याप्त स्कोर नहीं बनाए। जब आप बहुत ज्यादा विकेट खो देते हैं तो दबाव में होते हैं। हमारी टीम की तरफ से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो पाई। हमने पावरप्ले में सिर्फ 31 रन बनाए और अहम विकेट गंवा दिए।

### अपनी ताकत पर करना होगा भरोसा

धोनी ने आगे कहा कि हमें अपनी ताकत पर भरोसा करना होगा और ऐसे शॉट्स खेलने होंगे जो हम खेल सकते हैं। हमारी टीम के ओपनर्स शानदार हैं और वो ज्यादा जोर नहीं लगाते साथ ही गेंद को लाइन के पार ज्यादा मारने की कोशिश नहीं करते। इस बैटिंग लाइनअप के साथ इतना कम स्कोर बनाना काफी निराशाजनक है। हमें बड़ी साझेदारी करने की जरूरत है और इसका फायदा बीच के और बाद के ओवर्स में उठाने की जरूरत है। अगर हम शुरुआती विकेट खो देते हैं तो मध्यक्रम को अपना काम अलग तरीके से करने की जरूरत है। ऐसी काफी चीजें हैं जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# कुछ खिलाड़ी आईपीएल के लायक नहीं...

## सीएसके की हार के बाद डेल स्टेन ने धोनी पर साधा निशाना?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 5 बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल 2025 में अब तक का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा है. वो लगातार 4 मुकाबले हार चुकी है. महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 11 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद से डेल स्टेन का एक पोस्ट वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ खिलाड़ी आईपीएल के लायक नहीं हैं. उन्हें इस लीग में नहीं होना चाहिए. ऐसा दावा किया जा रहा है कि स्टेन ने इसके जरिए चेन्नई सुपर किंग्स के कुछ प्लेयर्स समेत धोनी को निशाना बनाया है. लेकिन इसकी सच्चाई क्या है? चलिए हम आपको बताते हैं.

दरअसल, डेल स्टेन का वायरल पोस्ट 11 अप्रैल का है. उन्होंने चेन्नई और कोलकाता के मुकाबले से पहले ही ये बातें कही थीं. इसके अलावा उन्होंने अपने पोस्ट में किसी भी टीम या खिलाड़ी का नाम नहीं लिखा है. हालांकि, कोलकाता से हारने के बाद फैंस इसे चेन्नई सुपर किंग्स और धोनी से जोड़कर देख रहे हैं. क्योंकि सीएसके के बल्लेबाज और गेंदबाज इस सीजन पूरी तरह फ्लॉप रहे हैं. एक तरफ जहां दूसरी टीमों ने पावरप्ले में तूफानी बैटिंग की है. वहीं चेन्नई ने धीमी शुरुआत की है और वो बड़े स्कोर बनाने में नाकाम रहे.

## एरिगैसी को फिर मिली हार, फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में नेपोमनियाचची से हारे



**पेरिस, एजेंसी।** दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी को यहां चल रहे फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में पांचवें से नौंवे स्थान के टाईब्रेक के शुरुआती गेम में इयान नेपोमनियाचची ने हरा दिया। जर्मनी के युवा ग्रैंडमास्टर विन्सेंट कीमर ने पहले दौर के टाईब्रेकर में नेपोमनियाचची को हराकर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस साल की शुरुआत में जर्मनी में आयोजित पहले ग्रैंड स्लैम के विजेता कीमर ने अमेरिकी स्टार हिकारू नाकामुरा को काले मोहरों से ड्रॉ पर रोककर प्रभावित करना जारी रखा। भारत की उम्मीदें क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गईं थीं, लेकिन अर्जुन ने नेपोमनियाचची के खिलाफ कुछ अच्छी चाल चलीं। लेकिन रूस का खिलाड़ी काफी संयमित होकर खेला। मैग्नस कार्लसन को अमेरिकी फैबियानो कारुआना ने ड्रॉ पर रोका जबकि नाकामुरा ने कीमर के साथ अंक बांटे।

# भारत ने जीता लगातार तीसरा मैच

**पुणे, एजेंसी।** इस जीत से भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वैदेही ने फेंग एन लिन को हराकर दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।युवा श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने चीनी ताइपे को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और शुक्रवार को यहां बिली जीन किंग कप एशिया-ओशनिया ग्रुप एक में प्ले-ऑफ स्थान की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया। इस जीत से भारत अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वैदेही ने फेंग एन लिन को हराकर दो मैचों में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। वैदेही ने दो घंटे नौ मिनट में 6-2, 5-7, 6-4 से जीत दर्ज कर मेजबान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे मैच में श्रीवल्ली ने टूर्नामेंट में अपना बेहतरीन रिकॉर्ड कायम रखा और दुनिया की 207वीं रैंकिंग वाली जोआना गारलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में लगातार चौथी जीत दर्ज की। 304वीं रैंकिंग वाली श्रीवल्ली ने दो घंटे 38 मिनट में 6-2, 7-6 (7-3) के स्कोर के साथ मुकाबला अपने नाम कर मेजबान टीम के लिए बराबरी सुनिश्चित कर दी। दिन के अंतिम मैच में चीनी ताइपे की युगल जोड़ी यी त्सेन चो और फैंग-हसीन वू ने सुपर टाई-ब्रेक में एक घंटे 31 मिनट में अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की भारतीय जोड़ी को 2-6, 6-4, 6-10 से हराया। भारत शनिवार को कोरिया गणराज्य के खिलाफ जीत के साथ अपने क्वालीफिकेशन स्थान को पक्का करना चाहेगा।





# मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं आती कि मैं अंग्रेजी नहीं बोल सकता: मोहम्मद रिजवान

**कराची, एजेंसी।** मुल्तान सुल्तान्स के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी इंग्लिश पर आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा कि उनका प्राथमिक कर्तव्य पाकिस्तान के लिए क्रिकेट खेलना है। पाकिस्तान को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और उसके बाद न्यूजीलैंड के व्हाइट-बॉल दौरा बुरे सपने से कम नहीं रहा जिसमें टीम को करारी हार मिली। यह मामला तब शुरू हुआ जब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने वीडियो शेयर किया जिसमें रिजवान जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति से बात की। वह व्यक्ति मजाकिया अंदाज में जवाब देता है, मैं और विराट एक जैसे हैं। वह पानी पीता है, मैं पानी पीता हूं। हम दोनों एक जैसे हैं, कोई अंतर नहीं है। हॉग द्वारा रिजवान की अंग्रेजी कौशल की प्रशंसा करने से पहले वह व्यक्ति यह भी कहता है, जीतना है या सीखना है। इसके बाद जवाब आता है, हां, पाकिस्तान में हर कोई कहता है कि मेरी अंग्रेजी बहुत अच्छी है। कराची किंग्स के खिलाफ मुल्तान सुल्तान्स के क्क्सरु10 अभियान के पहले मैच की तैयारी के लिए यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज से सोशल मीडिया पर उनकी अंग्रेजी कौशल के लिए ट्रोल किए जाने के बारे में उनके रुख के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरा काम अपने देश के लिए क्रिकेट खेलना है। रिजवान ने कहा, मुझे (सोशल मीडिया ट्रोलिंग) परवाह नहीं है। मुझे एक बात पर गर्व है और वह यह कि मैं जो कुछ भी कहता हूं, दिल से कहता हूं। सर्वशक्तिमान अल्लाह की कृपा से, मुझे अंग्रेजी नहीं आती। एकमात्र अफसोस यह है कि मुझे पर्याप्त शिक्षा नहीं मिली, लेकिन मुझे इस बात पर एक प्रतिशत भी शर्म नहीं है कि मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कप्तान होने के बावजूद अंग्रेजी नहीं बोल सकता। मुझसे क्रिकेट की मांग की जा रही है, अंग्रेजी की नहीं। मुझे इस बात का अफसोस है कि मैंने अपनी शिक्षा पूरी नहीं की, जिसकी वजह से मुझे अंग्रेजी बोलने में दिक्कत होती है। अगर ऐसा है तो पाकिस्तान मुझसे अंग्रेजी की मांग नहीं कर रहा है, मैं क्रिकेट छोड़कर प्रोफेसर बन जाऊंगा, लेकिन मेरे पास इतना समय नहीं है।

# आईपीएल 2025 के बीच कचरा उठाने को मजबूर रिकी पॉन्टिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पॉन्टिंग आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स की टीम के साथ जुड़े हुए हैं. इस सीजन की शुरुआत से पहले ही पंजाब ने उन्हें अपना हेड कोच बनाया था. रिकी पॉन्टिंग की कोचिंग में इस बार पंजाब की टीम ने दमदार शुरुआत की है. वह शुरुआती 4 मैचों में 3 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें स्थान पर हैं. इसी बीच रिकी पॉन्टिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. इस वीडियो में रिकी पॉन्टिंग कचरा उठाते हुए नजर आ रहे हैं.रिकी पॉन्टिंग को जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसे पंजाब किंग्स की टीम ने खूद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है. ये वीडियो टीम की प्रैक्टिस के बाद का है. जब प्रैक्टिस के बाद खिलाड़ी वापस चले गए, लेकिन रिकी पॉन्टिंग आखिरी तक मैदान में रुके रहे. वीडियो में पॉन्टिंग टीम प्रैक्टिस के बाद मैदान में खाली बोतल उठाते हुए दिख रहे हैं. वह सभी कचरे को चुनकर उसे कचरे के डिब्बे में रख रहे हैं. पॉन्टिंग के इस वीडियो को देखकर लोग अब उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं. बता दें, रिकी पॉन्टिंग ने जो कचरा चुनकर कचरे के डिब्बे में रखा था, वो पंजाब के खिलाड़ियों ने इस्तेमाल किया था. जिसके बाद खिलाड़ियों ने इसे मैदान में ही छोड़ दिया. ऐसे में फैंस पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों की जमकर आलोचना भी कर रहे हैं और रिकी पॉन्टिंग से सीखने की सलाह दे रहे हैं.

# गुजरात टाइटंस के ग्लेन फिलिप्स चोट के कारण सीजन से बाहर हुए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आईपीएल 2025 का बाकी सत्र नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उन्हें ग्रोइन इंजरी हो गई है। चोट लगने के बाद वे अपने देश लौट गए हैं। यह चोट उन्हें 6 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान लगी, जो राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया था। उस मैच में गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी।मैच में फिलिप्स बतौर फील्डिंग सब्स्टिट्यूट पॉवरप्ले के आखिरी ओवर में मैदान पर आए थे। एक थ्रो फेंकते समय उनकी ग्रोइन मसल्स में खिंचाव आ गया। फिजियो की देखरेख में उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जाया गया।

गुजरात टाइटंस ने एक बयान जारी कर कहा, हम ग्लेन की जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। फिलिप्स को पिछले साल की बड़ी नीलामी में 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा गया था। लेकिन उन्हें इस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था और चोट के कारण अब वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।फिलहाल यह तय नहीं है कि गुजरात टाइटंस उनकी जगह किस खिलाड़ी को टीम में शामिल करेगा। पहले से ही टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा भी निजी कारणों से दक्षिण अफ्रीका लौट चुके हैं। गुजरात टाइटंस के विदेशी खिलाड़ियों में फिलहाल इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर, वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएत्ज़ी और अफगानिस्तान के गेंदबाज ऑलराउंडर राशिद खान व करीम जनत शामिल हैं।

शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने अब तक खेले गए 5 मैचों में से 4 में जीत हासिल की है और वे अंक तालिका में पहले स्थान पर हैं। उनका अगला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में शनिवार को दोपहर में है। इसके बाद 19 अप्रैल को वे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेंगे।

# स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को मिलेगा इंग्लैंड का सबसे बड़ा सम्मान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्विंग के जादूगर जेम्स एंडरसन को इंग्लैंड देश का सबसे बड़ा सम्मान दिया जाएगा. उन्हें क्रिकेट में सराहनीय योगदान के लिए नाईटहुड सम्मान दिया जाएगा. एंडरसन इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, वह वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज भी हैं. उन्होंने 188 मैचों में 704 विकेट लिए हैं. ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पद छोड़ते समय कुछ पुरुस्कारों के नाम का एलान किया था. इस समय नाईटहुड सम्मान के लिए तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का नाम शामिल था. एंडरसन ने कुछ समय पहले ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है.

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टियर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस को भी ये सम्मान मिल चुका है. जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के 13वें क्रिकेटर हैं जिन्हे नाईटहुड सम्मान से सम्मानित किया गया है. उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकॉट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को नाईटहुड सम्मान मिल चुका है.

### जेम्स एंडरसन क्रिकेट करियर

42 वर्षीय जेम्स एंडरसन ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए 188 टेस्ट, 194 वनडे और 19 अंतर्राष्ट्रीय टी20 मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने क्रमश 704, 269 और 18 विकेट चटकाए हैं. उन्होंने ना सिर्फ गेंद बल्कि कई मैचों में बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया. उन्होंने तीनों फॉर्मेट में 1627 रन बनाए हैं. एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 32 बार फाइव विकेट हॉल और 3 बार 10 विकेट हॉल किया है. उन्होंने वनडे में भी 2 बार फाइव विकेट हॉल किया है. एंडरसन (704) टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं. इस लिस्ट में पहले नंबर पर श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800) हैं. दूसरे नंबर पर दिवंगत शेन वार्न (708) हैं.दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के लिए ऑक्शन में अपना नाम रजिस्टर कराया था. हालांकि खरीदने में किसी टीम ने रूचि नहीं दिखाई थी. एंडरसन ने आईपीएल ऑक्शन में अपना बेस प्राइस 1.25 करोड़ रूपये रखा था.

संक्षिप्त समाचार

### 13 करोड़ दो वरना जान से मार दूंगा; दिल्ली के यूट्यूबर को मिली धमकी, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के एक यूट्यूबर से 13 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 25 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यूट्यूब चैनल चलाने वाले 24 वर्षीय शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 9 अप्रैल को जब वह बवाना के सेक्टर-1 में था, तब उसे एक अज्ञात नंबर से कई बार कॉल आए। यूट्यूबर ने अपनी शिकायत में दावा किया कि कॉल करने वाले शख्स, जिसकी बाद में पहचान विशाल उर्फ कटिया के रूप में हुई। उसने जबरन वसूली की मांग पूरी न होने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी ने दावा किया कि वह यूट्यूबर की पत्नी को विरासत में मिली संपत्ति के बारे में जानता है। उसने खासतौर से उसकी जमीन के उस हिस्से का उल्लेख किया जिसकी कीमत कथित तौर पर कई करोड़ रुपये है।

यूट्यूबर ने कहा कि पांचवें कॉल में, कॉल करने वाला व्यक्ति आक्रामक हो गया और उसने शिकायतकर्ता को 13 करोड़ रुपये न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद बवाना पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया और 24 घंटे के अंदर विशाल को बवाना में निर्मल वाटिका के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बवाना निवासी विशाल पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल था। उसके पास से जबरन वसूली के लिए कॉल करने में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

### दिल्ली एमसीडी में मेयर चुनाव की तैयारी तेज, भाजपा और आप में कांटे की टक्कर

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। इस बार मुकाबला नगर निगम यानी एमसीडी में मेयर और डिप्टी मेयर के पद को लेकर है। भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों ही पार्टियां एमसीडी पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए जोर आजमाइश में जुट गई हैं। एमसीडी सचिव कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी नोटिस के अनुसार, दिल्ली नगर निगम की साधारण बैठक 25 अप्रैल को दोपहर 2 बजे बुलाई गई है। इस बैठक में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव कराए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल को शाम 5 बजे तक चलेगी। उम्मीदवार चुनाव से पहले कभी भी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। 2022 के नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए 250 वार्डों में से 134 पर कब्जा किया था, लेकिन फरवरी 2025 में समीकरण बदल गए जब आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए। इससे भाजपा के पास अब 116 पार्षद हो गए हैं, जबकि आप के पास 113 पार्षद ही रह गए हैं। कांग्रेस के पास 8 पार्षद हैं। वर्तमान में एमसीडी में कुल 238 पार्षद हैं। 12 सीटें रिक्त हैं क्योंकि इनमें से एक पार्षद सांसद और 11 पार्षद विधायक चुने गए हैं। इसके अलावा, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 14 विधायकों को एमसीडी में मनोनीत किया गया है, जिनमें 11 भाजपा से और 3 आप से हैं। इससे भाजपा का पलड़ा और भारी होता दिख रहा है।

### पूर्व प्रेमी के साथ गर्लफ्रेंड को देख भड़का, पीट-पीटकर ले ली लिवइन पार्टनर की जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुनिरका में अफनी लिव इन पार्टनर की हत्या के आरोप में पुलिस ने 28 साल के युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मंगलवार को अपने घर पर कथित तौर पर लिव-इन पार्टनर की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी को घटना के एक दिन बाद गिरफ्तार किया गया। महिला के शव के पोस्टमार्टम से पता चला कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई थी। जांचकर्ताओं ने बताया कि पीड़िता 27 वर्षीय लहिंग जनेंग और 28 वर्षीय जगमिनथांग मणिपुर से दिल्ली आए थे और पिछले एक साल से साथ रह रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि क्रांति चौक के पास मुनिरका में एक रिहायशी इमारत की पांचवीं मंजिल पर एक शव पड़ा है।

# दिल्ली समेत कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश

## फसलों को भारी नुकसान; यूपी के कई जिलों में बत्ती गुल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम का मिजाज शनिवार को भी बदला दिखा। सुबह का समय सुहना रहा तो दिन में खिली धूप ने लोगों को परेशान किया। शाम के समय उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार व झारखंड के साथ ही कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश ने फसलों को भी नुकसान पहुंचाया।

### यूपी-बिहार में कैसा रहेगा मौसम?

पिछले 3-4 दिनों से बिहार और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भी बूंदाबांदी और आंधी देखी जा रही है। दोनों राज्यों में आज (12 अप्रैल) को भी बूंदाबांदी के साथ तेज आंधी चलने के आसार हैं।

आंधी-बारिश के कारण बिहार में पिछले तीन दिनों में 80 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो 22 लोगों की यूपी में भी मौत हो चुकी है।

### हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

इससे पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी अछूते नहीं रहे। वहां बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी हुई। आंधी की अधिकतम गति 84 किमी प्रति घंटे तक रही। शनिवार को भी ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान है।

गुरुवार को भी दिन में तेज धूप के बाद शाम के समय कई जगह आंधी आने के साथ बारिश हुई थी। जम्मू-कश्मीर व हिमाचल में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से शुक्रवार को कई राज्यों में तेज हवाओं के बीच वर्षा हुई। बारिश के चलते तापमान सामान्य से नीचे बने रहने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार 18 अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय होगा, जिसके चलते उच्च पर्वतीय इलाकों में हल्की बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में वर्षा होगी। विक्षोभ का प्रभाव 21 अप्रैल तक बना रहेगा।

### आज आंधी व बिजली गिरने की चेतावनी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का असर शनिवार को भी रहेगा। हिमाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर आंधी और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हिमपात, जबकि कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा का अनुमान है। अधिकतर स्थानों पर मौसम के साफ रहने का अनुमान है।

### हिसार में पीएम की रैली का पंडाल टूटा

हिसार में पीएम की रैली का पंडाल टूट गया तो चरखी दादरी में मंत्री के कार्यक्रम का टेंट उखड़ गया। कई जिलों में बिजली के खंभे टूटे और टेंट उखड़ गए।



### ओलावृष्टि से सेब को नुकसान

हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों बारालाचा, कुंजुम व रोहतांग में दूसरे दिन भी हिमपात का क्रम जारी रहा, जबकि कांगड़ा, चंबा, शिमला व किन्नौर जिलों में वर्षा हुई। शिमला और ऊपरी क्षेत्रों ठियोग, कुफरी, जुब्बल कोटखाई, चौपाल व रोहड़ू में दूसरे दिन भी ओलावृष्टि हुई। इस कारण सेब में लगे फूल झड़ गए। मटर और गोभी को भी हल्का नुकसान हुआ है।

### 42 उड़ानों को किया गया डाइवर्ट

तेज आंधी के कारण विमान सेवाओं पर असर पड़ा। आइजीआइ एयरपोर्ट पर अलग-अलग दिशाओं से आ रही एक के बाद एक उड़ानों को डाइवर्ट कर नई दिल्ली के बजाय दूसरे शहरों के एयरपोर्ट पर उतरने के निर्देश दिए गए। 42 उड़ानों को डाइवर्ट किया गया। नौ विमानों को जयपुर डाइवर्ट किया गया। वहां भी मौसम खराब होने पर नौ विमानों को लखनऊ की ओर डाइवर्ट किया गया। दो विमानों को वाराणसी और एक विमान को देहरादून में उतारा गया। अमृतसर में आठ व चंडीगढ़ में सात विमानों को उतारा गया। बाद में मौसम सामान्य होने पर विमानों को नई दिल्ली के लिए प्रस्थान के निर्देश दिए गए।

# मैं विदेश मंत्रालय की सराहना करता हूं, तहव्वुर राणा को भारत लाने पर पी चिदंबरम ने की मोदी सरकार की तारीफ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई आतंकी हमले के 16 साल बाद भारत को आतंकी तहव्वुर राणा को अमेरिका से लाने में सफलता मिली है। इस बीच पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने आतंकी तहव्वुर राणा के सफल प्रत्यर्पण पर केंद्र सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में इस प्रक्रिया में तेजी आई।

चिदंबरम के मुताबिक यूपीए सरकार में तत्कालीन मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि मैं भाजपा प्रवक्ताओं को गंभीरता से नहीं लेता हूं। मुझे विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान का इंतजार है। बता दें कि 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक तहव्वुर राणा को गुरुवार को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

पूर्व वित्त मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि यह प्रक्रिया 2009 में शुरू हुई थी। इसके बाद 2011 में मामले ने उस वक्त रफ्तार पकड़ी जब अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने तहव्वुर राणा की पहचान की। मैं विदेश मंत्रालय, खुफिया एजेंसियों और एनआईए को एक लंबी और कठिन लड़ाई के बाद राणा को भारत वापस लाने पर बधाई देता हूं।

### सलमान खुर्शीद ने अहम भूमिका निभाई

चिदंबरम का कहना है कि यूपीए सरकार में विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और विदेश सचिव रंजन मथाई ने इसमें अहम भूमिका निभाई थी। मुझे यकीन है कि मौजूदा मोदी सरकार में भी कई विदेश सचिवों और मंत्रियों ने भी भूमिका निभाई है। मैं अमेरिका की तत्कालीन और वर्तमान सरकार को भी धन्यवाद देता हूं।

### मैं भाजपा प्रवक्ता को गंभीरता से नहीं लेता

पी चिदंबरम ने आगे कहा कि मैं भाजपा प्रवक्ता को गंभीरता से नहीं लेता। मैं विदेश मंत्रालय या गृह मंत्रालय से आधिकारिक बयान का इंतजार कर रहा हूं। मैं तथाकथित आधिकारिक प्रवक्ता के विचारों पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि धैर्य और मेहनती कूटनीतिक प्रयासों व कानूनी कूटनीति के कारण राणा को भारत लाया गया है।

### एनआईए की 18 दिन की हिरासत में राणा

उधर, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तहव्वुर राणा को 18 दिनों की हिरासत में लिया है। एजेंसी को शक है कि देश के अन्य शहरों में भी ऐसी ही साजिश रची गई थी। माना जा रहा है कि एजेंसी राणा को हमले से जुड़े स्थानों पर ले जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक एनआईए 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की जांच का विस्तार कर रही है। अब तहव्वुर राणा को देशभर में विभिन्न स्थानों पर ले जाने की योजना बना रही है।

# 25 को होगी दिल्ली की दूसरी लड़ाई, आप के लिए नई मुसीबत आई; जोश में भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में 25 अप्रैल को दूसरी जंग होने जा रही है। विधानसभा चुनाव हारने के बाद आप के लिए एक नई मुसीबत सामने आ गई है। वहीं, बीजेपी पूरे जोश में दिख रही है। हम एमसीडी के मेयर और डिप्टी मेयर के लिए होने जा रहे चुनाव की बात कर रहे हैं।

दिल्ली नगर निगम द्वारा 25 अप्रैल को मेयर चुनाव की डेट घोषित किए जाने के साथ ही नई जंग शुरू हो गई है। पिछले कुछ महीनों में आप के कई पार्षदों के पार्टी छोड़कर चले जाने के बाद एमसीडी में भाजपा की ताकत बढ़कर 119 हो गई है। एमसीडी में मनोनीत सांसद और विधायक दोनों ही मेयर और डिप्टी मेयर के पदों के लिए होने वाले चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं।



एमसीडी सचिव कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी नोटिस के अनुसार, निगम की साधारण बैठक 25 अप्रैल को होगी। दोपहर 2 बजे मेयर और डिप्टी मेयर के लिए चुनाव होंगे। नामांकन 15 अप्रैल को शुरू होंगे और 21 अप्रैल को शाम 5 बजे बंद होंगे। उम्मीदवार चुनाव से पहले किसी भी समय अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

आम आदमी पार्टी ने 2022 के नगर निगम चुनावों में 250 वार्डों में से 134 पर जीत हासिल कर एमसीडी पर नियंत्रण हासिल किया था। हालांकि, इस साल 15 फरवरी को आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए, जिससे वह सदन में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। भाजपा के पास अब 116 पार्षद हो गए हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के पास 113 पार्षद रह गए हैं। वहीं, कांग्रेस के पास 8 पार्षद हैं।

एमसीडी में कुल 238 पार्षद हैं। दरअसल, 12 पार्षदों में से एक पार्षद के सांसद व 11 पार्षदों के विधायक चुने जाने पर 12 पद रिक्त हो गए हैं। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 14 विधायकों- 11 भाजपा से और 3 आप से को एमसीडी में मनोनीत किए जाने के बाद बीजेपी का पलड़ा और भारी हो गया है।

पार्टी नेताओं ने बताया कि विपक्ष के नेता राजा इकबाल सिंह, केशवपुरम क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा और शाहदरा दक्षिण क्षेत्रीय समिति के सदस्य संदीप कपूर समेत कई भाजपा पार्षदों के नामों पर संभावित मेयर पद के उम्मीदवारों के तौर पर चर्चा हो रही है।

आप नेताओं ने कहा कि पार्टी महापौर चुनाव के लिए भी अपनी रणनीति तैयार कर रही है। पार्टी एक उपयुक्त उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी एमसीडी चुनाव की योजना बनाने के लिए पार्षदों के साथ बैठक करेगी।

यह निगम के मौजूदा कार्यकाल का चौथा वर्ष है। दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 (2022 में संशोधित) के अनुसार, निगम को प्रत्येक वर्ष अपनी पहली बैठक के दौरान अपने सदस्यों में से एक को मेयर और दूसरे को डिप्टी के रूप में चुनना होता है। अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि मेयर का पद पहले वर्ष महिला के लिए तथा तीसरे वर्ष अनुसूचित जाति के सदस्य के लिए आरक्षित किया जाएगा।

# डिप्लोमेसी फेल, अब हथियार बोलेंगे: ईरान पर हमले को तैयार अमेरिका, दुनिया की सांसें अटकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** मध्य पूर्व एक बार फिर तनाव की आग में झुलसने को तैयार है। अमेरिका अब साफ कर चुका है कि ईरान को सिर्फ बातचीत से काबू में नहीं लाया जा सकता। इसलिए बातचीत के साथ-साथ फील्ड में भारी सैन्य तैनाती कर दी गई है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने चेताया है कि अगर ईरान या उसके समर्थित गुटों ने अमेरिका या उसके साथियों पर हमला किया तो अमेरिका सीधा और निर्णायक जवाब देगा। यह तैनाती किसी साधारण रक्षा तैयारी का हिस्सा नहीं, बल्कि ईरान के लिए साफ संदेश है - अगर बातचीत नाकाम रही, तो सीधी कार्रवाई होगी।



आज ओमान में ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु मुद्दे पर बैठक हो रही है। ईरान ने साफ किया है कि बैठक की कोई तस्वीर जारी नहीं की जाएगी, जिससे संकेत मिलते हैं कि दोनों पक्ष सीधे आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम कूटनीति को एक आखिरी मौका दे रहे हैं।हालांकि, ईरान के सुप्रीम लीडर के सलाहकार अली शमखानी ने कहा कि बातचीत अप्रत्यक्ष होगी और ईरान निष्पक्ष समझौते की तलाश में है। एक डिप्लोमेटिक सूत्र ने बताया कि ईरान अब अपने मिलिशिया गुटों के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है। सूत्र के अनुसार, ईरान मानता है कि उसके समर्थित गुट अपने लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे हैं और अब वह अपने मिसाइल कार्यक्रम को बचाना चाहता है। दूसरी तरफ, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है।

# जोरदार भूकंप से कांपे पांच देश

**इस्लामाबाद/पापुआ न्यू गिनी, एजेंसी।** दुनिया के कई हिस्सों में शनिवार का दिन धरती की हलचल के नाम रहा। सुबह से दोपहर तक 5 अलग-अलग देशों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में डर और दहशत फैल गई। भारत सहित पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, टोंगा और पापुआ न्यू गिनी में रिक्टर स्केल पर 4.0 से लेकर 6.5 तीव्रता तक के भूकंप आए।

भारत में भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिलों में महसूस किए गए। झटकों की वजह से लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है लेकिन लोगों के बीच डर बना हुआ है। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। पाकिस्तान और ताजिकिस्तान में भी हिली धरती

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में धरती कांपी लेकिन किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। वहीं ताजिकिस्तान में रिक्टर स्केल पर 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। यह भूकंप जमीन से 110 किलोमीटर की गहराई में आया था। प्रशांत महासागर क्षेत्र के दो देशों टोंगा और पापुआ न्यू गिनी में भी आज भूकंप के झटके दर्ज किए गए। टोंगा में भूकंप की तीव्रता 6.5 के आसपास मापी गई, जो एक गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं पापुआ न्यू गिनी में भी रिक्टर स्केल पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि अब तक किसी भी देश से जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (ह्ष्टस्) और अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (स्त्रस्) ने इन सभी देशों में भूकंप की पुष्टि की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि टेक्टोनिक प्लेट्स की हलचल के कारण लगातार इस तरह के झटके महसूस हो रहे हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से सतर्क रहने और भूकंप के समय जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है।

# 50 वर्षों में पहली बार, 6,700 से ज्यादा सिख पहुंचे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** संस्कृति और लोककथाओं के उत्सव में बैसाखी मेला उत्सव में भाग लेने और खालसा पंथ का स्मरण करने के लिए 6,700 से अधिक सिख तीर्थयात्री गुरुवार को वाघा सीमा के माध्यम से भारत से पाकिस्तान पहुंचे। 50 वर्षों में यह पहली बार है कि पाकिस्तान सरकार ने भारतीय सिख तीर्थयात्रियों को 6,751 वीज़ा जारी किए हैं। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के विशेष अनुरोध पर 3,751 अतिरिक्त वीज़ा दिए हैं। आमतौर पर, पाकिस्तान-भारत धार्मिक प्रोटोकॉल समझौते 1974 के तहत किसी भी धार्मिक त्यौहार के लिए 3,000 सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान जाने की अनुमति है।

**खालसा की 326वीं स्थापना वर्षगांठ:** बैसाखी का त्यौहार सिखों के नए साल का प्रतीक है और गुरु गोविंद सिंह के नेतृत्व में खालसा पंथ (संत-योद्धाओं) के गठन की याद दिलाता है। मुख्य समारोह 14 अप्रैल को गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब में आयोजित किया जाएगा। सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत पाकिस्तान के अंतरधार्मिक सद्भाव राज्य मंत्री खेल दास कोहिस्तानी, पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष और पंजाब अल्पसंख्यक मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा, ईटीपीबी सचिव फरीद इकबाल और अतिरिक्त सचिव सैफुल्लाह खोखर ने वाघा सीमा चेक पोस्ट पर किया।




**सिख नेताओं ने पाकिस्तान सरकार को धन्यवाद दिया:** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नेता दलजीत सिंह सरना ने वाघा बॉर्डर पर पत्रकारों से बात करते हुए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों को वीजा जारी करने के लिए पाकिस्तान सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि इसने सिख समुदाय का दिल जीत लिया है। बैसाखी के त्यौहार में भाग लेने के लिए पाकिस्तान पहुंचने वालों में अमृतसर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और 11 अन्य भारतीय राज्यों के लोग शामिल थे।

# ट्रंप प्रशासन की अप्रवासियों को निकालने की बेरहम योजना, 6000 जीवित लोग मृत घोषित

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अप्रवासियों को लेकर सख्ती बरत रहे ट्रंप प्रशासन ने छह हजार अप्रवासियों को निर्वासित करने के लिए एक कठोर कदम उठाया है। दरअसल अमेरिकी सरकार ने इन 6000 जीवित अप्रवासियों को मृत घोषित कर उनके सामाजिक सुरक्षा नंबर रद्द कर दिए हैं। इसका असर ये होगा कि ये लोग अब न अमेरिका में काम कर सकेंगे, न ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। बैंक खाता खोलने में भी परेशानी होगी। दरअसल सरकार चाहती है कि परेशान होकर अप्रवासी खुद ही अमेरिका छोड़कर अपने-अपने देश लौट जाएं। अप्रवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का इस्तेमाल करना होगा असंभव पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने सीबीपी वन एप कार्यक्रम के तहत इन अप्रवासियों को अस्थायी रूप से अमेरिका में प्रवेश करने और अमेरिका में रहकर काम करने की सुविधा दी थी। इन अप्रवासियों को सामाजिक सुरक्षा नंबर भी दिए गए ताकि ये सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाओं का भी लाभ उठा सकें। लेकिन अब ट्रंप प्रशासन ने इन सामाजिक सुरक्षा नंबर्स को रद्द कर दिया है। ताकि अप्रवासियों को बैंकों और अन्य बुनियादी सेवाओं का इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाए। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भी अमेरिका में अप्रवासियों पर नकेल कसने की योजना का हिस्सा माना जा रहा है।



# आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति प्रदान करता बोकारो स्टील प्लांट




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्ष 1964 में बोकारो स्टील प्लांट की स्थापना के बाद से बीते छह दशकों में माराफारी के नाम से पूर्व में जाना जाने वाला यह क्षेत्र अब देश-विदेश में अपनी पहचान एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में बना चुका है. वर्तमान में बोकारो स्टील प्लांट महज इस्पात उत्पादन की एक इकाई नहीं रह गया, बल्कि यह भारत की औद्योगिक आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार और समावेशी विकास का प्रतीक बन चुका है. भारत सरकार के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के इस उपक्रम ने न केवल देश को वैश्विक मंच पर एक सशक्त इस्पात उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई है, बल्कि क्षेत्रीय विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशी प्रगति को भी निरंतर गति दी है.




बोकारो स्टील प्लांट भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' जैसी दूरदर्शी पहलों के अनुरूप कार्य करते हुए देश के लिए रणनीतिक महत्त्व के अनेक स्टील ग्रेड्स का स्वदेशी विकास कर रहा है, जिन्हें पूर्व में विदेशों से आयात किया जाता था. ऐसा ही एक स्पेशल इस्पात है कॉर्टन स्टील, जो पहले विदेशों से आयात किया जाता था. अब बोकारो स्टील प्लांट ने इसका स्वदेशी विकल्प- 'वेदर रेसिस्टेंट स्टील' (IS 11587) - का निर्माण किया है, जिसे 'सेललॉकर' के नाम से जाना जाता है। यह उच्च गुणवत्ता का इस्पात भारतीय रेल के वैगनों और ढाँचागत संरचनाओं में व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है. देश में ही इसका निर्माण अब आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान कर रहा है. इसी प्रकार जहां कभी शिपिंग कंटेनरों के लिए भारत को अन्य देशों, विशेषकर चीन, पर निर्भर रहना पड़ता था, आज वहीं बोकारो द्वारा विकसित WR-Fe 490H ग्रेड स्टील के माध्यम से भारत इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ा चुका है. इसके अतिरिक्त, संयंत्र ने उच्च तन्यता शक्ति वाले गैल्वनाइज्ड स्टील का विकास किया है, जो फूड ग्रेन साइलो निर्माण में प्रयुक्त होता है। 450 GSM जिंक कोटिंग और 350 MPA से अधिक यील्ड स्ट्रेंथ से युक्त यह स्टील कृषि भंडारण के लिए तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त एवं टिकाऊ समाधान प्रदान करता है, जो 'सेव ग्रेन कैंपेन' और खाद्य सुरक्षा में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करता है. राष्ट्र की सामरिक शक्ति को सशक्त बनाने हेतु बोकारो स्टील प्लांट द्वारा विकसित स्वदेशी DMR 249A मरीन ग्रेड स्टील का उपयोग भारतीय नौसेना के अग्रणी युद्धपोतों—आईएनएस विक्रांत, आईएनएस महेन्द्रगिरि, आईएनएस विंध्यगिरी एवं हाल ही में राष्ट्र को समर्पित आईएनएस नीलगिरि—के निर्माण में किया गया है। यह योगदान भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करता है. नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में, संयंत्र ने IS 277 GP 350 ग्रेड के अनुरूप 600 GSM जिंक परत वाले विशेष गैल्वनाइज्ड स्टील का सफल विकास किया है. इसकी उच्च संक्षारण प्रतिरोधक क्षमता और यांत्रिक मजबूती इसे सोलर पैनल माउंटिंग स्ट्रक्चर्स के लिए आदर्श बनाती है. इस श्रृंखला में देश की आवश्यकताओं के अनुरूप कई और स्पेशल इस्पात ग्रेड विकसित किए प्रक्रिया में है ताकि विदेशों से आयात पर हमारी निर्भरता काम हो. बोकारो स्टील सिटी केवल मात्र एक औद्योगिक शहर ही नहीं बल्कि विविधता में एकता का प्रतिरूप है, जिसे अकसर 'मिनी भारत' भी कहा जाता है. देश के कोने-कोने से आए लोग यहाँ एक साथ रहकर संयंत्र की सफलता में योगदान दे रहे हैं, जिससे यह स्थान राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बन चुका है. स्टील सिटी और परिक्षेत्रीय इलाके का व्यापक जन समुदाय भी बोकारो स्टील की इस गौरवशाली और समृद्ध परम्परा को आगे ले जाने में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है. इस भौगोलिक क्षेत्र के विकास का अग्रदूत रहा बोकारो स्टील प्लांट अब आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने और वर्ष 2047 तक एक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभा रहा है.




## पंजाब नेशनल बैंक आवासीय कालोनी सेक्टर 05 के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन

12 अप्रैल को पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा 131वीं स्थापना दिवस के अवसर पर रक्त केन्द्र - बोकारो जेनरल अस्पताल के सौजन्य से पंजाब नेशनल बैंक आवासीय कालोनी, सेक्टर 05, के प्रांगण में, एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस रक्तदान शिविर में पंजाब नेशनल बैंक, के कर्मचारी ने बढ- चढ कर हिस्सा लिया तथा कुल 25 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. बी जी एच के डा सुरेन्द्र कुमार,ए सी एम ओ तथा प्रभारी रक्त केन्द्र ने कहा कि रक्तदान एक महादान है. रक्तदान का मुख्य उद्देश्य, थैलेसिमीया, सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना, तथा रक्त के कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है. 18 वर्ष से 60 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ पुरूष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है. रक्तदान करने से शरीर के किसी भी अंग में कोई कमजोरी नहीं आती है.

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरियों को विवाह पूर्व परामर्श दिया गया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त बोकारो विजया जाधव के निर्देशानुसार चास अनुमंडल के बी.एस.सिटी परियोजना अंतर्गत चिन्हित किशोरियों के बीच 'सखी वन स्टॉप सेंटर' सभागार में विवाह पूर्व परामर्श को लेकर जागरूकता सह परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। आयोजित जागरूकता सह परामर्श कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विषयों पर रिसोर्स पर्सन द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिलाओं के लिए कानूनी अधिकार एवं समर्थन, जाति आधारित हिंसा भेदभाव और हिंसा, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं संरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, एचआइवी/एड्स, विवाह पूर्व जागरूकता एवं महिलाओं के संवैधानिक और व्यक्तिगत अधिकार के संबंध में क्रमवार बताया।



### मध्य विद्यालय जामगोड़िया के 14 विद्यार्थी रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के लिए चयनित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मध्य विद्यालय जामगोड़िया,चास-2 के आठवीं कक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने नौवीं कक्षा में दाखिला हेतु रामरुद्र मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय चास की प्रतियोगिता परीक्षा (वर्ष 2025) दिया। जिनमें 14 छात्र छात्राओं ने सफलता अर्जित की है। सफल विद्यार्थियों में पूनम, कशिश, ट्विंकल, नेहा, नीलम, ऋतु, वर्षा, साजन, लक्खी, छोटी, डॉली, गायत्री, ममता एवं ऋतिक शामिल हैं। संभवत किसी एक विद्यालय में सफल छात्र-छात्राओं की सर्वाधिक संख्या है। मध्य विद्यालय जामगोडिया के प्रधानाध्यापक ऋषिकेश प्रसाद एवं अन्य शिक्षक -शिक्षिकाओं राज कृष्ण



राज, विनोद कुमार उपाध्याय, हरेण कुमार, पवन कुमार, गणेश कुमार, भूपेंद्र नाथ महतो, चैतन्य मांझी एवं सुमन कुमारी, कुमारी नीलम भारती, शोभा देवी के साथ प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश प्रमाणिक ने आज प्रातः कालीन सभा में सभी सफल बच्चों को पुरस्कृत किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय द्वारा लगातार यह तीसरे वर्ष की उत्कृष्ट सफलता है.

### यातायात पुलिस ने चास में अतिक्रमण मुक्त सड़क अभियान चलाया

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चास नगर निगम की एनफोर्समेंट टीम व यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सड़क को अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दुकानदारों से जुमार्ना की वसूली की जा रही है। साथ सड़क पर 'बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन मालिकों को चालान काटा जा रहा है। दुकानदारों व गाड़ी मालिकों को आगे से सड़क को अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दिया जा रहा है।। अभियान के तहत जुमार्ना की भी वसूली की गई। लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया। सड़क पर कचरा फैलाने वाले दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई गई। अभियान दल का नेतृत्व कर रहे सिटी मैनेजर अनूप गुंजन टोपनो व यातायात इंस्पेक्टर आरके राणा ने लोगों को सड़क को अतिक्रमण नहीं करने की सलाह दी। साथ ही अभियान जारी रखने की बात कही। यह सड़क चास का मुख्य सड़क है इस कारण आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



### सोनी इंडिया द्वारा फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को सोनी इंडिया द्वारा धनबाद के सम्बोधि रिट्रीट में एक फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उमेश गोगना द्वारा फोटोग्राफी की नई तकनीकी एवं बारीकियो के बारे मे समझाया तथा आज के समय में किस तरह से आउटडोर एवं इनडोर फोटोग्राफी करनी चाहिए उसके बारे में अवगत कराया। कार्यशाला का शुभारंभ सुभाष सरावगी ने सरफराज अहमद एवं उमेश गोगना को पुष्पगुच्छ देकर किया। इस कार्यशाला में धनबाद के 125 फोटोग्राफरो ने हिस्सा लिया।फोटोग्राफी कार्यशाला को सफल बनाने में सुनील कुमार सिंह, रंजीत कुमार गुप्ता, बृजेश झा और सभी फोटोग्राफर भाइयों ने सहयोग किया।




## बोकारो जिला कांग्रेस मना रही है संगठन सृजन वर्ष

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो परिसदन में जिला कांग्रेस कमिटी की कार्यकारणी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने की। बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी वर्ष 2025 संगठन सृजन वर्ष के रूप में मना रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है जिला, प्रखंड, नगर मण्डल और पंचायत स्तर तक के जमीनी कार्यकताओ को नेतृत्व में लाना हैं। जिससे संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। बैठक में बतौर मुख्यअतिथि बोकारो विधायक सह जिला प्रभारी श्वेता सिंह ने जिला कार्यकारणी की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी संगठन सृजन वर्ष 2025 की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों के साथ संगठन विस्तार पर गहन चर्चा हुई। 2025 'संगठन सृजन वर्ष' के रूप में मनाने का आहान किया। साथ ही बूथ पंचायत, प्रखंड नगर और जिला स्तर के सक्रिय कार्यकताओं को आगे लाने एवं कमेटियों को सशक्त करने और अगले 60 दिनों में व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने का संकल्प लिया ताकि जिला, प्रखंड,नगर मण्डल एवं पंचायत स्तर पर संगठनात्मक मजबूत किया जा सके।साथ ही सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने, जनसमस्याओं के समाधान और ईमानदारी से पार्टी हित में कार्य करने का निर्देश दिया गया।साथ ग्रामीण इलाकों कि समस्याओं को संगठन तक पहुंचाने में विंग के कार्यकर्ताओ की भूमिका को उन्होंने अत्यंत महत्व पूर्ण बताया। मौके पर श्री गुप्ता ने कहा की बोकारो कांग्रेस के सभी समर्पित कार्यकर्ता आदरणीय राहुल गाँधी जी के नेतृत्व और विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज बने। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार कि महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी जिले के आमजनमानस तक पहुंचना सभी कार्यकर्ताओ कि प्राथमिकता जिम्मेदारी हैं।

मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी हरेंद्र सिंह,मनोज कुमार, सुशील झा,अशोक मिश्रा, बिरिची माहथा,सत्येंद्र यादव,जितेंद्र यादव, कमरुल हसन, बनमाली बाउरी,नारायण सिंह चौधरी,आफताब आलम, हसनाउल्लाह अंसारी, डॉ इंद्रदेव पासवान, तूफान शहनी,देवाशीष मंडल,महावीर सिंह चौधरी, आशा देवी, रीता देवी, मनोज राय,राम यादव, कृष्ण यादव,नीलू देवी,प्रखंड अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह, मुख्तार अंसारी,अशोक मंडल, गौरव राय, महेश मंडल, नागेंद्र चौधरी,रामपद दास, अजय शर्मा, प्रदीप रजक, बबलाराम नजीर अहमद, बैजनाथ जायसवाल, शकील अहमद, अरविंद ठाकुर, मशकुर आलम, निवारण तिवारी, सरोज चौधरी,नेहा यादव, पूनम यादव, पंकज महाथा, बाबूल दुबे, पवन झा, ए के सुल्तान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान का काव्योत्सव 14 अप्रैल को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान के तत्वावधान में बोकारो की लोकप्रिय कवयित्री करुणा कलिका के संयोजन में सोमवार 14 अप्रैल को श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, सेक्टर 5, बोकारो के सभागार में सुबह 10 बजे से एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम काव्योत्सव का आयोजन होगा। रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव व कार्यक्रम संयोजक करुणा कलिका एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अरुण पाठक ने शनिवार को बताया कि साहित्य, संस्कृति, शिक्षा, समाज व कला को समर्पित रश्मिपुंज साहित्यानुरागी संस्थान के इस काव्योत्सव में पुस्तक विमोचन, सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें बोकारो सहित उत्तर प्रदेश, बिहार व झारखंड के कई शहरों के साहित्यकार भाग लेंगे। रश्मिपुंज साहित्यानुरागी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गोविन्द गजब जी भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बोकारो के सभी काव्य प्रेमियों से इस कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि दो सत्रों में काव्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रथम सत्र में उद्घाटन, पुस्तक विमोचन व सम्मान समारोह का आयोजन होगा जबकि काव्योत्सव के दूसरे सत्र में डॉ परमेश्वर भारती, डॉ आशा पुष्प, सरोज झा झारखंडी, नवीन कुमार अग्रवाल, ज्योतिर्मयी डे राणा, डॉ गोविन्द गजब, राकेश नाजुक, काजल भलोटिया, अर्चना अश्क मिश्रा, ऋचा प्रियदर्शिनी, करुणा कलिका, अरुण पाठक, दीप्ति माये निशंक, आरफा साएमीन, रीना यादव, क्रांति श्रीवास्तव, माला, सोनी कुमारी, सुप्रिया कुमारी सरस, शालिनी सह्बा, अंकिता सिन्हा, शीला तिवारी, समीर स्वरूप गर्ग, मीना बंधन, सुधा रानी, रेणुका सिन्हा, प्रियंका श्रीवास्तव शुभ्र, जयन्ती सिंह, कस्तूरी सिन्हा, कल्पना झा, सुधा पाण्डेय, शैलजा झा, नीलम झा, दीप्ति झा, निशा गुप्ता नयन, रिंकू गिरि रतन व कुमार संजय काव्य पाठ करेंगे। सम्मान समारोह में अतिथियों, काव्य पाठ में शामिल कवि-कवयित्रियों के साथ ही साहित्यकार डॉ एन के रॉय, गीता कुमारी गुस्ताख, अमृता शर्मा, ब्रह्मानंद गोस्वामी, गंगेश कुमार पाठक, कनक लता राय, समरेश सिंह व अनिल कुमार श्रीवास्तव को सम्मानित किया जायेगा।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी के खिलाफ शिक्षकों ने लगाया काला बिल्ला



**चाईबासा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी सिंहभूम के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिक्षक अजय कुमार महतो के साथ मारपीट, गाली गलौज करने, प्राथमिकी दर्ज कराने और उन्हें निलंबित करने को लें कर शिक्षकों का विरोध जारी है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक शिक्षक इंटर और मैट्रिक की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए काला बिल्ला लगा कर मांगीलाल रूंगटा प्लस टू विद्यालय स्थित मूल्यांकन केंद्र पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

## एडीएम की अध्यक्षता में डीएलटीसी की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में स्केल ऑफ फाइनेंस के प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय तकनीकी समिति (डीएलटीसी) की बैठक संपन्न हुई। एडीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में मजदूरी, बीज, फर्टिलाइजर, उपकरण, उपस्कर, चारा इत्यादि के मूल्य में वृद्धि के कारण कृषि उत्पादों के उत्पादन लागत में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए विभागों द्वारा संभावित लागत का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है। इसके आलोक में स्केल ऑफ फाइनेंस पर चर्चा की गई। बैठक में एडीएम ने कृषि विभाग के धान, मक्का, अरहर, गेहूं, चना, सरसों, आलू, पशुपालन विभाग के ब्लैक बंगाल नस्ल की बकरी पालन, सूकर पालन, कुक्कुट पालन 500 ब्रॉयलर, कुक्कुट पालन (400 बर्ड) लेयर, गव्य विकास विभाग के 2, 5 व 10 मवेशियों के लिए कार्यशील पूंजी ऋण, मत्स्य विभाग के बत्तख सह मत्स्य पालन, मछली पालन, मत्स्य सह मुर्गी पालन, मछली सह मुर्गी पालन, मछली सह सूअर पालन, आरएफएफ में मछली पालन तथा उद्यान विभाग के मधुमक्खी पालन के वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के प्रस्ताव की समीक्षा की। समीक्षा के बाद एडीएम ने गव्य विकास पदाधिकारी को देशी गाय व भैंस के पालन के लिए खर्च को विशेष रूप से निर्धारित करने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ देवकांत प्रसाद, मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, उद्यान पदाधिकारी जनार्दन शर्मा, सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, डीडीएम नाबार्ड रवि सोहानी, प्रगतिशील किसान अब्दुल कयूम अंसारी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



## जिले में श्रम अधीक्षक के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तरीय कंपनी में काम कर रहे श्रमिकों के लिये चलाया जा रहा अभियान

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम अधीक्षक एतवारी महतो के नेतृत्व में जिले में राष्ट्रीय स्तरीय कंपनी में काम कर रहे श्रमिकों के लिए पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में शनिवार को फ्लिपकार्ट,अमेजन आदि अन्य संस्थाओं से जुड़े कर्मियों/डिलवरी बॉय का पंजीकरण किया गया।इस संबंध में एतवारी महतो ने बताया कि 17 अप्रैल तक जिले भर में राष्ट्रीय स्तरीय कंपनी व किसी प्लेटफार्म पर काम कर रहे श्रमिकों का पंजीकरण किया जायेगा।उन्होंने बताया कि यह अभियान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।वैसे श्रमिक जो गिग व प्लेटफार्म श्रमिक की श्रेणी में आते हैं वे नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से खुद भी विभाग के लिंक https://register.eshram.gov.in के जरिये पंजीकरण करा सकते हैं।




### जाने कौन हैं गिग व प्लेटफार्म श्रमिक

श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने बताया कि वैसे श्रमिक जो किसी कंपनी में डेलीवरी बॉय,कैब ड्राइवर,रसद व गोदाम कार्यकर्ता व जो फ्रीलांस सेवा देते हैं,वे गिग व प्लेटफार्म श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं।उन्हें विभाग द्वारा अभियान चला कर ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत कराया जा रहा है।

## भारत विकास परिषद की 2025-26 की कार्यकारिणी का गठन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा, धनबाद इकाई की वर्ष 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को विधिवत रूप से की गई। परिषद के लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुसार वार्षिक चुनावों के माध्यम से यह चयन संपन्न हुआ। नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष किसन गोयल,महासचिव सुदीप चक्रबरती, कोषाध्यक्ष पवित्र तुलसीयान,नव निर्वाचित अध्यक्ष किसन गोयल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि परिषद की मूल भावना सेवा, संस्कार और समर्पण को आत्मसात करते हुए वे समाज के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, और राष्ट्रभक्ति जैसे क्षेत्रों में ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता भी जताई। यह नई कार्यकारिणी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करेगी और भारत विकास परिषद की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लेती है।शपथ ग्रहण समारोह मे मुख्य रूप से शाखा के मुख्य सलाहकार योगेंद्र तुलसीयान, प्रांतीय पदाधिकारी संजय जैन (प्रभारी संपर्क), दीपक गुप्ता अजय प्रसाद, अमित कुमार अग्रवाल एवं अन्य सदस्य गण की मौजूदगी रही।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com